CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य-[illegible]

ज.गु. श्री रामानन्दाचार्य-पीठ

सचित्र धार्मिक मासिक

कार्यालय 卐 आचार्यपीठ श्री कोशलेन्द्रमठ सरखेजरोड
पो० पालडी अहमदाबाद ३८०००७

संरक्षक 卐 शेठ श्री अमरशी कुरजी मजिठिया

सम्पादक 卐 जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी

सहसम्पादक 卐 पं. श्री शरच्चन्द्र शास्त्री

卐 म. म. स्वामी रामावतारदासजी (रत्न)

卐 स्वामी सीताराममाचार्य

प्रस्थानत्रयानन्द...भ्यार

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी के

६९२ वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजन्मोत्सवकथा

वर्ष १३ विक्रमाब्द २०४८ अङ्क १२

श्रीरामानन्दाब्द ६९२ फरवरी १९९२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठ पत्रिका का यह १३ वें वर्ष का १२ वां अङ्क है। इसमें प्रस्थानत्रयों के आनन्दभाष्कारजी के अवतार एवं विशिष्ट कर्म सूचक अगस्त्य संहिता की कथा एकसाथ आनन्दभाष्यसिंहासनासीन जगद् गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रामेश्वरानन्दाचार्यजी की प्रकाश टीका के साथ सेवामें उपस्थित हो रही है। आशा है इससे भाष्यकार या श्रीरामानन्दसम्प्रदाय सम्बन्धी भ्रम दूर हो जायगा। यह श्रीरामानन्दीयों की निधि है अतः सम्प्रदायाभिमानी को अवश्य सुरक्षित रखना चाहिये। श्रीरामानन्दसम्प्रदाय के सजग प्रहरी दर्शन केसरी श्रीवैदहीकान्त शरणजी की ५६ पृष्ठों की समीक्षा अगले अङ्कोमे प्रकाशित होंगी। विगत वर्षो की भांती तात्विक दार्शनिक संबन्धि निवन्धों का प्रवाहतो चालूही रहेगा अतः पाठकों से आग्रह है कि अंकों को सुरक्षित रखें महर्घता आदि कई कारणो से सीमित छपता है इसलिये भविष्यमें अंक प्राप्त नहीं होंगे। १३ वें वर्ष में आचार्यपीठ पत्रिका में [illegible]शित नि-वन्धों की सूची इसी में अंकवार संलग्न है इसमें धर्मप्रचा[illegible] आदिका समावेश नहीं कियागयाहै तो[illegible]पततः यह ख[illegible] आजाताहै कि आचार्यपीठने एक वर्ष [illegible] समाज की क्या सेवा[illegible] सर्वेश्वर श्रीसीतारामजी की अहैतु की कृपा की ही यह फल है इसमें सहायिका रूप से समाजकी सहानुभूति अनुस्यूत हो जा[illegible] समाज की सेवामें अनायास ही अभिवृद्धि हो सकती है। [illegible]

जगदाचार्यश्री का संक्षिप्त परिचय अंक ११ में प्रकाशित हो चुकाहै उसे इसमें प्रकाशित कथासे संलग्न कर पुस्तक [illegible]र्ण करें।

स्वामी सीतारामाचार्य
व्यवस्थापक
जगद्गुरु श्रीरामान्नदाचार्य पीठ
अहमदावाद ७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सर्वेश्वरश्रीसीतारामाभ्यां नमः

श्रीहनुमते नमः

प्रस्थानत्रयानन्दभाष्यकाराय नमो नमः

श्रीमदगस्त्यसंहितान्तर्गत

॥ श्रीरामानन्दाचार्यजन्मोत्सवकथा ॥

सिंहासने समासीनः सहितः सीतयानुजैः ।
अतसीकुसुमश्यामो रामो विजयतेऽनिशम् ॥१॥

आनन्दभाष्यसिंहासनासीन

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य रामेश्वरानन्दाचार्यजी

प्रणीत ॥ प्रकाश

श्रीमते रामचन्द्राय नमः

सीतारामसमारम्भां रामानन्दार्यमध्यमाम् ।
रामप्रपन्नगुर्वन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ॥

॥ साचेत्थम् ॥

रामः सर्वेश्वरः श्रीमान् त्रेतायां मधुमासके ।
शुक्लेजातो नवम्यायामयोध्यायामिति श्रुतिः ॥१॥
धर्मसंस्थाप्यलोकेषु निहत्यधर्मद्वेषिणम् ।
सदेहं सप्रजं यातः साकेतमिति विश्रुतिः ॥२॥
रामाभिन्नस्वरूपा श्रीस्त्रेतायां माधवे शुभे ।
शुक्लनवमीके जाता मिथिलायामिति श्रुतिः ॥३॥
आदर्शचरिता साहि श्रीरामाभिन्नरूपिणी ।
सहैव प्राविशद्रामसाकेताख्यं परात्परम् ॥४॥
हनुमानितिविख्यातस्त्रेतायां कृष्णकार्तिके ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चतुर्दश्यां समुद्भूतो रामसेवाधुरन्धरः ॥५॥
रामनामप्रभावेण नित्यपार्षदतां गतः ।
सर्वत्र वर्ततेऽद्यापि भक्तसेवासु तत्परः ॥६॥
ब्रह्मा ब्रह्मविदां श्रेष्ठः सृष्ट्यादौ विष्णुनाभितः ।
जातोऽक्षयनवम्यां हि कथेयं प्रसृता भुवि ॥७॥
प्रलयान्ते च रामस्य धाम प्राप्नोत्ययमिति ।
वेदवेदाङ्गशास्त्रेषु प्रथितमस्ति सर्वतः ॥८॥
जातः सत्ययुगे ब्रह्मलोके रामपरायणः ।
सप्तर्षिपञ्चमी तिथौ वशिष्ठो ब्रह्मवित्तमः ॥९॥
ब्रह्मणो मानसः पुत्रोवशिष्ठोधर्मरक्षकः ।
तिरोभावं तु तस्येह प्रलयकालविश्रुतः ॥१०॥
आश्विनशुक्लत्रेतायाः पूर्णमासीतिविश्रुता ।
पराशरार्यवर्यस्य जनितिथिरि[illegible]ोच्यते ॥१[illegible]
रामब्रह्मविदे चाथ विपुलशास्त्रकारिणे ।
तिरोभावं च ब्रह्मर्षेप्रलयकालविश्रुतः ॥१२॥
व्यासो ब्रह्मविदां श्रेष्ठस्त्रेतायुगसमुद्भवः ।
आषाढशुक्लपक्षस्य पूर्णिमायामिति श्रुतिः ॥१३॥
ब्रह्मसूत्रविधाता च रामब्रह्मेति वाचकः ।
गुरुपूर्णिमायां तिथौ तिरोधानं गतः सुधीः ॥१४॥
शुकोव्यासस्तुतोधीमान् द्वापरस्य युगे किल ।
श्रावणस्य शुक्लपक्षे पूर्णिमायामजायत ॥१५॥
रामतत्त्वविदां श्रेष्ठो रामतत्त्वप्रचारकः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तिरोभावं तु तस्येह चिरजीवीतिविश्रुतिः ॥१६॥
निधिषट्बाणपूर्वाब्दे विक्रमादित्यभूपतेः ।
पौषकृष्णस्य द्वादश्यां सञ्जातः पुरुषोत्तमः ॥१७॥
खनेत्ररामपूर्वाब्दे विक्रमाब्दस्य पौषके ।
कृष्णपक्षस्य द्वादश्यां बोधायनोऽप्यगाद्दिवम् ॥१८॥
निध्यष्टवेदपूर्वाब्देविक्रमनृपतेः शुभे ।
माघकृष्णैकादश्यां हि जातो गङ्गाधरः सुधीः ॥१९॥
नवाष्टनेत्रपूर्वाब्दे विक्रमे पञ्चमी तिथौ ।
माघशुक्ले ऽप्यगाद्धाम श्रीगङ्गाधरदेशिकः ॥२०॥
माघस्यशुक्लपञ्चम्यामश्वरामाग्निपूर्वके ।
विक्रमे श्रीसदानन्दाचार्यो भुवि व्यजायत ॥२१॥
रामतत्त्वविदां श्रेष्ठः सदानन्दार्यधर्मराट् ।
खाष्टपूर्वेविक्रमेऽगाद वसंन्तपञ्चमी तिथौ ॥२२॥
षट्त्रिंशद्विक्रमपूर्वे रामेश्वरार्यतत्त्ववित् ।
माधवस्य तृतीयायां शुक्ले जात इति श्रुतिः ॥२३॥
शुक्लस्यैकादशीप्राप्ते षड्रामपक्षविक्रमे ।
ज्येष्ठे ऽप्यगात्साकेतकं रामेश्वरार्यधर्मवित् ॥२४॥
फाल्गुनस्य पूर्णिमायां द्वारानन्दार्यतत्त्ववित् ।
षडङ्कब्रह्मसन्नब्दे विक्रमे समजायत ॥२५॥
आषाढशुक्लपक्षस्य तृतीयायां तिथौ दिवम् ।
प्राविशद्विक्रमाब्दस्य षडश्वरामसंमिते ॥२६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दशम्यां शुक्लपक्षस्य देवानन्दार्य वृत्तिकृत् ।
षन्नेत्ररामवैशाखे प्रयागे जातो विक्रमे ॥२७॥
षन्नेत्रबाणमाघस्य पूर्णिमायां हि विक्रमे ।
साकेतं गतवान् प्रातर्देवानन्दार्यब्रह्मवित् ॥२८॥
रसाष्टवेदाषाढस्य शुक्ले विक्रमवत्सरे ।
आविरभूद्द्वितीयायां श्रीश्यामानन्ददेशिकः ॥२९॥
आषाढ शुक्लपक्षस्य द्वितीयायां तिथौ किल ।
विक्रमे षडष्टरसे श्यामानन्दो व्यगाद्दिवम् ॥३०॥
श्रावणशुक्लसप्तम्यां षड्रामरस विक्रमे ।
श्रुतानन्दार्यसञ्जातो रामतत्त्वविदांवरः ॥३१॥
षड्रामाष्टयुते शुक्ले विक्रमे सप्तमी तिथौ ।
श्रुतानन्दो व्यगाद्धाम श्रावणे सर्वशास्त्रकृत् ॥३२॥
रसवेदाश्वचैत्रस्य पूर्णिमायां तिथौ शुभे ।
श्रीचिदानन्दःसञ्जातो विक्रमे रामतत्त्ववित् ॥३३॥
आश्विनशुक्लद्वादश्यां रसनवाष्टविक्रमे ।
साकेतमगमत्प्रातः श्रीचिदानन्ददेशिकः ॥३४॥
वैशाखकृष्णपक्षस्य त्रयोदश्यां हि विक्रमे ।
षड्रसाष्टयुते जातः पूर्णानन्दार्यतत्त्ववित् ॥३५॥
अश्वरसखब्रह्माब्दे विक्रमेपूर्णिमातिथौ ।
पूर्णानन्दार्यो व्यगमद्वैशाखेरामसन्निधिम् ॥३६॥
रसनेत्रखचन्द्राब्दे शुक्ले श्रीनवमीतिथौ ।
श्रियानन्दार्यः सञ्जातो वैशाखेविक्रमे शुभे ॥३७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मधुशुक्ले नवम्यां श्री श्रियानन्दार्यतत्त्ववित् ।
रसखनेत्रब्रह्माब्दे साकेतमगमन्मुदा ॥३८॥
आषाढशुक्लैकादश्यां हर्यानन्दार्यभाष्यकृत् ।
षड्बाणचन्द्रब्रह्माब्दे विक्रमे समजायत ॥३९॥
माघवे शुक्लद्वादश्यां हर्यानन्दार्यतत्त्ववित् ।
षड्बाणरामब्रह्माब्दे विक्रमे व्यगमद्दिवम् ॥४०॥
रसखनेत्रब्रह्माब्दे राघवानन्ददेशिकः ।
एकादश्यां तिथौ शुक्ले चैत्रे जातोहि विक्रमे ॥४१॥
एकादश्यां तिथौ शुक्ले वैशाखे विक्रमे शुभे ।
षन्नवरामब्रह्माब्दे राघवो व्यगमद्दिवम् ॥४२॥
श्रीमद्विक्रमवत्सरेरसकपञ्चत्रीन्दुसंख्यान्विते
सच्छ्रीवैष्णवधर्मशुद्धविमलं वेदादिसंवर्णितम् ।
ज्ञात्वाक्षीणमुपागतमसितके रामः स्वयं माघके
सप्तम्यां समवातरत् क्षितितले देवादिसंप्रार्थितः ॥४३॥
श्रीमद्विक्रमवत्सरेऽक्षगुणपञ्चकेन्दुसंख्येक्षितिम्,
उज्झित्वा मधुमासके सुदिनवम्यायां तिथौ शोभने ।
धर्मं वैष्णवकं विमुक्तिफलदं संन्यस्यसम्मानवे
रामानन्दसुदेशिकेन्द्र समगात्साकेतलोकं परम् ॥४४॥
षड्स्वरामब्रह्माब्दे वैशाखस्य सितेतरे ।
श्रीभावानन्दः षष्ठ्यां हि विक्रमे समजायत ॥४५॥
ग्रहाग्निबाणचन्द्राब्दे ज्येष्ठस्य पूर्णिमातिथौ ।
साकेतमगमद्धीमान् भावानन्दार्यो विक्रमे ॥४६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रामखबाणब्रह्माब्दे वसन्तपञ्चमीतिथौ ।
विक्रमेऽवातरद्धीमाननुभवार्यदेशिकः ॥४७॥
रुद्रषट्चन्द्रसन्नब्दे श्रीरामनवमीतिथौ ।
अनुभवार्यः समगात्साकेतपदवीं शुभाम् ॥४८॥
खबाणपञ्चचन्द्राब्दे श्रावणशुक्लविक्रमे ।
नवम्यां विरजानन्दाचार्यः सुधीरजायत ॥४९॥
बाणसप्ताश्वब्रह्माब्दे श्रावणशुक्लविक्रमे ।
नवम्यामगमद्धाम विरजानन्ददेशिकः ॥५०॥
बाणषट्पञ्चब्रह्माब्दे द्वादशीशुक्लकार्तिके ।
आशारामार्यः सञ्जातोविक्रमे ब्रह्मवित्तमः ॥५१॥
वसुषडश्वचन्द्राब्दे द्वादशीशुक्लकार्तिके ।
साकेतमगमदाशारामाचार्यो हि विक्रमे ॥५२॥
रामाग्निसप्तचंद्राब्दे वैशाखपूर्णिमातिथौ ।
रामभद्रार्यः सञ्जातोविक्रमे शास्त्रवित्तमः ॥५३॥
नववसुसप्तचद्रविक्रमे पूर्णिमातिथौ ।
रामभद्रार्योमाघस्य साकेतमगमत्सुधीः ॥५४॥
सप्तबाणाश्वब्रह्मान्दस्यामायां श्रावणे शुभे ।
रघुनाथार्यः सञ्जातोविक्रमे तत्त्ववित्तमः ॥५५॥
अश्वखवसुब्रह्माब्दे श्रीऋषिपञ्चमीतिथौ ।
विक्रमे व्यजहाद्देहं श्रीरघुनाथदेशिकः ॥५६॥
सप्ताश्वसप्तचन्द्रेऽब्दे विक्रमे ब्रह्मवित्तमः ।
चैत्रकृष्णतृतीयायां जातोविश्वम्भरः सुधीः ॥५७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सप्तकर्णाष्टब्रह्माऽब्दे विक्रमे दशमीतिथौ ।
विश्वम्भरार्योऽयजहाज्ज्येष्ठशुक्ले तनुं मुदा ॥५८॥
सप्तखवसुचन्द्राऽब्दे मधुशुक्ले हि विक्रमे ।
पञ्चम्यां समभूत्प्रातर्राघवेन्द्रार्यब्रह्मवित् ॥५९॥
वस्वग्निवसुब्रह्माब्देविक्रमे नवमीतिथौ ।
वैशाखस्य सिते पक्षे राघवेन्द्रोऽयगाद्दिवम् ॥६०॥
रुद्राष्टब्रह्मभाद्रस्यकृष्णाष्टमीतिथौ शुभे ।
वैदेहीवल्लभाचार्यो विक्रमे समजायत ॥६१॥
ब्रह्माश्ववसुचन्द्राब्दे सौम्यमायां हि विक्रमे ।
साकेतमगमद्वाग्मी वैदेहीवल्लभाभिधः ॥६२॥
बाणकालवसुब्रह्मरथसप्तमी विक्रमे ।
वैष्णवधर्मसंगोप्ताकोसलेन्द्रो व्यजायत ॥६३॥
बाणवस्वष्टब्रह्माब्दस्याक्षयतृतीया तिथौ ।
कोसलेन्द्रार्योऽयगमत्साकेतं विक्रमे शुभे ॥६४॥
इन्दुपञ्चवसुब्रह्मानन्तचतुर्दशी तिथौ ।
विक्रमे रामकिशोराचार्योऽभूद्ब्रह्मविद्वरः ॥६५॥
रुद्रनिध्येकभाद्रस्य कृष्णचतुर्दशीतिथौ ।
साकेतं रामकिशोराचार्येऽगाद्धि से शुभे ॥६६॥
चन्द्रबाणाष्टब्रह्माब्दे सप्तमी माघकृष्णके ।
श्रीजानकीनिवासार्यो विक्रमे समजायत ॥६७॥
बाणचन्द्रनवब्रह्मश्रावणशुक्ल सप्तमी ।
तिथौ जानकीनिवासः साकेतं गतोविक्रमे ॥६८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अश्वषड्वसुब्रह्मेऽब्दे प्रतिपन्मधुशुक्लके ।
श्रीसाकेतनिवासार्यो जातो विक्रमवत्सरे ॥६९॥
बाणाग्निनवचन्द्राऽब्दे चतुर्थी ज्येष्ठशुक्लके ।
साकेतमगमद्धाम साकेतार्योहि विक्रमे ॥७०॥
बाणाश्ववसुचन्द्रेऽब्दे श्रीनागपञ्चमी तिथौ ।
वैक्रमेहि समुद्भूतो जानकीजीवनाभिधः ॥७१॥
पक्षस्वनवचन्द्रेऽब्दे श्रावणकृष्णनेत्रके ।
वैक्रमेसमगाद्धाम जानकीजीवनार्यकः ॥७२॥
वस्वाश्रमभुजङ्गेन्दौ भरताग्रजदेशिकः ।
विक्रमे माघमासस्य ह्यमायां समजायत ॥७३॥
वह्निनेत्राङ्कब्रह्माब्दे माघवे सितपक्षके ।
द्वितीयायां विक्रमाब्दे भरतः समगाद्दिवम् ॥७४॥
अश्वखग्रहब्रह्माब्दे माघवे तृतीया तिथौ ।
जातोहनुमदाचार्यः शुक्ले विक्रमवत्सरे ॥७५॥
वस्वश्वग्रहब्रह्माब्दे शुक्लैकादशीकार्तिके ।
साकेतमगमत्प्रातर्हनुमदार्य विक्रमे शुभे ॥७६॥
रामाब्धिनिधीन्दुतिथौ दशम्यं वैक्रमे शुभे ।
आश्विनस्य सिते पक्षे जातोरघुवरः सुधीः ॥७७॥
अश्वखेशुन्यनेत्राब्दे वैक्रमे पञ्चमीतिथौ ।
माघस्यसितपक्षे वै गतो रघुवरोवरः ॥७८॥
वेदवेदनिधिचन्द्रे विक्रमे नवमीतिथौ ।
चैत्रशुक्ले हि श्रीरामप्रपन्नसमवातरत् ॥७९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रामप्रपन्नयोगीन्द्रः कृष्णजन्मापेरदिने ।
साकेतमगमत्प्रातः षट्वेदयुतविंशके ॥८०॥
वस्वष्टग्रहब्रह्माब्दे श्रीमद्विक्रमत्वसरे ।
अक्षय्यतृतीयायां वै जातोरामेश्वरः सुधीः ॥८१॥
लेखकोऽस्य प्रकाशस्य टीकायाःशास्त्रवित्तमः ।
अनेकग्रन्थसद्रत्नवेदान्तानां प्रकाशकः ॥८२॥
समासीनो हि स्वानन्दभाष्यसिंहासने शुभे ।
त्रिदण्डमण्डितकरो ज्ञानमुद्राविभुषितः ॥८३॥
अनेकसन्तसच्छिश्यपरिकरनिसेवितः ।
स्वाध्यायनिरतोधीर उपदेशपरायणः ॥८४॥
लेखकोऽनन्तटीकानां वादग्रन्थादीनां तथा ।
भाष्याणाच्चैवमूलानां पूर्वाचार्याविरोधीनाम् ॥८५॥
आचार्यकृतभाष्याणामानन्दानाञ्चे सर्वथा ।
समुद्धारकरश्चायं प्रकाशटीकया मुदा ॥८६॥
सर्वेषाच्चैवदिव्यानामाचार्याणां मुदान्वितः ।
सास्टाङ्गं प्रणमन् भूमो प्रकाशं वितनोम्यहम् ॥८७॥

जगदाचार्यजीका अवतार वर्णन परक इस संहिताके५ अध्याय हैं । प्रथभ में ३५ श्लोक हैं जिसमें श्रीविष्णु (श्रीरामजी) भगवान् एवं श्रीनारदजी के संवाद रूप में आचार्यश्रीका अवतार की भुमिका का वर्णन है । द्वितीयमें ६४ श्लोक हैं जिसमें सशिष्य-आचार्यजी के आवतार का वर्णन है । तृतीय में २७ श्लोक है जिसमें यन्त्रमें सपरिकर आचार्यश्री के पूजाविधान वर्णित है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वाश्रमे संश्रितं शिष्यैः प्रातर्हुतहुताशनम् ।
बोधयन्त परं तत्त्वं तमगस्त्यं महामुनिम् ।२।
कृतक्षणः सुतीक्ष्णस्तमुपागम्य कृताञ्जलिः ।
पश्यन्वनानिरम्याणि विचरंश्च महामुनिः ।३।
भाविनो नृन् कलौ बुध्वाविषयासक्तचेतसः ।
अज्ञानाल्पायुषः श्रीमच्छ्रीशांघ्रिविमुखान्भुवि ।४।
संसारार्णवसंमग्नान् कृपालुमुनिसत्तमः ।
उद्धर्तुंकामस्तांस्तस्मात् पृष्ठवान् श्रेय उत्तमम् ।५।

चतुर्थ में १९ श्लोक हैं जिस में आचार्यश्री का दिग्विजय वर्णन हैं । पाचवेंमें २२ श्लोक है जिस में आचार्यजी के अष्टोत्तरशतनाम महात्म्यका वर्णन है ।

"रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले"

इस वैश्वानर आगम वचन से प्रमाणीभूत जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजीके अवतार एवं कर्म के विशिष्ट तत्त्व को प्रकाशन परक इस अगस्त्य संहिताके भविष्य खण्डका अवतरण मुनीश्वर श्रीसुतीक्ष्ण एवं श्रीरामतत्त्वरसरसिक ब्रह्मर्षि श्रीअगस्त्यजीके सम्बाद के रूप में हुआ है जिसका स्वेष्टदेव के सर्वोत्कर्षत्वेन विजय वर्णनात्मक मंगलाचरण श्लोक है—सिंहासने—इत्यदि । अतसी यानी तीसी के पुष्प के समान श्याम वर्ण वाले अपने से अभिन्न स्वरूपा श्रीसीताजीके साथ दिव्यसिंहासन में विराजमान एवं अनुज श्रीभरतजी श्रीलक्ष्मणजी श्रीशत्रुघ्नजी तथा श्रीहनुमानजीसे सदा सेवित सर्वेश्वर श्रीरामजी सर्वदा सर्वोत्कर्षरूपसे विजय प्राप्त करें अर्थात् सभी परिकरोंसे सेवित दिव्य सिंहासनासीन श्रीरामचन्द्रजीको सादरदण्डवत् प्रणाम करता हूं ।१।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

卐 सुतीक्ष्णउवाच 卐

भगवन् ? मुनिशार्दूल ! सर्वज्ञ ? कलशोद्भव ?
नृणां श्रेयसि मूढानां श्रेयश्चिन्तय सुव्रत ? ।६।

संसाररूप समुद्रमें भटकते हुये जीवोंको देख परमकृपालु श्रीरामजीके साधन परायण मुनिजनोंमें श्रेष्ठ महामुनि श्री-सुतीक्षणजी विषयों में सदाआसक्त मनवाले अज्ञानी एवं अल्प आयुवाले तथा सर्वैश्वर्यशाली सर्वेश्वरी श्रीसीताजी के आराध्य सर्वेश्वर श्रीरामजी के श्रीचरणकमलोंसे विमुख होनेसे संसार समुद्र में निमज्जनशील कलिकाल में होने वाले जीवों को अनुभव कर उन जीवों के उद्धार की कामनासे दैवीप्रेणासे सुन्दर अवसरका अनुभव करके रमणीय वन प्रदेशमें विचरण करते हुये सुन्दर छ[illegible]ो देखते हुये श्रीरामजीके अनन्य उपासक अपने गुरुदेव श्रीअगस्त्यमुनिजीके आश्रमकी और प्रस्थित हुये, जहां प्रातः कालिक हवनको सम्पन्नकर स्वाध्याय में अनेक सा-धक शिष्यों के साथ आश्रम के प्रांगण में विराजमान होकर महामुनि श्रीअगस्त्यजी परतत्व– श्रीरामतत्त्व का उपदेश कर रहें थे, उन महर्षि अगस्त्यजीके समक्ष उपस्थित होकर आदर के साथ दण्डवत् प्रणामकर हाथ जोडकर विनय पूर्वक सभी जीवों के हेतु उत्तम श्रेयकारक प्रश्नपूछे ॥२से५॥

हे षडैश्वर्यशाली मुनिओं में श्रेष्ठ सर्वज्ञ कलश से उत्प न्न श्रीअगस्त्यजी ? हे श्रेष्ठव्रत वाले गुरुदेव ? आप अपने उद्धार विषयक विचार के समान ही अपने श्रेय में मूढ-अ-ज्ञानी जीवों के कल्याण के लिये भी चिन्तन विचार करें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उपायं वद निश्चित्य तेषां श्रेयो यथा भवेत्
परोपकारनिरताः साधवो हि कृपालवः ।७।

अगस्त्यउवाच

कुम्भजोऽथनिशम्येत्थं वाचं मुनिसमीरिताम् ।
अल्पाक्षरमनल्पार्थां धर्मसंप्रश्नभूषिताम् ।८।
प्रसन्नवदनाम्भोजः प्रशस्य मुनिपुङ्गवः ।
तं प्रत्युवाच संप्रीतो वाचं हृदयहर्षणीम् ।९।

क्योंकि आप श्रेय कार्य में तत्पर हैं अतः सभी का कल्थाण करने में समर्थ हैं ॥६॥

हे मुनिश्रेष्ठ ! अपने कल्याण को भी नहीं समझने वाले उनमूढ जीवों का जिस प्रकार कल्याण हो वैसा सर्वजान सुलभ उपाय को विचार करके कहें क्योंकि आप के जैसे परोपकार में सदा तत्पर रहने वाले कृपालु एवं साधु जन ही दूसरे का कल्याण कर कसते हैं अन्य नहीं ॥७॥

मुनीश्वर श्रीसुतीक्ष्मजी की पूर्वोक्त प्रकार की अल्प अक्षर एवं अतिविस्तृत अर्थ वाली तथा परोपकारमय धर्म सम्बन्धी प्रश्न से विभूषित विनम्म्रवाणी को सुन कर अति प्रसन्न मुखरूप कमल वाले मुनियों में अति श्रेष्ठ कुम्भज श्रीअगस्त्य मुनिजी प्रसन्न हो कर मुनि श्रीसुतीक्ष्मजी की प्रशंसा करके सर्वजनोपकारी मनोहारी वाणी श्रीसुतीक्षणजी को लक्ष्य करके श्रीसनकादिक कुमारों से सुना इतिहास सुनाने के लिये बोले ॥८–९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रूयतामितिहासोऽयं कुमारेभ्यो मया श्रुतः ।
मुनिवर्योमहाभागो जगतामुपकारकः ॥१०॥
हिरण्यगर्भसम्भूतो मतिमान् वाग्विदां वरः ।
सर्वलोकजनान् दृष्ट्वा विमूढान् विमुखाञ्छ्रुतेः ॥११॥
चिन्तयन् वत तच्छ्रेयोदिव्यं धाम जगाम सः ।
कृपालुरच्युतस्याद्यं सिद्धिभिः सिद्धभूषणम् ॥१२॥
तत्र सिंहासनं दिव्यमध्यासीनं जगत्प्रभुम् ।
निजैर्वरायुधैः सर्वैर्मूर्त्तिमद्भिरुपासितम् ॥१३॥

महर्षि श्रीअगस्यजी कहते हैं—हे परोपकार परायण सुतीक्षणजी ! सावधानतया पावन प्रसंग को सुनें श्रीसनक सनातन सनन्दन एवं सनत्कुरों केश्रीमुखसे मैंने जो इतिहास सुना है उसी पवित्र प्रसंग को सुनें—ब्रह्माजी के मानस पुत्र संसार का उपकार करनेवाले विद्वानों में अतिश्रेष्ठ परम कृपालु श्रीनारद जी वेद यानी सनातन श्रीवैष्णव धर्म से विमुख एवं अतिमूढ अपने कर्तव्य से रहित सभी जीवों को देखकर उनके कल्याण यानी उद्धार के विचार से अणिमा आदि सिद्धियों से सदा भूषित अनेक सिद्ध पुरुषों से सर्वदा सेवित अपने स्थान से कभी भी विचलित नहीं होने वाले सर्वेश्वर श्रीरामचन्द्रजी की दिव्यधाम श्रीअयोध्याजी में गये ॥१०-११-१२॥

उस अविचल दिव्य धाम श्रीसाकेत में श्रीनारद जी ने मूर्मिमान् अर्थात् दिव्य आकृति धारण किये हुये सभी दिव्य एवं श्रेष्ठ आयुधों-धनुष वाण आदि से सेवित तथा अतिमूल्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पार्षदप्रवरैः कृत्स्नैर्महार्हाऽम्बरभूषणैः ।
पद्मपत्रविशालाक्षं पद्मया पद्मनेत्रया ।१४।
उपविष्टं जगद्धेतुं नारदोऽपश्यदच्युतम् ।
दिव्याम्बरधरं देवं दिव्यभूषणभूषितम् ।१५।
प्रणतस्तं प्रतुष्टाव हृष्टात्मा जगदीश्वरम् ।
जगद्योनिरयोनिस्त्वंव्यक्तोऽव्यक्ततरोविभुः ।१६।

वान् वस्त्र एवं आभूषण वाले पार्षदों श्रेष्ठ श्रीहनुमानजी श्री-अंगदजी प्रभृति से सादर अतिविनम्र भाव से सेवित, दिव्य वस्त्रों को धारण किये हुये तथा दिव्य भूषणों से विभूषित एवं अतिप्रकाशमान तथा अपने धाम से अन्यत्र कभी नहीं जाने वाले-'अयोध्या क्वापि संत्यज्य पादमेकं न गच्छति' ऐसा आगम वचन है, कमल के समान नेत्र वाली अपने से अभि-न्नरूपा श्रीसीताजी के साथ विराजमान एवं स्वयं भी कमल के सदृश मनोहर नेत्र वाले संसार के कारण स्वरूप एवं जगत के आधारभूत स्वामी सर्वेश श्रीरामजी को दिव्य सिंहासन पर विराजे हुये अवलोकन किये ॥१३-१४-१५॥

सर्वेश्वर श्रीरामजी की दिव्य झांकी होने के वाद अति प्रसन्न चित्त वाले श्रीनारदजी ने अति नम्रता के साथ श्रीरामजी को नमन कर जगदीश्वर- सारे संसार के एकमात्र आराध्य श्रीराघवजी की स्तुति की—सर्वेश श्रीरामजी ! आप जगत के कारण हैं सर्वकारण रूप होने से आप का कोई भी कारण नहीं है यानी आप से सव चराचर जगत लोक परलोक सभी उत्पन्न होते हैं पर आप किसी से भी उत्पन्न नहीं होते हैं । आप विभु सर्वव्यापक है एवं व्यक्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर्त्रे विश्वस्य संभर्त्रे संहर्त्रे ते नमोनमः ।
आदिमध्यान्तहीनाय प्रभवे परमात्मने ।१७।
नमस्ते विश्वरूपाय नमस्ते विश्वबन्धवे ।
विश्वंभर ! नमस्तेऽस्तु विश्वनाथ ? कृपाम्बुधे।१८।
संसारेऽस्मिन् महाघोरे पापाभिरतचेतसाम् ।
जन्तूनां का गतिर्देव ? कर्मणा भ्रमतामिह ।१९।

स्थूल कार्य रूप संसार स्वरूप में हैं तो अव्यक्त-सूक्ष्म कारण रूप में भी आप ही हैं यानी सूक्ष्म चित् चेतन जीवात्मा वर्ग एवं अचित् जड प्रकृति वर्ग एवं स्थूल चित् जीववर्ग और स्थूल अचित् प्रकृति वर्ग भी आप ही हैं आप से अतिरिक्त कुछ भी नहीं है अतः इस विश्व के अभिन्न निमित्तोपादान कारणरूप श्रीरामजी ? आपको मैं सादर नमस्कार करता हूं ।१६।

हे सर्वेश्वर ! आप विश्व का सृजन करने वाले पालन करने वाले एवं संहार करने वाले हैं ऐसे संसार के सृष्टि स्थिति एवं अन्त करने वाले ब्रह्मा विष्णु तथा महेश रूप सर्वे सर्वा आप को वार वार नमस्कार है। आदि मध्य एवं अन्त रहित सर्वे समर्थ तथा सभी के अन्तरात्मा स्वरूप आप को नमस्कार है। समस्त जड चेतात्मक विश्व स्वरूप आप को वार वार नमस्कार है। सारे संसार के कल्याणकारक परम वन्धुरूप आप को नमस्कार है। हे विश्व का भरण करने वाले श्रीरामजी ? हे बिश्वनाथ ? हे कृपा के समुद्र श्रीरामचन्द्रजी आप को वार वार सादर नमस्कार है ।।१७-१८।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मुक्तिस्तेषां कथं श्रीश ! भवेद्धर्मे कथं रतिः ।
कृपाकूपार ! भगवञ्जन्तूनुद्धर माधव ! ।२०।
श्रुतिस्मृत्युदिता धर्माः क्लेशसाध्या नृभिः सदा ।
अतस्त्वं सुकरोपायं वद त्वद्भक्तिवर्धनम् ।२१।
सर्वबन्धविनाशाय मुक्तये प्राणिनां प्रभो ! ।
प्रवक्ता त्वं हि धर्माणामविता जगतामपि ।२२।

हे देव ! इस महा भयानक संसार में अपने कर्म फलानुरूप भ्रमण करने वाले एवं सदा पाप में ही चित्त देने वाले जन्तु-जीवात्माओं की क्या गति होगी ? ॥१९॥

हे श्रीश-श्रीसीतापति श्रीरामजी ! सदा संसार में भ्रमण शील जीवों की मुक्ति कैसे होगी एवं सनातन धर्म में रति प्रेम कैसे होगी । हे भगवन् षडैश्वर्य शाली श्रीरामजी ! कृपा के समुद्र श्रीरामचन्द्रजी ! हे माधव-सर्व जीव रमण शील शरणागत वत्सल श्रीरामचन्द्रजी उन दीन हीन जीवों का उद्धार करें ॥२०॥

श्रीरामजी ! सायुज्यमुक्ति के साधन श्रुति एवं स्मृति में वर्णित धर्म मनुष्यों से अतिक्लेश—कष्ट से साध्य हैं ऐसा साधक लोग सदा से अनुभव करते आये हैं अतः आप की भक्ति को बढाने वाला अति सरल उपाय को आप बतावें जिससे कलियुगी जीवगण भी सरलतया आप को प्राप्त कर सकें ॥२१॥

हे प्रभो ! सर्वसमर्थ श्रीरामजी ! साधक प्राणि वर्ग के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इत्थमाकर्ण्य भगवान् वाचं मुनिसमीरिताम् ।
तं प्रत्युवाच संप्रीतः शुचिस्मितमुखाम्बुजः ।२३।
मुनिवर्य ! महाभाग ? जगतां हितकारक ? ।
मया जगद्धितायैव पुरैतदवधारितम् ।२४।

सभी कर्म बन्धनों के नाश कर शाश्वतिक मुक्ति प्राप्ति के मार्ग का उपदेशक हैं एवं अपने सनातन वैदिक धर्म के प्रवक्ता-वास्तविकरूप से उपदेश करनेवाले भी आप ही हैं और जगत की तथा संसार के सद्धर्म की रक्षा करने वाले भी आप ही हैं अतः श्रीरामभद्रजी ! कलियुग के क्लेश से क्लान्त जनों के उद्धार के लिये सरल उपाय का उपदेश करें २२

महर्षि अगस्त्यजी श्रीसुतीक्ष्णजी से कहरहे हैं हे सुतीक्ष्णजी ! पूर्वोक्त प्रकार की मुनीश्वर श्रीनारदजी की वाणी को सुनकर मन्द स्मित हास्य से जन मोहक मुख रूप कमल से शोभायमान भगवान् श्रीरामजी अतिप्रसन्नता पूर्वक उन श्रीनारदजी को कहे ।।२३।।

हे महाभाग्यशाली मुनिश्रेष्ठ श्रीनारदजी ! जगत् के हित करने वाले हे देवर्षिजी ! जिस संसार के कल्याण के लिये आप आतुर हो कर प्रार्थना कर रहे हैं उस जगत् के कल्याण के लिये ही मैंने पहले से ही निश्चय कर रखा है ।।२४।।

२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिव्ये हि भारते वर्षे तीर्थराजे सुविश्रुते ।
प्रयागे पुण्यसदने भवद्भिर्नित्यसूरिभिः ।२५।
सार्द्धमेवावतीर्याहं प्रणेष्ये मोक्षसाधनम् ।
दृढसंसारचक्रस्य शातनं भक्तिवर्द्धनम् ।२६।
सुबोधं सुकरं सर्वैर्धर्ममार्गं सुखावहम् ।
वेदवेदान्तसच्छास्त्रसारभूतं सादाश्रयम् ।२७।
तत्र तत्रावतीर्णास्तु भवन्तो वीतकल्मषाः ।
मदुक्तस्योपदेष्टारः प्राणिभ्योतत्परायणाः ।२८।
भविष्यन्ति महात्मानो जगदुद्धारहेतवः ।

मुनीश्वर ! मैं दिव्य भारतवर्ष के अत्यन्त प्रसिद्ध तीर्थराज प्रयाग में तीन प्रवर वाले वशिष्ठ गोत्रीय शुक्ल यजुर्वेदीय वाजसनेन शाखाध्यायी कान्य कुब्ज ब्राह्मण श्रीपुण्य सदनजी के घर में आप सब द्वादश महाभागवतों नित्यसूरियों के साथ अवतार लेकर के संसार रूप दृढ चक्र का नाश करने वाला सभी को सहज रूप से सुन्दर बोध कराने वाला सभी सत्पदार्थ का आश्रय एवं वेद वेदान्त स्मृति संहिता आदि सत शास्त्रों का सार भूत-सारतत्त्वरूप तथा भक्ति को बढाने वाला और सभी सुख को देने वाला मोक्ष का साधन भूत सनातन धर्ममार्ग का पुनः नवीनीकरं रूप से परिस्कार कर विस्तार करुंगा जिस का आप सबों के द्वार विश्व में प्रचार होगा ॥२५-२६-२७॥

उन उन दिव्य भूमि में अवतीर्ण होकर पापरहित

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुशीला धर्मनिरता जगतामुपकारकाः ।२९।
ये ग्रहीष्यन्ति सन्मार्गे प्राणिनो भक्तितत्परा ।
स्यादनायासतोमोक्षस्तेषामनत्र न संशयः ।३०।
वाणीपीयूषमास्वाद्य क्षणमासीद्धरेर्मुनिः ।
मग्नः सुखसुधांभोधौ विनीतो गत संशयः ।३१।
निशम्यतद्वाक्यममोघमद्भुतंहिरण्यगर्भाङ्गसमुद्भवोमुनिः।

आप सब द्वादश महाभागवत भी जीवों को मुझ से उपदिष्ट धर्म को संसार में घूम-घूम कर उपदेश करने वाले होकर एवं मत्परायण-मुझमें ही निष्ठा रखने वाले तथा जगत् के उद्धार के कारण तथा सुशील और मेरे धर्म में निरत एवं जगत के उपकारक होकर संसार में प्रसिद्ध होंगे ।२८-२९।

जो जीवात्मा भक्तितत्पर-सादर भक्ति में परायण हो कर मुझसे उपदिष्ट सत् मार्ग का पूर्ण रूप से ग्रहण करेंगे उन साधक जीवों का अनायास सरलतया मोक्ष हो जायगा इस विषय में कोई भी संशय नहीं है ।।३०।।

हे सुतीक्ष्मजी ! अतिनम्र आचरण वाले वे श्रीनारद मुनि सर्वपापों को हरण करने वाले श्रीरामजी के वाणीरूप अमृत का आस्वादन करके सर्व संशय रहित हो करके क्षण भर तो सुखरूप सुधा के समुद्र में डूबगये ।।३१।।

सर्वनियमन शील ईश्वर श्रीरामजी की अमोघ एवं परम अद्भुत दिव्य वाणी को सुनकर ब्रह्माजी के मानसपुत्र विवेकी परोपकार का आदर करने वाले एवं आनन्द प्रयुक्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रहृष्टरोमावलिभूषिताकृतिः कृतीकृतज्ञः कृतकृत्यईशितुः ३२
दृढव्रतस्याथविनम्रकन्धरः स्मरन् सुरेशस्यविभोःप्रतिश्रुतम्
प्रणम्यतं देववरं रमापतिं महाविभूतेर्निरगात्ततःसुधीः ३३
सुवादयन्दिव्ययशोऽथवल्लकींहरेःस्वरब्रह्मविभूषितानसौ।
गायंश्चलोकेविचचारसर्वतःसुरासुरेन्द्रैरभिपूजितोमुनिः ३४
मुनीश्वरे देवऋषौविनिर्गतेसुरै रपीड्यो जगतामधीश्वरः ।
रेमेरमेशोरमयास्मिताननःप्रभूतभूतैर्निजदिव्यधामनि ३५

इति श्रीमदगस्त्य संहितायां भविष्यखण्डेऽगस्त्यसुतीक्ष्ण सम्वादे श्रीरामानन्दाचार्यावतारोपक्रमे श्रीरामनारदसम्पश्नोत्तरं नामैकत्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ।१३१।

श्रीमते रामानन्दाचार्याय नमो नमः

रोमावली से विभूषित शरीर वाले मुनीश्वर श्रीनारदजी कृत कृत्य हुये ॥३२॥

दृढ़ व्रत सावधानी से नियमों के पालन करने वाले सर्वव्यापक एवं देवताओं के नियमन कर्ता सत्य सन्ध श्रीरामजी की प्रतिज्ञा का स्मरण करते हुये देवाधिदेव श्रीसीतापति श्रीरामचन्द्रजी को सादर मस्तक नमाकर प्रणाम करके महा विभूति दिव्य श्रीसाकेत धाम से विसुद्ध बुद्धि वाले श्रीनारद मुनि प्रस्थित हुये ॥३३॥

दिव्य धाम से निवृत्त होने के बाद सुरेन्द्र देवताओं एवं असुरेन्द्रों से पूजित मुनीश्वर श्रीनारदजी ब्रह्म स्वर से भूपित वीणा को अच्छी तरह से बजाते हुये श्रीहरि श्रीराम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

॥ प्रस्थानत्रयानन्दभाष्यकाराय नमो नमः ॥

व्यतीते द्वापरे पुण्ये श्रीमद्भगवतोज्झिते ।
कलौ सत्त्वहरे पुंसां प्रवृत्तेऽधर्मवर्द्धके ॥१॥
जनेऽधर्मरुचौ नित्यं शौचाचारविवर्जिते ।
मोक्ष साधनमार्गेभ्यो विमुखे पशुतां गते ॥२॥
मन्दे मन्दमतौ शश्वदल्पभाग्येऽल्पजीवने ।
तन्नत्ये पापनिरते सहत्सङ्गविवर्जिते ॥३॥

नाम के परण अद्भुत दिव्ययश को मधुर स्वर से गाते हुये सर्वत्र लोक में विचरने-घूमने लगे ॥३४॥

देवर्षि मुनीश्वर श्रीनारदजी के दिव्यधाम श्रीसाकेत से चले जाने पर तीन लोक चौदह भुवनों के ईश्वर शासक आराध्यदेव ब्रह्मा विष्णु शङ्कर आदि देवों से पूजनीय-सदा सेवित मन्द हास्य मुखरूप कमल से शोभित रमेश-श्रीसीतापतिजी अनेक नित्य पार्षद एवं श्रीसीताजी के साथ अपने दिव्य धाम श्री साकेत में रमण करने लगे ॥३५॥

महर्षि अगस्त्य सुतीक्ष्ण जी से कहरहे हैं सुतीक्ष्णजी जब पुण्यमय द्वापर युग व्यतीत हो जाएगा तब श्रीकृष्णजीके इस धरातल को त्याग देने पर एवं पुरुषों के सत्व का अपहरण करने वाले तथा अधर्म को बढाने वाले कलियुग के प्रताप का प्रवृत्त होजाने पर और नित्य ही अधर्ममें रुचि रखनेवाले एवं शौच-शुद्धता तथा आचार एवं विचार से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रवर्धमानानभितो वादैर्निर्जित्य नास्तिकान् ।
आचार्यैर्भगवद्धर्मो वेदवेदान्तपारगैः ॥४॥
स्थापितोऽपि महायो वृद्धिं नैवगमिष्यति ।
विधातुं सत्यमनघ ? सुरेड्यो निजभाषितम् ॥५॥
वीक्ष्य विष्णुःकृपासिन्धुःप्रबुद्धं तादृशं कलिम् ।
तादृशांश्चजनान् सर्वान्दुर्मतीन् क्लेशसंयुतान्॥६॥

रहित और मोक्षके साधन रूप सत् मार्गसे विमुख और सर्वदा पशुधर्म को प्राप्त एवं आलस्ययुक्त तथा मन्दबुद्धिवाले और अल्पभाग्यवाले तथैव अल्पजीवनवाले और सदा पापकर्म में तत्पर तथा महात्मा जनों के संग सत्संगति से रहित इसलोक के जीववर्गहो जायेंगे तब चारों ओर अतिप्रबलतासे [illegible]ढते हुये नास्तिकों को सत् शास्त्रों से मुक्तियों से जीतकर सभी वेद वेदान्त एवं शास्त्रों में पारंगत आचार्यों ने महान् उपायों से प्रयत्न पूर्वक संस्थापित सनातनवैदिक भगवद् धर्म चाहिये उतना वृद्धि प्राप्त नहीं कर पायेगा ॥१—२—३—४॥

इस तथ्य को अवगम करके हे निष्पाप सुतीक्ष्णजी ? इन्द्रादि देवोंसे संपूजनीय कृपा के सागर सर्वव्यापक श्रीरामजी अपनी वाणी को सत्य करने केलिये अधर्म परतया वृद्धि प्राप्त कलियुग एवं दुर्मति तथा क्लेश परायण सभी जीवोंको देखकर तथा धर्म रक्षणार्थ अवतार लेने की अपनी प्रतिज्ञा को स्मरण कर के अवतार लेने के लिये विचार करेंगे ॥५-६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मनःकर्ताऽवताराय स्मृत्वाथो स्वं प्रतिश्रुतम् ।
खंनभोवेदवेदप्रमिते वर्षे गते कलौ ॥७॥

कलियुग के चार हजार चारसौ वर्ष (४४००)यानी विक्रम सम्वत के तेरहसौ छप्पन (१३५६) व्यतीत हो जाने पर श्रीगंगा एवं यमुना के पवित्र संगमसे सुशोभित तथा देवताओं से पूजित और सभी तीर्थों में अति श्रेष्ट महान् पुण्य मय प्रयाग नाम से लोक प्रसिद्ध तीर्थराजमें वशिष्ठ गोत्रीय त्रिप्रवरान्वित शुक्ल यजुर्वेदीय ब्राह्मणोंमें श्रेष्ठ कान्यकुब्ज ब्राह्मण जो योगयुक्त एवं श्रीरामचन्द्रजीके आराधनारूप भूरिकर्म अतिउत्तम कर्म को सदा करने वाले हैं उन योगी श्रीपुण्यसदन शर्मा नामके ब्राह्मण के यहां पतिव्रता में प्रधान श्रीसुशीला नाम की श्रीशर्माजी की धर्मपत्नि होंगी उन्ही पतिव्रतादेवी के गर्भ से माघ कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि के शुभदिन में जबकि लोक धर्म प्रबर्तक श्रीसूर्य भगवान् के सात दण्ड चढे होंगे एवं सिद्धयोग युक्त चित्रानक्षत्र तथा कुम्भलग्न और सभीग्रहों के शुभ स्थान में होनेपर एवं सभी गुणों से युक्त पावन काल में तथा सभीगुणों से संयुत अति पवित्र प्रदेश प्रयाग राजमें सभी साधकों के उद्धार के कारणरूप शरणागत वत्सल महान् योगी शरण में आये सभी जीवों का रक्षक 'रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले' इस आगमशास्त्र से बोधित स्वयं सर्वेश्वर श्रीरामजी ही दीप से उत्पन्न दूसरे दीप के समान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कालिन्दी जाह्नवीसंगशोभिते देवपूजिते ।
तीर्थराजे महापुण्ये प्रयागे तीर्थ उत्तमे ॥८॥

आविर्भूत होकर 'रामानन्द' जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य नाम से जगत में विख्यात होंगे ।

आनन्दभाष्यकारजी के अवतार के विषय में श्रीमद्वाल्मीकि संहिता में लिखा है ।

"आचार्या बहवोऽभूवन् राममन्त्रप्रवर्तकाः ।
किन्तु देवि ! कलेरादौ पाखण्डप्रचुरे जने ॥
रामानन्देति भविता विष्णुधर्मप्रवर्तकः ।
यदा यदा हि धर्मोऽयं विष्णोः साकेतवासिनः ॥
कृशतामेति भो देवि ! तदा स भगवान् हरिः ।
रामानन्दयतिर्भूत्वा तीर्थराजे च पावने ॥
अवतीर्य जगन्नाथो धर्मं स्थापयते पुनः" (५-२३-२६)

अर्थात् हे देवि ! श्रीराममन्त्र के प्रवर्तक आचार्य बहुत हुये हैं किन्तु कलियुगके आदिमें पाखण्डिजनों के बहुत बढ जाने पर व्यापक श्रीरामजी के धर्म का विशेष रूप से प्रवर्तक प्रबर्धक श्रीरामानन्दाचार्यजी इस नामसे लोक प्रख्यात आचार्य होंगे, क्योंकि श्रीसाकेत निवासीजी का यह श्रीवैष्णव धर्म जब जब ह्रास को प्राप्त कर जाता है तब तब वेही जगत् के नाथ श्रीरामजी श्रीरामानन्दाचार्य नामक यतिराज के रूपमें पावन तीर्थराज प्रयाग में अवतार लेकर पुनः धर्म की स्थपना करेंगे ।

"सोऽवातरज्जगन्मध्ये जन्तूनां भयसङ्कटात् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गृहे श्रीपुण्यसदनद्विजातेर्भूरिकर्मणः ।
योगिनो योगयुक्तस्य कान्यकुब्जशिरोमणेः॥९॥
पारंकर्तुं हि धर्मात्मा रामानन्दस्स्वयं स्वभूः ॥
माघे च कृष्णसप्तम्यां चित्रानक्षत्रसंयुते ।
कुम्भलग्ने सिद्धयोगे सप्तदण्डगते रवौ ॥
रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले"

यानी जीवों को महान् संकट से पार उतारने के लिये सर्व समर्थ स्वयं सर्वेश्वर श्रीरामजी धर्मात्मा यतिराज श्रीरामानन्दाचार्यजी के रूप में पृथिवी में अवतरित हुये। चित्रा नक्षत्र से युक्त कुंभलग्न सिद्धियोग एवं सूर्य के सात दण्ड व्यतित होने पर माघमास के कृष्णपक्ष के सप्तमी तिथि में स्वयं सकल श्रीरामजीही इस भूतल में श्रीरामानन्दाचार्यजी के रूपमें प्रकट हुये' इस प्रकार वैश्वानर संहिता में लिखा है अतः जगदाचार्यश्री साक्षात् श्रीरामरूप ही हैं।

"रामानन्द" शब्द का अर्थ संक्षेपतः निम्मरूप से समझना चाहिये "राम" में 'र' कार के वाच्य श्रीरामजी हैं 'आ' कार के वाच्य श्रीसीताजी एवं 'म' कार का वाच्य जीव है अतः म कार से वाच्य जीवात्मा र कार वाच्य श्री रामजी का ही शेष भूत है अन्यों का नहीं अपनी इच्छा के अनुरूप उपयोग किये जाने वाले को शेष कहते हैं तो इस प्रकार 'रां' इस वीज के सर्वथा अनुसन्धान से आनन्द का अनुभव जिसे होता हो वह 'रामानन्द' है। या म कार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पतिसेवा परा तस्य सुशीला गृहिणी ततः ।
माघकृष्णस्य सप्तम्यां शुभधर्म प्रवर्तके ॥१०॥

वाच्य जीव र कार वाच्य श्रीरामजी एवं र कार में संश्लिष्ट आ कार वाच्य श्रीसीताजी के लिये ही है अन्यों के लिये नहीं इस प्रकार रां बीजार्थ के अनुसन्धान से आनन्दानुभव जो करता हो उसका नाम रामानन्द है क्योंकि अगस्त्य संहिता के 'रकारो रामचन्द्रः स्यात्सच्चिदानन्दविग्रहः । आकारो जानकी प्रोक्ता मकारो लक्ष्मणः स्वराट्' इस वचनानुसार र कार से श्रीरामजी आ कार से श्रीसीताजी एवं म कार से श्रीलक्ष्मणजी (जीवात्मा) बोधित होते हैं। अथवा 'रां' इस जीव के सभी परम रहस्य मय अर्थ के उपदेश से श्रीअनन्तानन्दाचार्य आदि द्वादश प्रधान शिष्य एवं अन्य शिष्यों को आनन्द प्रदान करने वाले को रामानन्द कहते हैं । या सर्वेश्वर श्रीसीतारामजी के कैंकर्य प्राप्ति से जो परमानन्द का अनुभव करे उसे रामानन्द कहते हैं। या तो सर्वेश श्रीरामजी एवं सर्वेश्वरी श्री सीताजी के अलग अलग पुरुषकारत्व शरणागतरक्षकत्व आदि आनन्द गुणों के अनुसन्धान से असीम आनन्द का अनुभव जिसे हो उसे रामानन्द कहते हैं । अथवा 'राम' में र+आ+अ+म इस स्थिति में र कार वाच्य श्रीरामजी आ कार वाच्य श्रीसीताजी अ कार संश्लिष्ट अन्य तत्त्व (प्रकृति) एवं म कार वाच्य जीवात्मा वर्ग के तत्वानुसन्धान से विशिष्ट आनन्द का अनुभव जिसे हो उसे रामानन्द

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सप्तदण्डोद्गते सूर्ये सिद्धयोगयुजिप्रभुः ।
नक्षत्रे त्वष्ट्रदैवत्ये कुम्भलग्ने शुभग्रहे ॥११॥

कहते हैं । या तो 'रां' इस उपलक्षण से बोधित रहस्यत्रय षडक्षर श्रीराममहामन्त्रराज "रां रामाय नमः" मन्त्ररत्न 'ॐ श्रीरामचन्द्रचरणौ शरणं प्रपद्ये, श्रीमते रामचान्द्राय नमः' एवं चरम मन्त्र ' ॐ सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम' के रहस्यमय विशिष्ट अर्थों के उपदेश से श्रीअनन्तानन्दाचार्यजी प्रभृति समस्त शिष्य वर्गों को विशेष आनन्द प्रदान करने वाले को रामानन्द कहते हैं । इन रहस्यत्रय मन्त्रों की सर्व शास्त्र सम्मत विस्तृत व्याख्या मैंने श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर की प्रभा-किरण संस्कृत हिन्दी टीका में की है अतः यहां विस्तार नहीं कर रहे हैं जिज्ञासु जन वहीं देखें ।

कतिपय जिज्ञासुओं ने लिखे थे कि आचार्य चरण श्री आनन्दभाष्यकारजी का अवतार—जन्म नाम क्या था ? विरक्त दीक्षा से पूर्व कोई अन्य ही नाम होगा अन्यनाम नहीं था तो विरक्त दीक्षा काल में पञ्चसंस्कारों के अवयव भूत नाम करण संस्कार कैसे सम्पन्न हुआ ? आदि, इस उपरोक्त विवरण एवं श्रीअगस्त्य संहिता तथा श्रीवैश्वानर संहिता श्रीमद्वाल्मीकि संहिता के ऊपर लिखे वाक्य और भविष्य पुराण के "...रामानन्दस्ततोऽभवत् । रामानन्दस्तु बलवान् हरिभक्तेश्च संभवः' प्रभृति वाक्यों से अतिस्फुट है कि आचार्य श्री

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एवं सर्वगुणोपेते देशे काले च माधवः ।
गुण्ये पुण्ये शरण्यः स शरणागतवत्सलः ॥१२॥
आविर्भूतो महायोगी द्वितिय इव भास्करः ।
रामानन्द इतिख्यातो लोकोद्धरण कारणः॥१३॥
अष्टमेऽब्दे चोपवीतं जातं तस्य तदाह्यसौ ।

का अवतार नाम 'रामानन्द' ही था अन्य नहीं जिसका कि सभी सत् शास्त्रमें उल्लेख है विरक्त दीक्षा काल में नाम संस्कार नाम बदलने की शास्त्र की आज्ञा भगवन्नामातिरिक्त नाम वालों का भगवत् नाम सूचक नाम रखने के लिये है। भगवत्परक जन्म नाम वाले का तन्नाम संस्मरण पूर्वक नामान्त में आचार्य, आनन्द, शरण, प्रपन्न, दास आदि शब्दों के समायोजन के द्वारा संस्कार सम्पन्न किये जाते हैं अतः श्री आनन्दभाष्यकारजी के विरक्त दीक्षा काल में जगद्गुरु श्रीराघवानन्दाचार्यजी ने जन्म नक्षत्र नाम के अन्त में 'आचार्य' एवं आदि में समस्त ऐश्वर्य तथा श्रीसम्प्रदाय का बोधक 'श्री' शब्द का आयोजन कर 'श्रीरामानन्दाचार्य इस नाम से ख्यापित किया। आशा है जिज्ञासु महानुभाव की जिज्ञासा शान्त होगई होगी, आकांक्षा शेष हो तो सूचित करें पुनः शास्त्रालोडन का प्रयत्न किया जायगा—

विक्रमे माघकृष्णस्य सप्तम्यां सयजायत ।
रसेषुरामब्रह्माब्दे रामानन्दः स्वयं प्रभुः ॥७-१३॥

श्रीरामानन्दाचार्यजा का आठवें वर्ष में यज्ञोपबीत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ब्रह्मचर्यं गृहीत्वा तु विद्याभ्यासं करिष्यति ॥१४॥
वर्षे द्वादशके जाते काश्यां गत्वा पुनः स्वयम् ।
वेदवेदाङ्गशास्त्राणि पुराणादि पठिष्यति ॥१५॥
आचार्यलक्षणैर्युक्तं वेदवेदान्तपारगम् ।

संस्कार सम्पन्न होगा अनन्तर वे अखण्ड ब्रह्मचर्य पालन व्रत का ग्रहण कर विद्याभ्यास करेंगे ॥१४॥

पुनः बारह वर्ष के हो जाने पर काशी में पञ्चगंगाघाट पर स्थित आचार्यपीठ में शास्त्रीय नियमानुसार ऋग्वेद यजुर्वेद सामवेद एवं अथर्व वेदों तथा आयुर्वेद धनुर्वेद गान्धर्वेद तथा अथर्वशास्त्र इन चार उपवेदो को भी शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त ज्योतिष एवं छन्द इन छ अंग तथा पुराण न्याय मीमांसा धर्मशास्त्र इन चार उपांगों के साथ शास्त्र अर्थात् वेदान्त उपनिषद् ब्रह्म सूत्र गीता तर्क—न्यायशास्त्र मीमांसा पूर्वमीमासा सांख्य योग धर्मशास्त्र इन छ शास्त्रों के साथ पुराण-विष्णुपुराण नारदपुराण भगवतपुराण गरुडपुराण पद्मपुराण वराहपुराण ब्रह्माण्डपुराण ब्रह्मवैवर्तपुराण मार्कण्डेयपुराण भविष्यपुराण वामनपुराण ब्रह्मपुराण मत्स्यपुराण कूर्मपुराण लिंगपुराण शिवपुराण स्कन्दपुराण तथा अग्निपुराण इन अठारह पुराणों का तथा नास्तिक दर्शन चार्वाक जैन बौद्ध दर्शनो का भी आचार्य श्री के श्रीमुख से श्रवणानन्तर स्वयं यथार्थ रूप से पढेंगे—पूर्णतः अनुशीलन करेंगे ॥१५॥

मनुस्मृति में लिखे 'उपनीयतु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीसम्प्रदायश्रेष्ठञ्च जनोद्धारपरं सदा ॥१६॥
विज्ञाय राघवानन्दं लब्ध्वा तस्मात् षडक्षरम् ।

द्विजः । साङ्गञ्च स रहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते' (२-१४०) यानी जो द्विज शिष्य का उपनयन संस्कार करके अंग एवं रहस्य के साथ वेद पढ़ाता है उसे आचार्य कहा जाता है, इत्यादि आचार्य के लक्षणों से युक्त वेद एवं वेदान्त शास्त्रों के पूर्ण ज्ञाता और सर्वदा जन-लोक के उद्धार करने में तत्पर एवं श्रीसम्प्रदाय के श्रेष्ठ-प्रधान आचार्य के रूप में आचार्यपीठासीन जगद्गुरु श्रीराघवानन्दाचार्यजी को अनुभव करके उन्ही आचार्य श्री से सविधि शास्त्रीय संस्कार पूर्वक श्रीवैष्णवीय विरक्त संन्यास दीक्षा के साथ तारक श्री राममहामन्त्र शरणागतिमन्त्र एवं चरममन्त्र इन रहस्यत्रयों को प्राप्त कर उनके वाच्यार्थ एवं वेद तथा पूर्वाचार्यरहस्य ग्रन्थ सम्मत तात्पर्यादि अर्थों को भी प्राप्त करके आचार्यों के दिव्य लक्षणों से परिलक्षित होंगे । आनन्दभाष्यकारजी स्वप्रसादित श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर के मुक्ति साधन निरूपण प्रसंग में आचार्य के लक्षण निम्न रूप से लिखे है-

यतेन्द्रियः शुचिः शुद्धवेशधृक् सुकुलोद्भवः ।
सदाचारपरो नम्रः शास्त्रज्ञो देशनापटुः ॥
विरक्त धर्मनिरतो ध्यानाभ्यासी सुबुद्धिमान् ।
निग्रहेऽनुग्रहे चैव समर्थो देशिको मतः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रहस्यत्रयवाक्यार्थं तात्पर्यार्थं च सन्मतम् ॥१७॥
आचार्यलक्षणैर्दिव्यैर्लक्षितो वै भविष्यति ।

हीनाङ्गो ह्यधिकाङ्गश्चकपटी कृष्णदन्तवान् ।
नेत्ररोगी च कुष्टी च वावदुकश्च वामनः ॥
व्यसनीवहुनिद्रश्च कुनखो बहुभोजनः ।
नेदृशो देशिकोयोग्योमुमुक्षोर्भुक्तिसाधने'(४।३-६)

यानी जो बाह्य एवं आन्तर इन्द्रिय पर जय प्राप्त किया हो शरीरादि से पवित्र हो शुद्ध सादावेश अर्थात् श्री वैष्णव सन्तों के हेतु विहीत उचित वेश का धारण करता हो ब्राह्मणादिक विशिष्ट कुल में समुत्पन्न हो सन्तों के आचार विचार में तत्पर हो विनम्र हो नतु उद्धत सांगवेदादि शास्त्रों का [illegible] ला हो और देशना—उपदेश देने में चतुर हो अर्थात् व्याख्यान देने में निपुण हो, विरक्त धर्म यानी श्री वैष्णवीय समस्त पूर्वाचार्य प्रवर्तित श्रीवैष्णव मत का पालन करने में सर्वदा संलग्न हो और ध्यानाभ्यासी हो न तु विरक्त [illegible]श विरोधि कार्य में निरत हो वेदाभ्यास करने वाला हो बुद्धिमान् एवं देशकाल को समझ कर कार्य करने वाला हो और निग्रह तथा अनुग्रह करने में सामर्थ्य वाला हो ऐसे लक्षण सम्पन्न व्यक्ति को आचार्य बनाना चाहिये पर जो अंग विकल हो तथा अधिक अंग वाला हो कपट माया करने वाला मायावी हो एवं निरर्थक अधिक बोलने वाला हो वामन हो गांजा बीडी आदि व्यसन वाला हो अधिक सोने वाला हो खरावनख वाला हो एवं अधिक भोजन करने वाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रवक्ता सर्वधर्माणा मनुष्ठाता च कर्मणाम्॥१८॥
रक्षिता धर्मसेतुनामुपदेष्टा महायशाः ।
शश्वद्वैष्णवधर्माणां महाकीर्तिरुदारधीः ॥१९॥
प्रसन्नवदाम्भोजो विशालाक्षो महाभुजः ।
कृपालुस्सर्वजीवानामितरेषां च नित्यशः ॥२०॥
संसाराम्भो निध्धेर्घोरात्समुद्धारपरायणः ।

हो ऐसा आचार्य मुक्ति की इच्छा वाले साधकों को योग्य नहीं होता है क्योंकि स्वयं व्यसनी व खोट वाला साधकों को निर्व्यसनी बनाकर मुक्ति दिलाने में समर्थ नहीं होता है ॥१६—१७॥

वे जगदाचार्य श्रीरामानन्दाचार्यजी सभी धर्मों के व्याख्याता—सांगोपांग रूप से उपदेश करने वाले ...वत् आराधनादि सभी कर्मों के अनुष्ठान करने वाले और वैदिक धर्म के मर्यादा की रक्षा करने वाले तथा श्रीवैष्णव धर्म का सर्वदा उपदेश करने वाले यश एवं महाकीर्ति वाले और अतिउदार बुद्धि वाले होंगे ॥१८-१९॥

एवं वे सदा प्रसन्न मुखारन्विद वाले विशाल नेत्र एवं महान् भुजावाले तथा परम कृपालु होंगे और सभी नीचा ऊंचा वर्ण में उत्पन्न जीवात्मा वर्ग तथा अन्य योनी में उत्पन्न जीव वर्गों के भयानक संसाररूप समुन्द्र से समुद्धार के लिये सर्वदा तत्पर रहने वाले तथा अंगो के सहित वेद एवं वेदान्त के अभ्यास में स्वयं तत्पर रहकर शिष्य वर्गों को भी सर्वदा तत्पर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वेद वेदान्तनिरतस्सर्वशास्त्र विशारदः ॥२१॥
कामान् पुरयिता नृणां कविः कल्पद्रुमो यथा ।
गुणवान्दयितः पूज्यः सर्वज्ञोविजितेन्द्रियः॥२२॥
शोभिष्यति धर्मरतैःसद्भिःपरिवृतोऽनिशम् ।
लोके पूर्णकलः खे वै शीतांशुर्भगणैरिव ॥२३॥
सुशीलः समदृक्शान्तोदान्तःश्रीमान्जगद्गुरुः ।

कराने वाले सभी शास्त्रों में पारंगत होंगे ॥२०-२१॥

श्रीरामानन्दाचार्यजी सत् एवं असत् का विवेक करने वाले तथा कल्प वृक्ष के समान सभी मनुष्यों की कामनाओं को पूर्ण करने वाले एवं गुणवान् तथा सभी वर्ग के व्यक्तियों के [illegible] पूजनीय तथा सर्वज्ञ-वस्तु को यथातथ्य रूप से जानने वाले और जितेन्द्रिय होंगे ॥२२॥

वे जगदाचार्यश्री जिस प्रकार आकाश में नक्षत्र गणों से परिवेष्टित कलाओं से पूर्ण चन्द्रमा सुशोभित होता है उसी [illegible]र लोक में धर्म परायण सज्जनों से सर्वदा परिवेष्टित-सेवित होते हुये सदा शोभित होंगे ॥२३॥

वे सुशील एवं सभी वर्ग में समान दृष्टि वाले एवं राग द्वेष प्रभृति दोषों से रहित शान्त तथा क्लेश आदि को सहन करने वाले दान्त सर्व श्रीसम्पन्न एवं मुनीश्वर—धर्मशास्त्रादि के तत्वों का सर्वदा मननशील साधकों में श्रेष्ठ जगद्गुरु संसार के लोगों का सन्मार्गोपदेश से अन्धकार को दूरकर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुनः सत्सम्प्रदायस्य वर्त्तयिता मुनीश्वरः ॥२४॥
कृपयायस्यलोकेऽस्मिन्जनाः सर्वे निरामयाः।
श्रीरामभक्तिनिरताः सदा धर्मपरायणाः ॥२५॥
तादृशस्य महाबुद्धे र्योगिवर्यस्य सत्कवेः।
गुणान् कार्त्स्न्येनसंवक्तुंकविःकःक्षमतेऽधुना॥२६॥

ज्ञानरूप प्रकाश के द्वारा सायुज्य मुक्ति प्रदाता वे जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी कार्य कलापसे शिथिलता को प्राप्त अनादि वैदिक सत् श्रीसम्प्रदाय का पुनः इस भूमण्डल में प्रवर्तन–संवर्धन, प्रसारण करने वाले होंगे ॥२४॥

उन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी की असीम कृपासे इस लोकमें सभी जन रोगरहित एवं सर्वदा धर्मपरायण और सर्वेश श्रीरामचन्द्रजी की भक्ति में निरत रहेंगे ॥२५॥

मुनीश्वर सुतीक्षणजी ! पूर्व वर्णित गुणों से युक्त महान् बुद्धिशाली योगियों में श्रेष्ट अनेक सद्ग्रन्थ रत्नों के निर्माता जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी के सम्पूर्ण गुणोंका वर्णन करने में कौन कवि ऐसा होगा जो समर्थ हो सके ॥२६॥

हे सुतीक्ष्णजी ! जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी के अवतार के वाद भगवत्मत सनातन श्रीवैष्णव मत धर्म को जानने वाले "स्वयंभूर्नारदः शंभुः कुमारः कपिलो मनुः। प्रह्लादो जनको भीष्मो वलिर्वैयासकिर्वयम् ॥ द्वादशैते विजानिमो धर्मं भागवतं भटाः' अर्थात इस भागवत के वचनानुसार भागवत धर्मको तत्त्वतः जाननेवाले श्रीस्वयंभूजी श्रीनारदजी श्री

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तेऽथाप्यवतरिष्यन्ति भगवन्मत कोविदाः ।
स्वयंभूप्रमुखाः सर्वे महान्तो नित्यसूरयः ॥२७॥
इङ्गितज्ञा हरेराज्ञां वहन्तः शिरसा मुदा ।
नानादेशेषु वर्णेषु तत्तत्कालेऽर्कसन्निभाः ॥२८॥
आयुष्मन्!कृत्तिकायुक्तपूर्णिमायांधनेशनौ ।
स्वयंभूःकार्तिकस्याद्वाऽनन्तानन्दोभविष्यति॥२९॥

शंभुजी श्रीकुमारजी श्रीकपिलजी श्रीमनुजी श्रीप्रह्लादजी श्रीजनकजी श्रीभीष्मजी श्रीबलिजी श्रीशुकमुनिजी एवं श्रीयमजी ये महाभागवत भी भगवान् श्रीरामजीके नित्यपार्षदगण श्रीरामचन्द्रजी के इंगित इसारे को जाननेवाले आनन्द पूर्वक श्रीरामजी की आज्ञा को शिरोधार्यकर उसका पूर्ण करने वाले वारह सूर्य के समान द्वादशभास्करसमान तेजवाले ये वारह महाभागवत भी नानादेश—अलग अलग स्थान अलग अलग काल एवं ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य एवं शूद्र प्रभृति भिन्न भिन्न वर्णों में अवतरित होंगे ॥२७—२८॥

पूर्व सूचित महाभागवतों के अवतारोंको अलग अलग रूप से वर्णन हेतु महर्षि श्रीअगस्त्यजी कहतेहैं—आयुष्मान् हे सुतीक्ष्ण जी ! जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजीके प्रधान शिष्य के रूपमें साक्षत् स्वयंभू—ब्रह्माजीही—कार्तिक मासकी कृत्तिका नक्षत्र से युक्त पूर्णमासी तिथि धन लग्न एवं शनिवार के दिन महेशपुर उत्तर प्रदेश में श्रीअनन्तानन्द नाम से अवतरित होकर ॥२९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योगनिष्ठः सदा धीमान् सदाचारपरायणः ।
शिष्य आचार्यवर्यस्यरामानन्दस्यधीमतः ॥३०॥

सर्वदा योगाभ्यास में स्थित रहने वाले एवं बुद्धिमान् सर्वदा सदाचार में तत्पर रहने वाले वे श्रीअनन्तानन्दजी अभ्रान्त प्रखर बुद्धिशाली आचार्य प्रवर जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजीके शिष्य होकर श्रीअनन्तानन्दाचार्यजीके नामसे विख्यातहोंगे। शिष्य का लक्षण जगदाचार्यजी ने श्रीवैष्णवमताब्जभाष्कर में लिखा है—

"श्रद्धान्वितो विशुद्धात्मा मेधावी विनयी पटुः ।
कुलीनः सच्चरित्रश्च बुद्धिमान् व्रततत्परः ॥
गुरुशुश्रूषणे शक्त आज्ञाकारी जितेन्द्रियः ।
अनुल्वणो भक्तिनिष्ठः शिष्यः कार्यस्तु दैशिकैः" (२।७-८)

यानी जो श्रद्धासे युक्त हो अर्थात् श्रीगुरुदेव के वाक्य पर विश्वास रखने वाला हो पवित्र अन्तः करण वाला हो प्रज्ञावान् विनयशील एवं चतुरहो सत्कुलमें उत्पन्न हो जीसका चरित्र अच्छाहो बुद्धिमान् तथा लोक व्यवहार में चतुरहो व्रत पालन में तत्पर हो एवं गुरु शुश्रूषा—गुरुदेव तथा भगवान् की सेवा करने में शक्त समर्थ हो एवं गुरु की आज्ञा कारी हो अर्थात् गुरु जी के आज्ञा से कार्य करने वाला हो न तु स्वतन्त्र हो तथा जितेन्द्रिय हो अर्थात् जिस को वाह्य एवं आभ्यन्तर इन्द्रिय के ऊपर विजय प्राप्तहो अनुल्वण-क्रोधादि मानस विकार से अविकृत हो अन्यथा क्रोधादिवश कदा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जातः सुरसुरानन्दो नारदो मुनिसत्तमः ।
वैशाखसितपक्षस्य नवम्यां स वृषे गुरौ ॥३१॥

चित् गुरुदेव को भी अपमानित कर बैठे कहा भी है श्रीमद्रामायण में—

क्रुद्धः पापं न कुर्यात् कः क्रुद्धो हन्याद्गुरूनपि ।
क्रुद्धः परुषया वाचा नरः साधुनधिक्षिपेत्"

तथा भक्ति निष्ठ हो अर्थात् गुरुदेव और परमेश्वर की सेवा करने में प्रयत्नशील रहताहो ऐसे गुणों से युक्त पुरुष को ही शिष्य बनावें जिस किसी को प्रलोभन वश परीक्षा किये विना ही शिष्य बनाकर समाज विकृत नहीं करना चाहीये अतः श्री आ[illegible]रजी ने उक्त लक्षण सम्पन्न श्रीअनन्तानन्दजी प्रवृति को शिष्य बनाकर आदर्श स्थापित किया आचार्य श्री की इस दिव्य आज्ञाका समाज पालन करे तो आजके स-[illegible] का समस्त विकार दूर होकर सम्प्रदाय श्रीसम्प्रदाय [illegible] जाये—

रामषड्रामब्रह्माब्दे विक्रमे कार्तिके शुभे ।
पूर्णिमायां तिथौ जातो ह्यनन्तानन्ददेशिकः॥१॥
खवेदबाणचन्द्राब्दे स्वजन्मदिवसे खलु ।
संस्थाप्य वैष्णवादेशं स्वलोकमगमत्पुनः ॥२-३०॥

उन प्रसिद्ध श्रीसुरसुरानन्दाचार्यजी के रूपमें मुनियों में श्रेष्ठ श्रीनारदजी ही वैशाख शुक्ल की नवमी—श्रीजानकी नवमी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्रे वरुण भे योगे शीलरत्नाकरो महान् ।
मन्त्रमन्त्रार्थसन्निष्ठो गुरुभक्तिपरायणः ॥३२॥
तस्यामेव तुलालग्ने तादृशीन्दुरिवोग्रधीः ।
शम्भुरेव सुखानन्दः पूर्वाचार्यार्थनिष्ठकः ॥३३॥

तिथि गुरुवार एवं वृष लग्नमें पैखम लखनऊ में समवतरित होंगे-

वाणाष्टरामब्रह्माब्दे माधवे जानकी तिथौ ।
जातः सुरसुरानन्दो विक्रमे रामपूजकः ॥३॥
आचार्याज्ञानुसारेण संस्थाप्य धर्मवैष्णवम् ।
स्वजनिर्दिवसे प्रागाद्रुद्रेषुचन्द्रविक्रमे ।४।–३१।

शतभिषा नक्षत्र से युक्त तुला लग्न में वैशाख शुक्ल नवमी–श्रीजानकी नवमी के दिन में शील के समुद्र शिष्य के अज्ञानरूप अन्धकार को दूर कर ज्ञानरूप [illegible] को प्रदान करने वाले गुरुदेव जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी की सेवामें परायण चन्द्रमा के समान तीक्ष्ण बुद्धिवाले आनन्द-भाष्यकार एवं पूर्वाचार्यों के सत् सिद्धान्तमें दृढ निष्ठा वाले श्रीराममन्त्र एवं अन्य मन्त्रार्थों के विचारमें सदा सन् लग्न श्रीशंकर जीही श्रीसुखानन्दाचार्य जीके रूपमें अवतरित होकर प्रसिद्ध होंगे—

वेदाश्वरामब्रह्माब्दे माधवे जानकीतिथौ ।
सुखानन्दार्यः सञ्जातो विक्रमे रामसेवकः ॥५॥
स्वाचार्यादेशसंलग्नो वैष्णवधर्मरक्षकः ।
स्वजनिर्दिवसेप्रागाद्वेदाश्ववेदचन्द्रके ।६॥-३२।३३।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऽव्यतिपातेऽनुराधाभे शुक्रे मेषे गुणाकरे ।
वैशाखशुक्लपक्षस्य तृतीयायां महामतिः ॥३४॥
कुमारोनरहरियानन्दो जात उदारधीः ।
वर्णाश्रमकर्मनिष्ठः शुभकर्मरतः सदा ॥३५॥
वैशाखकृष्णसप्तम्यां मूले परिघसंयुते ।
बुधे कर्केऽथकपिलोयोगानन्दो जनिष्यति ॥३६॥

श्रीसनत्कुमार जी वैशाख शुक्ल तृतीया शुक्रवार अनुराधा नक्षत्र एवं व्यतिपात योग तथा गुणाकर मेष लग्नमें महाबुद्धिशाली वर्णाश्रम सम्बन्धी धर्म-कर्म में परमनिष्ठा वाले श्रीराम जी की आराधना आदि शुभ कर्मों में सर्वदा लगे रहने वाले श्रीनरहरियानन्दाचार्य जी के रूपमें अवतरित होकर [illegible]होंगे–

[illegible]

चन्द्राङ्कनंदब्रह्माब्दे शुक्ले माधवविक्रमे ।
तृतीयायां समजनि नरहर्यार्यदेशिकः ॥७॥
संस्थाप्यचार्यादेशेन वैष्णवं धर्म भूतले ।
नवग्रहेषुचन्द्राब्दे साकेतमगमत्सुधीः ॥८॥३४।३५॥

श्रीकपिलमुनि जी वैशाख कृष्ण सप्तमी मूलनक्षत्र एवं परिघयोग कर्क लग्न और बुधवार को श्रीयोगानन्दाचार्य जी के रूपमें अवतरितहोकर प्रसिद्धहोंगे–

अश्वेषुवेदचन्द्राब्दे माधवस्य सितेतरे ।
सप्तम्यां विक्रमे जातो योगानन्दार्यदेशिकः ॥९॥
योगमार्गेण संस्थाप्य विश्वे वैष्णव धर्मकम ।
रामेभबाणचन्द्राब्दे गतः पुनर्जनितिथौ ॥१०॥३६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योगनिष्ठो महायोगी सत्सेवितपदाम्बुजः ।
सदावैष्णवधर्माणामुपदेशपरायणः ॥३७॥
मनुः पीपाभिदोजात उत्तराफाल्गुनीयुजि ।
पूर्णिमायां ध्रुवे चैत्र्यां धनवारे बुधस्य च ॥३८॥
निष्ठा तदीयकैङ्कर्ये सततस्तस्य महात्मनः ।

श्रीमनुजी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र ध्रुवयोग धन लग्न में चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि बुधवार के दिन सदा योगसाधनामें रहने वाले महायोगी सत्पुरुषों से सेवित चरण कमल वाले तथा सर्वदा श्रीवैष्णव धर्म के उपदेश में तत्पर श्री पीपाचार्य जी के रूपमें अवतरित होकर प्रसिद्ध होंगे—

अश्वननाब्धिब्रह्माब्दे चैत्रे श्रीपूर्णिमातिथौ ।
अवातरञ्छीपीपार्यो वैष्णवधर्मरक्षकः ॥११॥
संस्थाप्य भूमौ सर्वत्र रामानन्दार्यसन्मतम् ।
विक्रमे चागमत्प्राज्ञः स्वजनितिथिभूषिते ॥१२॥

३७।३८॥

श्रीप्रह्लाद जी भी मृगशिरा नक्षत्र शोभन योग एवं सिंहलग्न में चैत्र कृष्ण अष्टमी मंगलवार को श्रीकबिर जी के नाम से अवतरित होंगे तथा वे सदा तिर्थों में निवास रत रहेंगे एवं वेदान्त आदि सभी शास्त्रों में दृढ निष्ठा वाले होंगे और वे जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी की सेवामें सर्वदा दत्तचित्त होकर श्रीरामकबिराचार्य जी के नामसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्षत्रे शशिदैवत्ये चैत्रकृष्णाष्टमी तिथौ ॥३९॥
प्रह्लादोऽपि कविरस्तु कुजे सिंहे च शोभने ।
जातो वेदान्तसन्निष्ठः क्षेत्रवासरतः सदा ॥४०॥
भावानन्दोऽथ जनको मूले परिघ संयुते ।
वैशाखकृष्णषष्ठ्यान्तु कर्केचन्द्रे जनिष्यति ॥४१॥
रामसेवापरोनित्यं स महात्मा महामतिः ।

संसार में प्रसिद्धहोंगे । यहा यह खयाल रहे कि आप की तिथि ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा प्रसिद्ध है एवं सम्प्रदाय या सरकारभी पूर्णिमा को ही जयन्ती मनाते हैं यत्र तत्र इतिहास में भी ज्येष्ठ पूर्णिमाही उल्लिखित है यह आपकी दीक्षा तिथि होने... विरोध नहीं क्योंकि शास्त्रीय मर्यादानुरूप दीक्षानन्तर पुनर्जन्म मानाजाताहै अतः यही तिथि जन्मजयन्ती के रूपमें प्रसिद्ध व प्रचलित होचली ।

रसवेदाब्धिब्रह्माब्दे ज्येष्ठस्य पूर्णिमातिथौ ।
कविरोऽवातरद् भूमौ रामाज्ञापरिपालकः ॥१३॥
अगान्म्लेच्छे तथार्येषु धर्मं संस्थाप्य सर्वतः ।
बाणाश्वशरचन्द्राब्दे विक्रमे स्वजनिर्दिने ।१४।-३९-४०।

श्रीजनक जी मूल नक्षत्र परिघ योग कर्क लग्नमें वैशाख कृष्ण षष्ठी सोमवार को श्रीभावानन्दजी के रूपमे अवतरित होंगे वे महाबुद्धिशाली महात्मा- परतत्वचिन्तनमे संलग्न एवं सर्वदा सर्वेश्वर श्रीरामजीकी सेवामें तत्पर श्रीभावानन्दाचार्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भीष्मः सेनाभिधो नाम तुलायां रविवासरे ॥४२॥
द्वादश्यां माघकृष्णे तु पूर्वभाद्रपदे च भे ।
तदीयाराधनेसक्तो ब्रह्मयोगे जनिष्यति ॥४३॥
श्रीमाघस्यासिताष्टम्यां वृश्चिके शनिवासरे ।

जी के नामसे जगतमें ख्याति प्राप्तकरेंगे—

षडश्वरामब्रह्माब्दे वैशाखस्य सितेतरे ।
श्रीभावानन्दः षष्ठयां हि विक्रमे समजायत ॥१५॥
ग्रहाग्नित्राणचन्द्राब्दे ज्येष्ठस्य पूर्णिमातिथौ ।
साकेतमगमद्धीमान् भावानन्द्रार्य विक्रमे ॥१६॥४१॥

श्री भीष्मजी पूर्व भाद्रपद नक्षत्र ब्रह्म योग तुला लग्न में माघ कृष्ण पक्ष की द्वादशी एवं रविवार को श्रीसेन जी के नाम से अवतरित होंगे वे भगवान् तथा भगवद् भक्त[illegible] में सदा तल्लीन रहेंगे और श्रीसेनदासजी के नाम से प्रसिद्ध होंगें-

अश्वेषुरामचन्द्राब्दे माघस्यासितपक्षके ।
द्वादश्यां जातः सेनाख्य आचार्याज्ञामनुव्रतः ॥१७॥
धर्मं श्रीवैष्णवं लोके प्रसार्य सर्वजन्तुषु ।
शतं समाः पुनः प्रागाद्विक्रमे स्वजनिर्दिने १८।४२।४३

साक्षात् श्रीवलिजी ही पूर्वाषाढा नक्षत्र शिवयोग एवं वृश्चिक लग्न में माघ कृष्ण अष्टमी शनिवार को श्रीधनाजी के नाम से अवतरित होंगे वे बुद्धिमान् भक्तिमान् पुरुषों में श्रेष्ठ भगवद्भक्तों की आराधना-सेवा करने में सदा तत्पर सदाचारों के पालन में सदा निरत एवं गुरुदेव जगद्गुरु श्रीरामानन्दा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धनाभिधोवलिः साक्षात्पूर्वापाढयुते शिवे ॥४४॥
वरो भक्तिमतां जातस्तदीयाराधने रतः ।
सदाचारपरो धीमान् गुरुपादाम्बुजार्चकः॥४५॥
तत्त्वज्ञो गालवानन्दो जात एकादशीतिथौ ।
चैत्रे वैयासकिश्चन्द्रे कृष्णे लग्ने वृषे शुभे॥४६॥
सर्वदाज्ञाननिष्ठोऽयमुपदेशपरापणः ।

चार्यजी के श्रीचरणकमलों के आराधन करने वाले होंगे तथा श्री धनादासजी इस नाम से लोक प्रसिद्ध होंगे—

नेत्राश्ववेदचन्द्राब्दे माघस्यासितपक्षके ।
अष्टम्यां विक्रमे जातः श्रीधनादासतत्त्ववित् ॥१९॥
...केताद् भूतले हि शतं समाः ।
प्रसार्य समगाद्धर्मं स्त्रावतीर्णतिथौ पुनः ।२०।४४-४५॥

श्रीरामतत्त्व को जानने वाले श्रीव्यासनन्दन शुकमुनि ...शुभयोग वृष लग्न चैत्र कृष्ण पक्ष के एकादशी तिथि सोम वार को श्रीगालवानन्दजी के रूप में अवतरित होंगे, वे महा योगी महाबुद्धि वाले एवं वेद तथा वेदान्त में रत और तत्त्व ज्ञान निष्ठ एवं सर्वदा जीवों को श्रीरामतत्त्व का उपदेश करने में तत्पर रहेंगे एवं श्रीगालवानन्दाचार्यजी के रूपमें जगद् प्रसिद्ध होंगे—

गालवानन्दयोगीन्द्रो बाणाश्वरामचन्द्रके ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वेदवेदान्तनिरतो महायोगी महामतिः ॥४७॥
चैत्रशुक्लद्वितीयायां शुक्रे मेषेऽथ हर्षणे ।
यम एव रमादासस्त्वाष्ट्रे प्रादुर्भविष्यति ॥४८॥
पालनं वैष्णवाज्ञानां कुर्वन्नित्यमतन्द्रितः
धर्ममेवाचरल्लोके धर्माधीश उदारधीः ॥४९॥
मधुमासस्य कृष्णे वै जात एकादशी तिथौ ॥२१॥
गुरोराज्ञां समासाद्य काश्मीरे वैष्णवं शुभम् ।
धर्मं संस्थाप्य गतवान् साकेतं स्वजनिर्दिने २२।४६।४७।

श्रीयमराजजी चित्रा नक्षत्र हर्षण योग मेष लग्न में चैत्र शुक्ल द्वितीया शुक्र वार को श्रीरमादासजी के रूप में अवतरित होंगे वे उदार बुद्धि वाले श्रीरामादासजी अति सावधानी से आलस्य रहित होकर श्रीवैष्णवाचार्य गुरुदेव जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी की आज्ञाओं का पालन करते हुये सर्वेश श्रीरामजी की आराधना तथा श्रीवैष्णवधर्म पालन एवं सन्तों की आराधना कर श्रीरमादास-रैदास या रविदासजी आदि नामों से संसार में प्रसिद्ध होंगे—

आप की तिथि कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा सभा एवं सरकारी कार्यों में भी प्रसिद्ध है । जयन्ती सभी लोग कार्तिक पूर्णीमा को ही मनाते हैं यह दीक्षातिथि है विरक्त दीक्षा को पुनर्जन्म माना गया है जिस में नाम गोत्र आदि बदल जातेहैं अतः विरक्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चैत्र शुक्लत्रयोदश्यां गुरौ कर्के ध्रुवान्विते ।
उत्तराफाल्गुनी संज्ञे जाता पद्मावती सती ॥५०॥
श्रीमदाचार्यसन्निष्ठा सा पद्मेवापरा सदा ।
धर्मज्ञा धर्मनिरता गुरुभक्ति परायणा ॥५१॥
एवमेतादृशैस्तैस्तैः शिष्यैर्द्वादशभिर्महान् ।
शोभिष्यत्यर्चितोदेव्यापद्मावत्या च सन्ततम्।५२।

दीक्षातिथि को जन्मतिथि के रूपमें मनाने के कारण इस की प्रसिद्धि हुई है—

खब्रह्मबाणचन्द्राब्दे कार्तिके पूर्णिमा तिथौ ।
रमादासाख्यः सञ्जात आचार्यादेशपालकः ॥२३॥
रम[illegible]ऽ यमाभाति मानवधर्ममण्डितः ।
[illegible]संग्रथ्य वैष्णवं धर्मं साकेतं प्राविशत्पुनः।२४॥४८।४९।

उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र ध्रुवयोग कर्कलग्नमें चैत्र शुक्ल त्रयोदशी गुरुवार को श्रीपद्मावती जी अवतरित होंगी वे [illegible]दाचार्यश्री में दृढनिष्ठा वाली धर्मतत्त्व को जानने वाली श्रीवैष्णवधर्म में सर्वदा तत्पर एवं सर्वदा गुरुभक्ति परायणता के कारण दूसरी पद्माजी के समान प्रसिद्ध होंगी ॥५०-५१॥

इस प्रकार ब्रह्मा आदि देवों से उत्पन्न उन उन श्री अनन्तानन्दाचार्य जी आदि वारह महाभागवतों एवं श्रीपद्मा भावती जी आदि अन्य अनेक साधक श्रीवैष्णव समुदाय से सर्वदा पूजित—सेवित होकर श्रीसम्प्रदाय के महान्-प्रधान आचार्यजगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी सतत शोभित होंगे५२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीमानाचार्यवर्योऽयं रामानन्दो महामतिः ।
शिष्योपशिष्यैरन्यैश्च शोभितोऽहर्दिवं भुवि।।५३।।

महामति--विशिष्ट बुद्धिशाली एवं अन्य सभी आचार्यों में श्रेष्ठ श्रीमान् श्रीसम्पत्ति या षडैश्वर्यशाली श्रीसम्प्रदाय के प्रधान आचार्य जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी शिष्यों- द्वादश महाभागवत श्रीअनन्तानन्दाचार्यजी आदि एवं उपशिष्य श्रीअनुभवानन्दाचार्यजी श्रीअलखरामाचार्य जो श्रीकृष्णदास पयोहारी जी प्रभृति द्वाराचार्य गण तथा अन्य श्रीवैष्णव- वैष्णव समूहों के साथ संसारमें दिन प्रतिनि शोभित हुआ करेंगे । आचार्य चरण से प्रवर्धित वैदिक श्रीविशिष्टाद्वैत श्रीवैष्णव धर्म के संरक्षक-प्रचारक-प्रसारक द्वादश महाभागवतों का संक्षिप्त चरित्र सूची ऊपर दी जा चुकीहै, उपाचार्यों-द्वारपीठाचार्यों की संक्षिप्त सूची निम्न है, विशेषार्थी मेरी देशिकपरिचर्या, श्रीसम्प्रदाय कल्पलाता, महामहोपाध्याय जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यरघुवराचार्यजी स्मृति ग्रन्थ प्रभृति को देखें—

(ज.गु.श्रीलालतुरंगीदेवाचार्यः माघशु.२-१४१२-१७१२)

नेत्राननाब्धिचन्द्राब्दे विक्रमे माघशुक्लके ।
लालतुरङ्गिदेवो हि द्वितीयायामजायत ।।२५।।
नेत्राननाश्वब्रह्माब्दे वैष्णवधर्मरक्षकः ।
प्रत्यगाद्धामसाकेतं स्वजनिर्दिवसे शुभेः ।।२६।।

(जगुश्रीहनुमदाचार्यःका कृ१४-१४५६ १५६१चै.कृ.१२)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रसबाणाऽब्धिब्रह्माऽब्दे शैवतिथौ हि कार्तिके ।
हनुमदार्यः सञ्जातो विक्रमे धर्मरक्षकः ॥२७॥
ब्रह्मरसेषुचन्द्राऽब्दे विक्रमे चैत्रकृष्णके ।
द्वादश्यांसमगाद्धामसंस्थाप्यधर्मवैष्णवम्॥२८॥
(जगुश्रीकर्मचन्द्राचार्यःचै.शु.२-१५००-१६००चै.कृ९)
खंनभोबाणचन्द्राऽब्दे विक्रमे चैत्रशुक्लके ।
द्वितीयायां हि सञ्जातः कर्मचन्द्रार्यदेशिकः॥२९॥
खंनभोरसब्रह्माऽब्दे चैत्रस्य कृष्णपक्षके ।
नवम्यां प्रागमद्धाम वैष्णवधर्मबोधकः ॥३०॥
(मा० शु० ५-१५०३-१६११ चै० शु० ९)
[illegible]ब्रह्माऽब्दे वसन्तपञ्चमी तिथौ ।
विक्रमेऽवातरद्धीमाननुभवार्य धर्मराट् ॥३१॥
रुद्रषट्चन्द्रसन्नऽब्दे श्रीरामनवमीतिथौ ।
अनुभवार्यः समगात्साकेतपदवीं शुभाम् ॥३२॥
(ज.गु.श्रीटीलाचार्यःवै.शु.३ -१५१५-१६४२चै.शु.१५)
बाणेन्दुबाणब्रह्माऽब्दे विक्रमे माधवे सिते ।
तृतीयायां समजनि श्रीटीलाचार्यसुव्रतः ॥३३॥
नेत्राब्धिरसचन्द्राऽब्दे विक्रमे मधुशुक्लके ।
प्रचार्यवैष्णवं धर्मं पूर्णिमायामगाद्दिवम् ॥३४॥
(जगुश्रीकीलदेवाचार्यवै.शु१०-१५१६-१६१७वै.शु.१०)
कालाननाक्षब्रह्माऽब्दे विक्रमे माधवे सिते ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कीलदेवार्यसञ्जातोदशम्यां वैष्णवाग्रजः ॥३५॥
अश्वाननकालचन्द्रविक्रमे माधवे सिते ।
वैष्णवाचारं संस्थाप्य समगात्स्वजनिर्दिने ॥३६॥
(ज.गु.श्रीरामवलाचार्यनागपञ्चमी१५१६-१६१६चौ.पू.)
कालाननाक्षब्रह्माब्दे रामरावलदेशिकः ।
विक्रमे समभूद्धीमान् श्रीनागपञ्चमी तिथौ ॥३७॥
रसेन्दुकालचन्द्राब्दे विक्रमे मधुमासके ।
पूर्णिमायामगाद्धाम वैष्णवधर्मभूषणः ॥३८॥
(ज. गु. श्रीदिवाचराचार्यः भा.शु.१२।१५३५-१६१०)
भूताग्निबाणब्रह्माब्दे वामनद्वादशी तिथौ ।
दिवाकरार्यः सञ्जातो विक्रमे धर्मर[illegible] ॥३९॥
खेन्दुकालाननाब्दे श्रीवैष्णवाग्रेसरः सुधीः ।
विक्रमे समगाद्धाम प्रादुर्भाव दिने शुभे ॥४०॥
(जगुश्रीअलखरामाचार्यः वा.द्वा.१५४०-१६५१चौ.कृ
खवेदबाणचन्द्राब्दे वामनद्वादशी तिथौ ।
श्रीअलखरामार्य विक्रमे समजायत ॥४१॥
शश्यक्षरसब्रह्माब्दे चैत्रस्य कृष्णपक्षके ।
प्रतिपदिविक्रमेऽगादलखार्यो दिवं सुधीः ॥४२॥
(जगुश्रीलाहारामाचार्यःका.शु५-१५४५-१६५०आशु११)
बाणाब्धिशरब्रह्माब्दे विक्रमे शुक्लकार्तिके ।
श्रीलाहारामाचार्यो वै पञ्चम्यां समजायत ॥४३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

खशरकालचन्द्राब्दे शुक्लैकादशी विक्रमे ।
आश्विने ऽयगमद्धाम्नि रामधर्मप्रचारकः ॥४४॥
(ज.गु.श्रीकूवाचार्यःवैशु. ११–१५४५-१७२५भा.शु.११)
बाणाब्धिशरचन्द्राब्देशुक्लैकादशीमाधवे ।
जातःश्रीकेवलाचार्योविक्रमे रामसेवकः॥४५॥
बाणाश्विनाङ्कब्रह्माब्देशुक्लैकादशीविक्रमे ।
भाद्रेगतः श्रीसाकेतं संस्थाप्यवेदविन्मतम् ॥४६॥
(ज.गु.श्रीजंगीदेवाचार्य शरद पू.१५४९-१६१५ वै.पू.)
ग्रहाब्धिबाणचन्द्राब्दे पूर्णिमायां शरदृतौ ।
विक्रमे जङ्गीदेवाचार्योजातोवैष्णवरक्षकः ॥४७॥
बाणाननरसब्रह्ममाधवे पूर्णिमातिथौ ।
प्रसार्य वैष्णवं धर्मं गतो विक्रमवत्सरे ॥४८॥
(जगु.श्रीभगवान्नारायणाचार्यःचै.कृ४-१५५०-१६७९आ.पू)
नभबाणाक्षचन्द्राब्दे मधुकृष्णस्य विक्रमे ।
नारायणार्यभगवान् चतुर्थ्यां समजायत ॥४९॥
अङ्काश्वरसब्रह्माब्दे आषाढस्य हि विक्रमे ।
पूर्णिमायामगाद्रामधर्मरक्षणतत्परः ॥५०॥
(ज.गु.श्रीराघवचेतनाचार्यःश्रा.पू.१५५०-१६६०-अ.तृ.)
नभबाणाक्षब्रह्माब्दे श्रावणी पूर्णिमातिथौ ।
अवातरद्विक्रमे हि राघवचेतनः सुधीः ॥५१॥
नभषड्सचन्द्राब्देविक्रमेमाधवे तथा ।
तृतीयायामगाद्धाम धर्मं संस्थाप्य भूतले ॥५२॥
(ज.गु.श्रीअग्रदेवाचार्य फाल्गुनशु.३–१५५३-१६५८·)
रामाक्षबाणब्रह्माब्दे फाल्गुनशुक्लविक्रमे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्रदेवार्यस्तत्त्वज्ञो द्वितीयायामवातरत् ॥५३॥
वह्नवक्षरसचन्द्राब्दे विक्रमे स्वजनिर्दिने ।
धर्मं संस्थाप्य वेदोक्तं साकेतं प्राविशत्पुनः ॥५४॥
(जगुश्रीतनतुलसीदासाचार्यः गं.द-१५५५-१६५७ जे.शु २)
वाणशराक्षचन्द्राब्दे श्रीतनतुलसी सुधीः ।
गङ्गादशहरायां वै जातोविक्रमवत्सरे ॥५५॥
अश्वाक्षकालेन्दुयुते ज्येष्ठशुक्लस्य विक्रमे ।
द्वितीयायामगादार्यो रामाज्ञापरिपालकः ॥५६॥
(जगुदेवमुरारीदेवाचार्यमाकृ ११-१५७०-१६७७ माकृ ११)
नभाश्ववाणब्रह्माब्दे कृष्णैकादशी विक्रमे ।
माघेऽवतीर्णः श्रीदेवमुरारीरामपूजकः ॥५७॥
अश्वाद्रिकालचन्द्राब्दे विक्रमेस्वजनिर्दिने ।
संस्थाप्य वैष्णवं धर्ममगात्साकेतकं पुनः ॥५८॥
(जगुरामरामायणीदेवाचार्यवैकृ ११-१५७५-१६७५ वैकृ ११)
वाणाश्वशरचन्द्राब्दे माधवकृष्णस्य विक्रमे ।
रामरामायणीदेव एकादश्यामजायत ॥५९॥
वाणाश्वकालब्रह्माब्दे रामकार्यधुरन्धरः ।
प्रादुर्भावतिथावेव साकेतमगमद् बुधः ॥६०॥
(ज.गु.श्रीभृङ्गिदेवाचार्यः पौष शु० १५-१५७५)
वाणाश्वशरचन्द्राब्दे शुक्ले पौषस्य विक्रमे ।
पूर्णिमायां समभवद् भृङ्गिदेवार्यस्तत्त्ववित् ॥६१॥
संस्थाप्य वैष्णवं धर्मं भूतले सर्वतोदिशि ।
प्रागात्साकेतकं लोकं स्वजनिर्दिवसे पुनः ॥६२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ज. गु.श्रीनाभाचार्यः मा० शु० ५–१५८७)

अश्वेभशरब्रह्माब्दे वसन्तपञ्चमीतिथौ ।

रामभक्तिपरोजातः श्रीनाभाचार्य विक्रमे ॥६३॥

संबोध्यरामभक्तादीन् धर्मं संस्थाप्य वैष्णवम् ।

साकेतमगमत्प्राज्ञः स्वजनिर्दिवसे पुनः ॥६४॥

(जगुश्रीठहीनारायणाचार्यःमा-अ. १६०४-१७०३ श्राशु७)

वेदाकाशरसब्रह्मविक्रमे माघमासके ।

अमायां सभभूत्प्राज्ञो हठीनारायणाभिधः ॥६५॥

रामाकालाश्वचन्द्राब्दे श्रावणे सप्तमीतिथौ ।

शुक्लेऽगाद्वैष्णवं धाम रामधर्मरतः सुधीः ॥६६॥

(ज० गु० श्रीरामस्तभनाचार्यः वै० कृ० ११-१६०५)

शराकाशरसचन्द्रमाधवे कृष्णपक्षके ।

एकादश्यामभूत्प्राज्ञो विक्रमे रामस्तम्भनः ॥६७॥

रामेरमणसंशक्तो वैष्णवधर्मरक्षकः ।

संस्थाप्यभुविस्वधर्मं प्रागाज्जन्मदिने दिवम्।६८।

(ज०गु०श्रीमलूकदेवाचार्यः वै० कृ० ५–१६३१)

चन्द्राग्निरसचन्द्राब्दे वैशाखपञ्चमीतिथौ ।

जातोमलूकदेवाख्यो विक्रमे कृष्णपक्षके ॥६९॥

रामभक्तिपरोनम्रः श्रीवैष्णवधुरन्धरः ।

प्रागात्साकेतकं लोकं स्वजनिर्दिवसे शुभे ॥७०॥

(ज०गु० श्रीखोजीदेवाचार्यः मार्गशीर्ष १५–१६३२)

नेत्राग्निरसब्रह्माब्दे विक्रमे मार्गशीर्षके ।

पूर्णिमायां तिथौ जातः खोजीदेवार्य ब्रह्मवित्।७१।

रामानन्दार्यसम्प्रोक्तं वैष्णवं धर्ममुत्तमम् ।

संस्थाप्यभूतले प्रागात्साकेतं स्वजनिर्दिने ॥७२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(जगुश्रीकालूरामाचार्यः व०प०१६४०-१७४१फा.शु.५)
नभाब्धिरसब्रह्माब्दे वसन्तपञ्चमी तिथौ ।
कालूरामार्यः संजातोविक्रमे तत्त्ववित्तमः ॥७३॥
चन्द्रवेदाश्वब्रह्माब्दे विक्रमे फाल्गुने सिते ।
वैष्णवं धर्मविस्तार्यपञ्चम्यामगमद्दिवम् ॥७४॥
(ज०गु० श्रीपूर्णविराटीदेवाचार्यः माघ शु०७-१६४०)
नभाब्धिरसचन्द्राब्दे, विक्रमे माघशुक्लके ।
पूर्णविराटिदेवार्यो जातः श्रीरामचिन्तकः। ॥७५॥
संस्थाप्य वैष्णवं तत्त्वं प्राणिनां हितकृत्तमम् ।
भूतले प्रागमद्धाम साकेतं स्वजनिर्दिने ॥७६॥
(जगुश्रीरामरंगिदेवाचार्यःवि.द.१६५२-१७५७चै.शु.३)
नेत्राक्षकालब्रह्माब्दे विजयादशमीतिथौ ।
श्रीरामरङ्गिदेवार्यो विक्रमे समजायत ॥७७॥
अद्रिबाणाश्वचन्द्राब्दे विक्रमे माधवे सिते ।
तृतीयायामगाद्देवो वैष्णवधर्मरक्षकः ॥७८॥
(ज०गु० श्रीद्वन्दुरामाचार्यः दीपावली १७५४)
श्रुतिबाणाश्वब्रह्माब्दे विक्रमे कार्तिके शुभे ।
अमायांसमभूत्प्राज्ञः श्रीद्वन्दुरामदेशिकः ॥७९॥
आनन्दभाष्यसंदिष्टं वैष्णवं मतभूतले ।
द्वन्द्वमार्गेण संस्थाप्य प्रागमत् स्वजनिर्दिने ॥८०॥
(जगुश्रीतुलसीदासाचार्यःश्राशु७-१५५४-१६८० श्राकृ३)
वेदाक्षबाणचन्द्राब्दे सप्तम्यां श्रावणे सिते ।
रामतत्त्वविदां श्रेष्ठस्तुलसी समजायत ॥८१॥
नभेभरसब्रह्माब्दे कृष्णे श्रावणके शुभे ।
तृतीयायामगाद्धाम धर्मतत्त्वप्रसारकः॥८२॥५३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पूज्यो ध्येयश्च जगतां रामरूपो जगद्गुरुः ।
हेतुः कल्याणमार्गस्य शुभदोज्ञानदोऽनिशम् ।५४।
यस्य दर्शनमात्रेण स्मरणेन सदा क्षितौ ।
नाम व्याहरणाद्धीना नरा मुक्ता न संशयः ॥५५॥
यदीयमतमालम्ब्य मन्त्रमन्त्रार्थभूषितम् ।

"रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले" इसवैश्वानर संहिता के वचनानुसार साक्षात् श्रीराम जी के अवतार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी सर्वेश श्रीरामचन्द्र जी के समान ही कल्याण मार्ग– सामुज्य मुक्ति के कारण एवं निरन्तर शुभद-वेद वेदान्तादि का आनन्दभाष्यों द्वारा तत्त्वज्ञान के उपदेश देने वाले और संसार में साधकों के ध्येय ज्ञेय एवं पूज्य के रूपमें प्रसिद्ध होंगे ॥५४॥

इस पृथ्वीमें उन श्रीराम रूप जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी का सदा दर्शन मात्र से या स्मरण मात्र से अथवा नाम लेने मात्र से हीन- पापाचार परायण मनुष्य वर्ग ..त हो जायेंगे इस में संशय का स्थान नहीं । आनन्द भाष्यकार जी का विशेष चरित एवं जनोद्धार सम्बन्धी विशिष्ट चमत्कृति के जिज्ञासुओं को मेरा लिखा "जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यः" (जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यदिग्विजयः) संस्कृत महा प्रबन्ध एवं उस की मेरी "विजय पताका" हिन्दी टीका का परिशीलन करना चाहिये ॥५५॥

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी से प्रचारित-प्रसारित सनातन वैदिक विशिष्टाद्वैत मत जो कि वेद मन्त्रों एवं वास्तविक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भूष्यते भूरियं लोकै रञ्जितैर्मुनिवृत्तिभिः ॥५६॥
शरच्चन्द्रायते लोके कीर्तिर्यस्य महात्मनः ।
विशदा पावनी पुण्या शृण्वतां पापनाशिनी॥५७॥
हरि भक्तिप्रदा नृणां तथा ज्ञानप्रकाशिनी ।
मोहान्धकारसंघप्रध्वंसिनी शुभदायिनी ॥५८॥
स एष भगवद्रूपो धर्मो विग्रहवानिव ।

मन्त्रार्थों से विभूषित हैं का आलम्बन—आश्रय लेकर मुनिवृत्ति वास्तविक तत्त्वों के मननशील आचरण वालों से सुशोभित लो कों से यह भारत भूमि भूषित होगी ॥५६॥

उन महामना जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी की सारे संसार को धवलित करदेने वाली पापों का नाश करने वाली अति उज्वल पवित्र कीर्ति श्रवण करने वालों के पापों का नाश करेगी एवं शरद काल के चन्द्रमा के समान सभी को आनन्द देने वाली होगी ॥५७॥

एवं वह आचार्यश्री की कीर्ति साधक मनुष्यों को श्रीरामचन्द्रजी की भक्ति को प्रदान करने वाली तथा ... का प्रकाश करने वाली एवं मोहरूप अन्धकार के समूह को समूल नाशकरने वाली और कल्याणको प्रदान करने वाली होगी५८

"तप्तकाञ्चनसंकाशो रामानन्दः स्वयं हरिः" "पारं कर्तुं हि धर्मात्मा रामानन्दः स्वयं स्वभूः" "रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले" इत्यादि वैश्वानरपाञ्चरात्रागमसे बोधित इस भूमण्डल में प्रख्यात साक्षात् श्रीरामजी के अवतार जगद् गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी हैं अतः वे "रामो विग्रहवान् धर्मः"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्विषतामिह दुर्धर्षः सेवनीयः सतां सदा ॥५९॥
तज्जन्ममासर्क्षतिथौ तदीयैस्तदीयजन्मोत्सवमुत्सवोत्सुकैः
विधेयमेतं प्रतिवर्षमुत्तमं विधानविज्ञैर्विधिना हि वैष्णवैः। ६०।
पूजोपहारैरुचिरैर्यथोचितं देवं समभ्यर्च्य सशिष्यसङ्घम्

सर्वेश्वर श्रीरामजी साक्षात् धर्म शरीर वाले हैं यानी धर्म ही श्रीरामजी का श्री विग्रह-शरीर है, इस महर्षि वचनानुसार धर्म विग्रह रूप श्रीरामजी के अवतार जगदाचार्य जी भी धर्म विग्रह—शरीर वाले ही हैं अतः श्रीदशरथनन्दनजी के समान आनन्दभाष्यकारजी भी इस संसार में अनादि वैदिक विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त विरोधीयों के लिये दुर्धर्ष-अदम्य-अपराजित एवं सद्धर्म सत्कर्म साधनानन्य साधक सज्जन पुरुषों के लिये सदा सेवनीयतया प्रसिद्ध होंगे ॥५९॥

"आचार्य देवोभव" इस वेद वचन के अनुसार अपने आराध्य इष्ट देव के समान ही अपने सम्प्रदाय के प्रधान आचार्यजी का प्राकट्योत्सव विशेष समारोह के साथ मनाने का शास्त्रीय विधान है अतः श्रीसम्प्रदायीय (श्रीरामानन्दीय) श्री-वैष्णवों को आनन्दभाष्यकारजी की अवतार तिथि माघ कृष्ण सप्तमी को आचार्यजी का अवतारोत्सव विशेष उत्साह के साथ पूजा विधि में निपुण श्रीवैष्णव से सविधि पूजा सम्पादन करवाकर श्रीरामानन्दीय श्रीवैष्णवों को प्रति वर्ष जगदाचार्यश्री के अवतार मास पक्ष नक्षत्र युक्त तिथि के दिन उत्तम प्रकार से आचार्यजी का अवतारोत्सव सम्पन्न करना चाहिये। ६०।

आचार्य श्री की कञ्जूपाई के विना देशकालानुसार यथोपलब्ध पूजा के सामग्री से श्रीअनन्तानन्दाचार्यजी आदि बारह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाद्यैर्मृदङ्गादिभिरद्भुतैःपरैर्नृत्यैस्तथागीतवरैःप्रसादयेत् ६१।
तदीय जन्मोत्सवसत्कथाभिस्तत्तोषहेतुस्तुतिभिस्तथैव।
अन्यैस्तदीयाचरितैर्व्रतादिभिर्निस्तन्द्रिरेवंगुरुभक्तितत्परः ६२
एवं स कुर्वन्विधितस्तदर्चनंतत्तोषहेतुंचमहोत्सवं बुधः।
निरालसोभक्तियुतोलभेतस्वभीष्टसिद्धिंमहतीं न संशयः ६३

शिष्य समूहों के साथ आगे बताये विधि के अनुसार जहाँ जिसकी योग्यता हो उस रूप से आनन्दभाष्यकारजी की पूजा करके मृदंग आदि अद्भुत श्रेष्ठ वाद्यों शास्त्रीय मर्यादा युक्त नृत्य एवं आचार्य कीर्ति बोधन परक श्रेष्ठ गीत-श्लोक पाठ सुन्दर स्तुति गानों से आचार्य श्री को प्रसन्न करें ।६१।

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी की आराधना में तत्पर श्रीरामानन्दीय श्रीवैष्णवों को तन्द्रा-आलस्य से रहित होकर के आनन्दभाष्यकारजी के जन्म-अवतार सम्बन्धी सत्कथा से एवं आप के तोष के कारण भूत सुन्दर स्तुतियों से तथा आचार्य श्री से आचरित व्रतों के आचरण से और आचार्यजी से उपदिष्ट ज्ञान के श्रवण से एवं आप की दिग्विजय यात्रा व तीर्थाटनादि की वार्ता के श्रवण से आचार्यश्री को संतुष्ट करे ६२

पूर्वोक्त विधान से आचार्यजी की आराधना करने वाला बुद्धिशाली आराधक भक्ति युत एवं आलस्य रहित होकर के आनन्दभाष्यकारजी का सन्तोष का हेतु उनकी सविधि अर्चना तथा महोत्सव को करने से बडी अभिलशित सिद्धि को प्राप्त करलेगा इसमें संशय नहीं है ।।६३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निशम्यतद्वाक्यमथोमहात्मनोमुनेःप्रहृस्टःकलशोद्भवस्य।
मुनिःसुतीक्ष्णःससुतीक्ष्णबुद्धिर्विधिंचप्रस्टाहितदर्चनेपुनः६४

इति श्रीमदगस्त्यसंहितायामगस्त्यसुतीक्ष्णसंवादे भविष्यखण्डे
श्रीरामानन्दाचार्यावतारोपाख्यानं नाम
द्वात्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः

॥ १३२ ॥

卐 श्रीमते रामानन्दाचार्याय नमो नमः 卐

कुम्भ से उद्भूत महान् आत्मा वाले मुनीश्वर श्री-अगस्त्य जी के पूर्वोक्त श्रीआचार्य जी के अवतार एवं पूजन सम्बन्धी वचनों को सुनने के बाद तीक्ष्ण बुद्धि वाले मुनी श्रीसुतीक्ष्णजी अतिप्रसन्न हुये, अनन्तर जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी के पूजा का विधान जानने के लिये विनम्र भाव से प्रश्नकिये ॥६४॥



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

卐 श्री श्रीयः श्रीयै नमः 卐

श्रीसुतीक्ष्ण उवाच

तज्जन्म पावनं पुण्यं कथितं परमं त्वया ।
तदर्चनविधिं मह्यं वक्तुमर्हस्यथाधुना ॥१॥
जगतामुपकर्ता त्वं दयालुर्धीमताम्वरः ।
समभ्यर्च्य जना येनाचार्यं श्रेयः समाप्नुयुः॥२॥
श्रूयतामिति चामन्त्र्य कथयिष्यति कुम्भजः ।

पूर्व अध्याय में वर्णीत जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य जी के अवतार वर्णन के प्रसंगमें पूजा विधान को सून कर पूजा के विशेष विधान को जानने की इच्छा से मुनीश्वर श्रीअगस्त्यजी से श्री सुतीक्ष्ण सादर निवेदन करते हैं—हे मुनीश्वर ! आपने अनुग्रह कर के जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी का परम पवित्र एवं परम पुण्यको बढाने वाला अवतार सम्बन्धी कथा का वर्णन किया, अव उन आचार्यश्री के अर्चन पूजा की विधि को भी मुझ पर अनुकम्पाकर उपदेश करें १

कारण कि आप बुद्धिमानों में श्रेष्ठ हैं तथा जगत् का उपकार करने वाले है एवं दयालु हैं इसलिये जिस विधान से आचार्य चरण की पूजा करके साधक जन श्रेयः सामुज्य मुक्ति को प्राप्त कर सकें उस विधान का उपदेश करें ॥२॥

विशेष पूजा विधान सम्बन्धी श्रीसुतीक्ष्ण जी की प्रार्थना को सुन कर प्रसन्नापूर्वक श्री सुतीक्ष्ण जी की आप धन्य हैं सर्वोपकारक आचार्य पूजा विधान को पूछ रहे हैं इस प्रकार प्रशंसा कर हे सुतीक्ष्ण जी ? सावधानतया आ-चार्याराधन विधि को सुनें ऐसा कहकर श्रीअगस्त्य जी कहने लगे आराधना के लिये स्पष्ट पंखुडियां वाला बारह दलवाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अम्बुजं वर्त्तुलाकारं द्वादशदलसंयुतम् ॥३॥
सुव्यक्तं तैर्दलैर्व्यक्तैर्दर्शनीयं सुशोभनम् ।
तन्मध्ये कर्णिकायान्तु यन्त्रषट्कोणमालिखेत् ॥४॥
तत्राचार्यवरं देवं रामानन्दमुदारधीः ।

गोलाकार कमलका फूल के आकार का यन्त्र बनावे जो दर्शनीय एवं शोभायुक्त हो उस कमल के मध्य में कर्णीका भाग के ऊपर में छ कोणवाले यन्त्र को लिखे ॥३-४॥

उदार बुद्धिवाले आचार्य श्री के पूजक व्यक्ति को उस कमल दल के मध्येस्थित छ कोण वाले यन्त्र के बीचा मे दया दाक्षिण्यादि अनेक दिव्य गुणों से संशोभित सूर्यदेव के समान प्रकाश वाले अङ्ग- श्रीअनन्तानन्दाचार्यजी प्रभृति बारह शिष्यों के साथ आचार्य प्रवर दिव्य सर्वगुणगणों से अलकृत जगदगुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी को स्थापित करे ॥५॥

आराधक पुरुष मध्य में आचार्यश्री को पधारने के बाद यन्त्रमें दर्शाये अनुसार पूर्व दिशा के क्रमानुसार बारह सूर्य के समान दिव्यतेज से लोकोपकारक मुख्य शिष्य श्री अनन्तानन्दाचार्यजी के साथ कमल के एक एक केशर पर अन्य ग्यारह शिष्यों को भी पधरावे यानी पूर्व के प्रथम केशर में १ श्रीअनन्तानन्दाचार्य जी २ श्री सुरसुरानन्दाचार्य जी ३-श्री सुखानन्दाचार्य जी ४ श्री नरहर्यानन्दाचार्य जी ५—श्री -योगानन्दाचार्य जो ६ श्री पीपाचार्य जी ७ श्रीरामकबिराचार्य जी ८श्रीभावानन्दाचार्य जी९ श्रीसेनदासजी १०श्रीधनादासजी ११ श्रीगालवनन्दाचार्य जी१२ श्रीरमादास जी को विन्यास

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विन्यसेत् साङ्गमर्काभं तं दिव्यगुणशालिनम् ॥५॥
सपूर्वदिशमारभ्य दलेषु क्रमशो न्यसेत् ।

करे। साधकों को आराधना में सौविध्य के लिये साथ में यन्त्र दिया जा रहा है। यदि अनुकूलताहो तो सुवर्ण रजत या ताम्र का यन्त्र बनाकर श्रीवैष्णव कर्मकाण्डी



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनन्तानन्दमुख्यांस्तान् द्वादशादित्यसन्निभान्।।६।।
यन्त्रमेवं सुसम्पाद्य तदर्चनपराजणः ।
पूजयेत्तत्र तान्सर्वानर्घ्यपाद्यादिभिर्वरैः ।।७।।
पूजोपहारैः सकलैर्भक्त्या परमयायुतः ।
एकाग्रमानसो भूत्वा तमेव मनसास्मरन् ।।८।।

विद्वान् से विधिवत प्रतिष्ठा करवाले ताकि सर्वदा कार्य में लिया जा सके यन्त्र बनवाने में अनुकूलता नहो तो चन्दन से भोजपत्र कपडे या कागज में अंकित कर प्रतिष्ठा करवा कर पूजन करें । चौकी में तील चावल या गेहूं से भी यन्त्र बनाकर सविधि आचार्यश्री का आह्वान कर पूजन कर सकते हैं । आराधक के मन की स्थिरता एकाग्रता सम्बादन के लिये सामने में आचार्य श्री के तीरंगा श्री विग्रह की स्थापना आवश्यक है वह शास्त्रीय पद्धित से सम्पादित होना चाहिये जैसा की जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ- अहमदाबाद से प्रकाशित है ।।६।।

पूर्व में वर्णित क्रम से पूजा यन्त्र को अच्छी तरह से तैयार करके आराधना करनेवाले व्यक्ति को परम भक्ति से युक्त होकर मन को एकाग्र कर के अपने आराध्य जगदाचार्य श्री के पूजन में तत्पर हो उन्ही आचार्य श्री को मनसे स्मरण करता हुआ उस यन्त्र में सभी द्वादश शिष्यों के सहित आनन्दभाष्यकार जी का सम्पूर्ण पाद्य अर्घ्य आदि श्रेष्ठ षोडशोपचार साधनों— १ आवाहन २ आसन ३ पाद्य ४- अर्घ्य ५- आचमनीय ६- स्नान ७- वस्त्र ८- यज्ञोपवीत ९- गन्ध १० पुष्प ११- धूप १२ दीप १३ नैवेद्य १४ निराज १५ पुष्पाञ्जली १६ प्रदक्षिणा नमस्कारों से पूजन करना चाहिये ।।७–८।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नम आचार्यवर्याय रामानन्दाय धीमते ।
मोक्षमार्गप्रकाशाय चतुर्वर्गप्रदाय च ॥९॥
इतिमन्त्रविधानेन समर्चेद्विधिनार्चकः ।

अनन्तर पूजक को सभी आचार्यों मे श्रेष्ठ, बुद्धिशाली एवं सायुज्य मोक्षके मार्ग को प्रकाशित करने वाले तथा धर्म अर्थ काम एवं सामुज्य मोक्षरूप चारों पुरुषार्थों को प्रदान करने वाले जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी को सादर नमस्कार है, इस प्रकार मन्त्र को बोलते हुये दत्तचित्त होकर पूजा करना चाहिये अर्थात् निम्न श्लोकों द्वारा भक्ति पूर्वक पूजा सम्पन्न करे

आनन्दभाष्यकर्त्तारमानन्दपथदर्शकम् ।
आनन्दनिलयं वन्दे रामानन्दं जगद्गुरुम् ॥ध्यानम् ।
दिव्यदेहगुणाब्धे ! श्रीरामानन्द ! यतीश्वर ! ।
इहागच्छ महाचार्य ! करिष्याम्यर्चनं तव।१।आह्वानम् ।
वादिवारणशार्दूल ! रामानन्द ! जगद्गुरो ! ।
दिव्यासनेमयादत्तेस्थितोभव मुनीश्वर ! ॥२॥आसनम् ।
सिद्धैर्देवैर्नृपालैश्चार्चितस्त्वं भक्तवत्सल ! ।
इदं पाद्यं मयादत्तं गृहाण यतिभूपते ! ॥३॥पाद्यम् ।
दिव्यौषधरसोपेतं दिव्यगन्धेन संयुतम् ।
मया दत्तं गृहाणार्घ्यं श्रितानन्दविधायक !॥४॥अर्घ्यम् ।
वासितं हि सुगन्धेन पूतोदकं च निर्मलम् ।
गृहाणाचमनं स्वामिन् तापत्रयविनाशक ! ।५।आचनम्
ज्ञानाम्बुधे ! नमस्तुभ्यं यतीन्द्र ! करुणानिधे ! ।
मधुपर्कं मया दतं गृहाण त्वं त्रिदण्डधृत्!॥६॥मधुपर्कः।
आनीतं पुण्यतीर्थानां दिव्यौषधिसमन्वितम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्नातुं शुद्धं जलं दत्तं स्वीकुरु धर्मरक्षक !॥७॥स्नानम्।
परिव्राजकभूमृच्चानन्दभाष्यविधायक ! ।
वस्त्रं काषायवर्णं च गृहाण त्वं महाप्रभो ! ॥८॥वस्त्रम्।
मन्त्रद्रष्टृवशिष्ठर्षिगोत्रोत्पन्न ! द्विजोत्तम ! ।
उपवीतं गृहाणेदं ब्रह्मविद्यानिधे ! प्रभो!॥९॥उपवीतम्।
सुशीलानन्दन ! श्रीमल्लोकानां तापनाशक ! ।
मलयाचलसम्भूत गृहाण चन्दन शुभम्।१०।चन्दनम्।
धर्मशास्त्रोपदेशैश्च धर्माचारविवर्धक ! ।
दिव्यपुष्पैःकृतंहारंस्वीकुरुष्व दयाम्बुधे!।११।हारार्पणम्।
रामब्रह्मावतार ! श्रीरामब्रह्मोपदेशक ! ।
यशस्विन् गृह्यतां धूपं दिव्यगन्धं मनोहरम्।१२।धूपम् ।
घृतवर्तिसमायुक्तं दिव्यप्रकाशसयुतम् ।
प्रदत्तं गृह्यतां दीपं श्रौततत्त्वाब्जभास्कर ! १३॥दीपम् ।
घृतपक्वं च पूपादिपायसं मधुरं तथा ।
नैवेद्यं गृह्यतां देव ! नानाव्यञ्जनसंयुतम्॥१४॥नैवेद्यम्।
पीयूषसदृशं स्वादु शीतलं हिमवज्जलम् ।
गृहाणकरुणासिन्धो!यशोभिर्दीक्षुविश्रुत!॥१५॥ जलम् ।
दिव्यौषधिरसोपेतं दिव्यगन्धयुतं जलम् ।
दिव्यमाचमनं दत्तं गृहाण मुनिसत्तम!॥१६॥आचानम् ।
छत्रचामरसुस्तोत्रपुराणपठनादिभिः ।
सर्वै राजोपचारैश्च तुष्यतां यतिभूपते॥१७॥राजोपचारः।
घृताक्तवर्त्तीकर्पूरज्वालासमन्वितं मया ।
कृतं नीराजनंचेदस्वीकुरु कृपया प्रभो!॥१८॥नीराजनम्।
सुशीलानन्दन ! स्वामिन् ! पुण्यसद्मसुत ! प्रभो ! ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तिन्! पुष्पाञ्जलिं गृहाण मे ।१९ पुष्पाञ्जलिः

मया कृतानि पापानि ज्ञानादज्ञानतोऽथवा ।

भवन्तु तानि नष्टानि यतिराज! प्रदक्षिणात् ।२०। प्रदक्षिणम्

रक्षक ! वेदवादस्य दुर्वादध्वान्तभाष्कर ! ।

दत्तं च श्रीफलं स्वादु गृहाण भक्तिदायक! ।२१। श्रीफलम्

भक्तिप्रद ! नमस्तुभ्यं नमस्ते मुक्तिद! प्रभो !।

भूयोभूयोनमस्तुभ्यं रामानन्दजगद्गुरो! ।।२२।। नमस्कारः

उपलब्धोपचारैस्ते कृता पूजा जगद्गुरो ! ।

सा सर्वा पूर्णतां यातु ह्यपराधं क्षमस्व मे ।२३। क्षमापनम्

श्रितानां रक्षक ! स्वामिन् ! महाचार्यशिरोमणे !

सुखदां देहि ते भक्तिं रामानन्द ! जगद्गुरो ! ।।२४।।

रामब्रह्मसमारब्धां रामानन्दार्यमध्यमाम्

निजाचार्यान्तिमां वन्दे निजाचार्यपरम्पराम् ।।२५।। प्रार्थना।

अनन्तर आचार्य जी के निम्न १०८ नामों से पूजा करे-

ॐरामानन्दाय नमः।ॐरामरूपाय नमः।ॐराममन्त्रार्थविदे नमः। ॐकवये नमः।ॐराममन्त्रप्रदाय नमः।ॐरभ्याय नमः।ॐराममन्त्ररताय नमः।ॐप्रभवे नमः।ॐयोगीवर्याय नमः।ॐयोगगम्याय नमः ॐयोगज्ञाय नमः।ॐयोगसाधनाय नमः। ॐयोगिसेव्याय नमः। ॐयोगनिष्ठाय नमः। ॐयोगात्मने नमः। ॐयोगरूपधृगे नमः। ॐसुशान्ताय नमः।ॐशास्त्रकृते नमः।ॐशास्त्रे नमः। ॐशत्रुजिते नमः। ॐशान्तिरूपधृगे नमः। ॐ समयज्ञाय नमः। ॐशमिने नमः।ॐशुद्धाय नमः। ।ॐशुद्धधिये नमः:ॐशुद्धवेषधृगे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नमः । ॐ महते नमः।ॐ महामत्ये नमः । ॐ मान्याय नमः ॐ वदान्याय नमः ।ॐ भीमदर्शनाय नमः । ॐभयहृते नमः। ॐ भयकृते नमः । ॐ भर्त्रे नमः । ॐ भव्याय नमः । ॐ भवभयापहाय नमः। ॐभगवते नमः । ॐभूतिदाय नमः ॐभोक्त्रौ नमः ॐभूतेज्याय नमः । ॐभूतभृते नमः ॐत्रि-भर्त्रे नमः । ॐज्ञातज्ञेयाय नमः । ॐअतिगंभीराय नमः । ॐगुरवे नमः । ॐ ज्ञानप्रदाय नमः । ॐ वशिने नमः । ॐअमोघाय नमः । ॐअमोघदृगे नमः । ॐदान्ताय नमः । ॐअमोघभक्तये नमः । ॐअमोघवाचे नमः । ॐसत्याय नमः ॐसत्यव्रताय नमः । ॐसभ्याय नमः ।ॐसन्प्रियाय नमः । ॐसत्परायणाय नमः । ॐसुसिद्धाय नमः । ॐसिद्धिदाय नमः। ॐसाधवे नमः। ॐसिद्धिभृते नमः । ॐसिद्धिसाधनाय नमः। ॐसिद्धिसेव्याय नमः ।ॐशुभकराय नमः । ॐसामविदे नमः । ॐ सामगाय नमः । ॐमुनये नमः । ॐपूतात्मने नमः । ॐ पुण्यकृते नमः । ॐपुण्याय नमः । ॐपूर्णाय नमः । ॐ पू-र्तिकराय नमः । ॐअघहते नमः । ॐअच्च्याय नमः । ॐ अर्चकाय नमः । ॐकीर्तिने नमः । ॐसौम्याय नमः । ॐ कृतज्ञाय नमः । ॐक्रतुकृते नमः । ॐक्रतवे नमः । ॐअज-य्याय नमः । ॐशीलवते नमः । ॐजेत्रो नमः । ॐत्रिनेत्रो नमः । ॐनीतिमते नमः । ॐस्वभ्वे नमः । ॐत्यागिने नमः। ॐश्रुतिधराय नमः ।ॐश्रीमते नमः । ॐश्रीदाय नमः । ॐ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्घ्यपाद्यादिभिस्तैस्तैर्गन्धयुष्पाक्षतैः फलैः ॥१०॥

नैवेद्यैरुत्तमैः श्रेष्ठैःषड्रसैः सुमनोहरैः ।

श्रीनिधये नमः । ॐआत्मदाय नमः । ॐसर्वज्ञाय नमः । ॐसर्वगाय नमः । ॐसाक्षिणे नमः । ॐसमाय नमः । ॐसमशद्दये नमः । ॐसदर्शे नमः । ॐशुभज्ञाय नमः । ॐभुभदाय नमः । ॐशोभिनेनमः । ॐशुभाचाराय नमः । ॐ सुदर्शनाय नमः । ॐ जगदीशाय नमः । ॐजमतपूज्याय नमः । ॐयशस्विने नमः । ॐद्युतिमते नमः । ॐध्रुवाय नमः । ॥९॥

आचार्यश्री की आराधना करने वाला साधक ऊपर बताये अनुसार "ॐ नमः आचार्य वर्याय श्रीरामानन्दाचार्याय" इस मन्त्र से पाद्य अर्घ्य गन्ध पुष्प अक्षत फल छरस युक्त मनोहर उत्तम नैवेद्य ताम्बुल एवं दाक्षिणा आदि उन उन उत्तम सामग्रियों से सविधि उन जगदाचार्य श्री का पूजन करे अनन्तर नृत्य गान स्तुति कवच प्रभृतिकी पाठ प्रार्थना आदि से उन्हे सन्तुष्ट करे—

यज्ञानामवरोधतः श्रुतिपथप्रध्वंसनात्तत्क्षणे
पापाचारचणैरियं खलगणै र्व्याप्ताक्षितिर्दुःखिता ।
दुःखाद्येनविमोचिता गुरुरसौ प्रचार्यवर्यो महान्
रामानन्दयतिर्जगत्त्रयगुरुर्वोऽव्यात्सुरेन्द्राचितः ॥
अज्ञानाम्बुनिमग्नमानवकृते वेदान्तसूत्रे व्यधान्
मायिध्वान्तनिराकरिष्णुविशदं स्वानदभाष्यं शुभम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ताम्बुलैर्दक्षिणाभिस्तं तोषयेन्नृत्यगीतिभिः ॥११॥
एवं दलेषु शिष्यांस्तान् पूजयेदमलात्मना ।

येनार्येण कृतं समोपनिषदि प्रेम्णा च भाष्यं बृहद्
रामानन्दयतिर्जगत्त्रयगुरुर्वोऽव्यात्सुरेन्द्रार्चितः ॥
जैनारण्यगजेन्द्रदारणपटुः कण्ठीरवो भीषणो
बौद्धानां चलहारको द्विजगणानान्धर्मसंयोजकः ।
गीताभाष्यकृदेष दैशिकपतिर्योगीन्द्रचूडामणी
रामानन्दयतिर्जगत्त्रयगुरुर्वोऽव्यात्सुरेन्द्रर्चितः ॥
परै र्वेदान्तार्थे कलुषितपथं प्रापयति यो
विशिष्टाद्वैताख्यं प्रथिततममेतत्प्रकटयन् ।
परप्रत्यग्भेदं श्रुतिशिरसि सिद्धं विशदयन्
यती रामानन्दः स हि सुगुणसिन्धुर्विजयते ॥

आदि से स्तुतिकर अनुकूलता के अनुसार अन्यस्तोत्रों का भी पाठ करे ॥१०–११॥

आनन्दभाष्यकार जी के पूजानुसार ही निर्मल मन होकर साधक को कमल के दलों में उन श्री अनन्तानन्दाचार्य प्रभृति सभी बारह शिष्यों को "प्रणवादि नमोऽन्तञ्चचतुर्थ्यन्तञ्च सत्तम । देवतायाः स्वकं नाम मूलमन्त्रः प्रकीर्तितः" इस वचनानुसार "ॐ श्रीअनन्तानन्दाचार्याय नमः" इस प्रकार के आदि में ओं कार मध्य में चतुर्थी विभक्ति युक्त नाम के अन्त में नमः शब्द को लगाकर विधिपूर्वक उन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रणवादिचतुर्थ्यन्तनाममन्त्रैर्विधानतः ॥१२॥
स्तुवीत स्तुतिभिर्देवं सशिष्यं भक्तितत्परः ।
ज्ञानविज्ञानदीपं तमुदारयशसं प्रभुम् ॥१३॥

उन दलों में पूजन करना चाहिये अर्थात्–श्रीस्वयंभू अवतार स्वरूपाय ॐ अनन्तानन्दाचार्याय नमः श्रीनारद अवतार स्वरूपाय ॐ सुरसुरानन्दाचार्याय नमः श्री शंभु अवतार स्वरूपाय ॐ सुखानन्दाचार्याय नमः श्री सनत्कुमार अवतार स्वरूपाय ॐ नरहर्यानन्दाचार्याय नमः श्री कपिल अवतार स्वरूपाय ॐ योगानन्दाचार्याय नम श्री मनु अवतार स्वरूपाय ॐ पीपाचार्याय नमः श्री प्रह्लाद अवतार स्वरूपाय ॐ रामकबिराय नमः । श्री जनक अवतार रूपाय ॐ भावानन्दाचार्याय नमः श्री भीष्म अवतार रूपाय ॐ सेनदासाय नमः श्री बलि अवतार रूपाय ॐ धनादासाय नमः श्री शुकदेव अवतार रूपाय ॐ मालवानन्दाचार्याय नमः श्री धर्मअवतार रूपाय ॐ रमादासाय नमः

इस प्रकार यन्त्रमें निर्दिष्ट नामों पर यथोपचार पूजा करना चाहिये ॥१२॥

पूजा विधान सम्पन्न होजाने पर साधक अति भक्ति भावनासे ज्ञान एवं विज्ञान को प्रकाशित करने वाले सर्व समर्थ दीपस्वरूप तथा उदार हृदयवाले एवं यशस्वी देव जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी की सभी बारहशिष्यों के साथ निम्न श्लोकों से स्तुति करे ॥१३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जगद्गुरो ! नमस्तेऽस्तु हरये विश्वबन्धवे ।
मोक्षमार्गप्रकाशाय प्रणतार्तिहराय ते ॥१४॥
स पार्षदाय साङ्गाय सदा पावनकीर्तये ।
नमस्तेऽगाधबोधाय प्रणताभीष्टदायिने ॥१५॥

हे जगत के गुरुजी ! हे सर्वपाप को हरण करने वाले ! हे विश्व के हित करने वाले ! हे सायुज्य मोक्ष के मार्ग का प्रकाशक ! हे शरणमें आये जीवों के दुःखों का नाशकरने वाले ! आपको इस सेवक का नमस्कार– सादरदण्डवत् प्रणाम है वह स्वीकार करें ॥१४॥

श्रीअनन्तानन्दाचार्य जी आदि पार्षदों तथा उपाचार्य –द्वाराचार्य प्रभृति अंगो के साथ सदा विराजमान एवं लोंगो को पवित्र करने वाली कीर्ती वाले तथा अगाध तत्त्व बोध वाले और प्रणत–शरण में आये जनों को अभीष्ट पदार्थ देने वाले हे अनन्त महापुरुष ? आचार्य प्रवर ! आपको सादर नमस्कार है प्रकृत श्लोक में पार्षद एवं अंगो के साथ आचार्य जी की पूजा एवं स्तुति का विधान है नित्य पार्षद श्री अनन्तानन्दाचार्य आदि द्वादश महा भागवतों का संक्षिप्त चरित व पूजाविधान पीछले उन उन के अवतार सूचक श्लोंकों तथा पीछले १२ वें श्लोक में चर्चित है । अंग–उपाचार्यों–द्वाराचार्यों का अतिसंक्षिप्त चरित भी पीछले १३२ अध्यायके ५३ वें श्लोक में है इन सबों को भी पीछे बताये विधान के अनुसार पुजा करें ।१५।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सत्यव्रताय शान्ताय दान्ताय जगदात्मने ।
नमोऽनन्ताय महते निर्जिताशेषविद्विषे ॥१६॥
विधृतज्ञानमुद्राय योगिने योगशालिने ।
नमस्तेऽस्तु दयासिन्धो? जगज्जन्मादिहेतवे॥१७॥
भीमे भवार्णवेऽनन्यः शरणः पतितः प्रभो ? ।
पादपद्मद्वयं तेऽहं व्रजामि शरणं सदा ॥१८॥

मन बुद्धि अहंकार एवं चित्त इन चारो को वशमें रखकर साधनामें व्यावृत शान्त स्वरूप एवं इन्द्रियों को वशमें रखकर कार्यदक्ष तथा सत्य व्रत और जगत् के आत्मास्वरूप एवं अनन्त रूपसे स्थित होकर सर्वजन पूजनीयता को प्राप्त तथा सनातन श्रीवैष्णव धर्म के विरोधी समस्त व्यक्तियों को जितने वाले आनन्दभाष्यकार आचार्य श्रीको अनेक वार सादर नमन है ॥१६॥

ज्ञानमुद्रा धारण कर योगसाधनामें तल्लीन एवं पारमार्थिकयोग साधना से सुशोभित संसार के जन्म स्थिति एवं संहार के कारणरूप हे दयाके समुद्रस्वरूप आचार्य प्रवर आपको सादर वन्दन है ॥१७॥

हे सर्वजनोद्धारण समर्थ आचार्य प्रवर ? मैं भयंकर संसार स्वरूप मुद्रमें पडा हुआ हूं मेरा आपओ छोड अन्य कोइ भी रक्षक नहीं है इस लिये मैं आपके श्री चरण कवलों का शरण ग्रहण करताहूं शरणागत को सर्वदा के लिये अभय प्रदान करने वाले प्रभो ? मेरी रक्षा करें ? ॥१८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इत्यभिष्टूय तं धीमान् दद्यात्पुस्पाञ्जलिं मुदा ।
प्रणमेद्दण्डवद्भूमौसाष्टाङ्गं विधिवत्ततः ॥१९॥
अथजन्मकथान् तस्य श्रृणुयात् पापनाशिनीम् ।
गदतां श्रृण्वतामाशु विशदां तां शुभप्रदाम् ।२०।
एवं मुने ? त्वं जानीहि तदर्चनविधिं महत् ।

बुद्धिमान् साधक को पूर्वोक्त प्रकार से प्रसन्नता पूर्वक आचार्यश्री की स्तुति कर के आचार्य श्री के श्रीचरणों में पुष्पाञ्जलि अर्पित करना चाहिये । अनन्तर विधिवत् अर्थात्
"उरःशिरो दृष्टि मनोवचः पदद्वयप्रसजत्करयुग्म जानुभिः ।
अङ्गैः क्षितौ तं प्रणमेदथाष्टभिर्दीर्घतथैतैः कृतधीश्चादण्डवत्"
श्री वैष्णवमताब्जभास्कर ५—१७ के इस आचार्य चरणादेश के अनुरूप-मन वचन दोनो पैर दोनो जानु घुटना छाती शिर मस्तक नेत्र युगल एवं फैलाया हुआ दो बांह तथा हाथ इन आठ अंगोसे पृथिवि में दण्ड की तरह लेटकर साष्टांग दण्डवत् प्रणाम करे ॥१९॥

आचार्य श्री को दण्डवत् प्रणाम करने के बाद कहने वाले एवं सुनने वाले दोनों के ही पापों का नाश करने वाली एवं शीघ्र ही शुभ फलों को प्रदान करने वाली जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी की विविध प्रकार की विशद् अवतार कथाओं को सावधान होकर सुने ॥२०॥

हे मुनिजी ? जगदाचार्यश्री के महान् पूजन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लोकेऽनेन विधानेन तमभ्यर्च्यमहामुनीम् ।२१।
प्राप्स्यन्ति च क्षितौ लोका वाञ्छितार्थमसंशयम् ।
नरास्तद्भावनायुक्ताः प्रणता विशदाशयाः ।२२।
मुने ! स भगवान्नित्यं सुतीक्ष्ण ! जगदीश्वरः ।
सत्यसन्धोहरिर्जातो विधास्यति शुभं नृणाम् ।२३।
चार्वाकादिमतारूढान् बहुधा दुर्मतीन् कलौ ।
करिष्यति नरान् जित्वा रामभक्तिपरायणान्।२४।
यत्प्रतापवशादेव भविष्यन्ति कलौ नराः ।

विधिको पूर्वोक्त प्रकार से जानें, लोक में नम्र एवं भक्ति भावयुक्त स्वच्छ अन्तः करण वाले साधक जन पूर्व वर्णित विधान के अनुसार उन महापुरुष श्रीरामरूप श्रीरामानन्दाचार्य जी का पूजन कर अभिवाञ्छित फल को प्राप्त करें गे इस में संशय नहीं है ।।२१-२२।।

हे सुतक्षण मुनी जी ! सत्य प्रतिज्ञा वाले भक्तों के दु:खों को अपहरण करने वाले जगदीश्वर ने भगवान् श्री रामजी पूर्व कथित प्रकार से पार्षदों के साथ अवतार लेकर संसार के मनुष्यों का कल्याण करें गे ।।२३।।

वे आचार्यश्री कलियुग के प्रतापसे पथ भ्रष्ट जनों को कलियुग में भी चार्वाक बौध आदि नास्तिक मत में स्थित दुर्मति वाले जनों को शास्त्रार्थ से सत युक्ति से मन्त्र शक्ति से सिद्धि- चमत्कृति आदि अनेक उपायों से जीतकर सनातन श्रीवैष्णव धर्मानुकूल कर के उन सभी को श्रीराम भक्ति परायण करदेंगे ।।२४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धर्मनिष्ठास्तपोनिष्ठा मोक्षमार्गरताः सदा ॥२५॥
तस्मिन् महीतलं याते नृणां किं वर्णयाम्यहम् ।
भाग्यं साक्षाद्धरौ प्रीतेसच्चिदानन्दविग्रहे ॥२६॥
धन्यास्तदातन्मुखपङ्कजं नरा
द्रक्ष्यन्ति ये तापहरं च पश्यताम् ।
श्रोष्यन्ति वाचं परमामृतायनां
ते भूरिभाग्या व त निर्मलाशयाः ॥२७॥

इति श्रीअगस्त्य संहितायां सुतीक्ष्णागस्त्य सम्वादे भविष्यखण्डे साङ्ग सशिष्य श्रीरामानन्दाचार्ययन्त्रार्चनप्रकारोनाम त्रयत्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः

卐 १३३ 卐

श्रीमते रामानन्दाचार्याय नमोनमः

भयावह कलियुगमें भी उन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी के प्रबल प्रताप के कारण नर सदा धर्मनिष्ठ तपनिष्ठ एवं सामुज्य मोक्ष के मार्गमें निरत होंगे ॥२५॥

मुनीश्वर सुतीक्ष्ण ! सत् चित् एवं आनन्द विग्रह वाले भक्तों के दुःखों को हरण करने वाले साक्षात् श्रीरामचन्द्रजी के पृथिवीमें श्रीरामानन्दाचार्यजी के रूपमें अवतरित होने पर मनुष्यों के भाग्य का वर्णन मैं क्या करुं अर्थात् साधक जनोंने वर्णनातीत आनन्द का अनुभव किया ॥२६॥

श्रीसुतीक्ष्णजी ! जो दर्शन करने वाले मनुष्यों के दैहिक दैविक एवं भौतिक तीनों तापोंको दूर करने वाले जगदाचार्यश्री के मुखरूप कमल का अवलोकन करेंगे वे धन्य हैं तथा जो अति निर्मल अन्तः करण वाले आचार्यश्री के अमृत के समान सुखदायक श्रीवचनामृतों का श्रवण करेंगे वेभी बडेभाग्यशालीहैं।२७।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

卐 नमः परब्रह्मणे श्रीरामाय 卐

प्रस्थानत्रयान्दभाष्यकाराय नमो नमः

शिष्यैर्द्वादशभिः श्रीमानथैतैरर्करन्निभैः ।
सूर्यैद्वादशभिर्नित्यं यथा विष्णुः प्रतापवान् ॥१॥
विराजमानः सततं पर्यटन्नवनीमिमाम् ।
द्वारकादिषु तीर्थेषु तत्र तत्र जगद्गुरुः ॥२॥
विद्विषां जित्वरो वादैः श्रुतिस्मृतिसमुत्थितैः ।
विपरितान् वशीकुर्वन् कुर्वन् शिष्यांश्चतानथ ॥३॥
षडक्षरं मन्त्रराजं तेभ्यश्चोपदिशन् मुनिः ।

अनन्तर अपने अवतार के उद्देश्यों—अनादि वैदिकविशिष्टाद्वैत मत रूप धर्मसंस्थापनार्थ तीर्थाटन को निमित्त बनाकर श्रीद्वारका—विश्राम द्वारक श्रीरामेश्वर श्रीजगन्नाथपुरी श्रीबद्रिनाथ प्रभृति सभीतीर्थों में जिसप्रकार बारहसूर्यों के साथ अति प्रताप वाले श्रीविष्णु भगवान् शोभित होतेहैं उसीप्रकार बारह सूर्य के समान अति प्रतापशाली द्वादशशिष्यों के साथ विराजमान होकर यतिराज जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी सर्वदा उन उन प्रसिद्ध अप्रसिद्ध सभी भारतीय तीर्थस्थानों में भ्रमण करेंगे१-२

विशिष्टाद्वैत मत बाद विरोधि मायावादी प्रतिबिम्बवादी आदी शत्रुओं को श्रुतिस्मृति इतिहास आदि सत् शास्त्र एवं सत् तर्क तथा सत् युक्तियोंसे पराजीत करते एवं विपरिताचरण—वेद मार्गविरुद्ध आचरण वाले जैन बौद्ध शाक्त प्रभृतियों को सत् वादों से वशमें कर उन्हे शिष्य बनाकर सनातन श्रीवैष्णव धर्म में प्रवर्तन करते हुये समस्त भारतवर्षमें परि भ्रमरण करेंगे३

जहां तहां स्वशरणापन्न जनो को षडक्षर मन्त्रराज श्रीरा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मन्त्रार्थं श्रावयन्नित्थं मन्त्रज्ञैस्तैरुपासितः ॥४॥
आसमुद्रं चतुर्दिक्षु विचरन् धर्मतत्परः ।
कर्ता वै बहुधालोकं रामाभिरतमुत्तमम् ॥५॥
लेष्यन्ति नास्तिकास्तस्य प्रतापहततेजसः ।
तमोपहे यथासूर्येऽभ्युदिते तारकागणः ॥६॥
एवमेवात्र सुतीक्ष्ण ! विचरन् सर्वतो मुनिः ।
श्रेयः सम्पादयन् नृणां हरन्नज्ञानजं तमः ॥७॥
राजिष्यते स्वयं स्वीयैर्भानुभिर्भानुमानिव ।

म महामन्त्र का उपदेश करते हुये श्रीराम महामन्त्र के तत्त्वो को जानने वाले साधकों से उपासित—सेवित होकर उन जिज्ञासुओं को श्रीराममन्त्रों के अर्थों-तात्पर्यार्थ रहस्यार्थ आदि को उपदेश करते हुये भ्रमरण करेंगे ॥४॥

श्रीवैष्णव धर्म चक्र स्थापन में संलग्न जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी पूर्व पश्चिम उत्तर एवं दक्षिणमें समुद्र पर्यन्त चारों दिशाओं में परिभ्रमण करते हुये अनेक शस्त्र शास्त्र तथा उपदेश आदि अनेक प्रकार से लोगोंको सर्वतो भावसे श्रीरामचन्द्रजी के प्रति विशिष्ट अनुराग वाले बनायेंगे ॥५॥

उन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी के प्रताप से नष्ट तेज होकर नास्तिक लोग उसी तरह नष्ट शक्ति होकर छिप जायेंगे जैसे तम को नाश करने वाले सूर्य देव के उदित होने पर तारागण नष्ट तेज होकर छिप जाते हैं ॥६॥

मुनीश्वर सुतीक्ष्ण जी ! पूर्व वर्णित क्रम से संसार को धार्मिक रूप से पालन—पोषण में तत्पर श्रीरामतत्त्व मननशील जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी आर्यवर्त में सर्वत्र भ्रमण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

असंख्येयैर्गुणैः शुभ्रैर्जगत्पालनतत्परः ॥८॥
प्रकृत्याशीलसम्पन्नो दयारत्नकरो महान् ।
धर्मत्राणाय लोकेऽस्मिनवतीर्णः परः पुमान् ॥९॥
महाव्रतधरो धीमान् सर्वविद्याविशारदः ।
निस्पृहः सर्वकामेभ्यः स्वात्मारामो महामुनिः १०

करते मनुष्यों के कल्याण रूप लक्ष्य का सम्पादन करते हुये एवं उनके अज्ञान रूप अन्धकार का हरण करते हुये जिस प्रकार सूर्यदेव अपनी किरणों से शोभित होते हैं उसीप्रकार अपने ही अनन्त निर्मल दया दाक्षिण्यादि निर्मल एवं श्रीअनन्तानन्दाचर्यादि गुण–स्वभाव वाले शिष्य वर्गों से प्रकाशित होंगे ॥७ —८॥

वे प्रकृति–स्वभाव से ही शील से युक्त दया के समुद्र सर्व व्यापक परम पुरुष श्रीरामजी ही 'रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले' इस आगम वचन के अनुसार श्रीरानन्दाचार्यजी के रूप में "यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारतः। आभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्" इस प्रतिज्ञा वचान के अनुसार श्रीवैष्णव धर्म संरक्षणार्थ इस भारत वसुन्धरा में अवतरित होये हैं ॥९॥

वे विशिष्ट बुद्धिशाली सभी विद्याओं में पारंगत एवं सर्वदा श्रीरामजी की सेवारूप महान् व्रत को धारण करने और सभी लौकिक कामनाओं से निस्पृह तथा केवल स्व आत्मा चिन्तन एवं परमात्मा रूपतत्त्व चिन्तन में ही मग्न रहने वाले महामुनि श्रीरामानन्दाचार्यजी इस भूतल में स्वयं प्रसिद्ध होंगे ।१०।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रामानन्द उदारकीर्तिरतुलः श्रीयोगिवर्याग्रणीः
पाखण्डाद्रिविभेदनाशनिरहो धर्माभिसम्वर्धनः ।
श्रीमान् दिव्यगुणालयोनिजयशः स्तोमाङ्कितक्ष्मातलः
सिद्धध्येयपदाम्बुजोविजयतेऽज्ञानान्धकारापहः ११
वेदार्थसम्पादकसम्मुखाम्बुजस्त्रितापसंहारकचारुलोचनः ।

अनुपम उदार कीर्ति वाले साधनारत योगियों में श्रेष्ठ एवं पाखण्ड रूप पर्वतों के विदारण करने में वज्र के समान और सारे संसार में श्रीवैष्णव धर्म का विस्तार करने वाले तथा दया दाक्षिण्य शौशिल्य आदि अनेक दिव्य गुणों के आधार स्थान और अपने शुभ यश समूह से पृथिवी को अलंकृत करने वाले तथा जिन आचार्यश्री के चरण कमलों का ध्यान सिद्ध साधक पुरुष वर्ग किया करते हैं और अज्ञान रूप अन्धकार को तत्त्व ज्ञानोपदेश से नाश करने वाले हैं ऐसे जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी सर्वोत्कृष्ट रूपसे विराजमान हैं ११

जिन आचार्यश्री का मनोहारी मुख रूप कमल वेद एवं वेदान्त आदि शास्त्रों के वास्तविक अर्थ को सम्पादन विवेचन द्वारा लोगों को समझाने वाला है एवं जिनके आकर्षक नेत्र दैहिक दैविक तथा भौतिक तीनो तापों को हरण करने वाले हैं और जिन आचार्यश्री के श्री चरण कमल शरणापन्न जनों को संसार रूप समुद्र से सदा के लिये पार उतार देने वाले हैं एवं जिह्नोंने जीवों के इच्छित फल सायुज्य मुक्ति की प्राप्ति के लिये तारक षडक्षर श्रीराम महामन्त्र रूप कल्पवृक्ष सभी को प्रदान किया—सुलभ कराया आचार्य चक्र चूडामणिजी की दिव्य घोषणा है—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भवाब्धिसन्तारकपादपङ्कजो निजेष्टपूर्त्यर्पितकल्पपादपः १२
विधूतशत्रुर्धृविमान् धरातलं यशस्समूहैर्विदधत् सुनिर्मलम् ।
प्रकाशमानात्मविभूतिभूषितःप्रभूतविद्याप्रभवःप्रभाववान् १३
प्रतापसन्तापितशत्रुमण्डलःसुसद्यशोऽलंकृतभूमिमण्डलः ।

'सर्वे प्रपत्तेरधिकारिणः सदा शक्ता आशक्ता पदयोर्जगत्प्रभोः ।
अपेक्षते तत्र कुलं बलं च नो न चापि कालो न च शुद्धतापि वै'

(श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर ४–५०)

अर्थात् श्रीरामचन्द्रजो की शरणागति में सव को अधिकार है चाहे वह बलवान् हो बलहीन हो उच्चा कुलोद्भव हो अथवा नीचा हो क्योंकि भगवान् बहुत कृपालु हैं अतः वे स्व प्रपत्ति में कुल जाति आदि की अपेक्षा नहीं रखते ऐसी उदार घोषणा कर उसका अक्षरश पालन कर के उदारण प्रस्तुत करने वाले अन्य कोई आचार्य नहीं हैं ऐसे सर्वजनें के उद्धारक आचार्यजी सर्वतोभाव से विजयीहें १२

धैर्य शाली एवं शत्रुओं पर विजय प्राप्त किये हुये और स्व यश समूह से घरातल को अतिनिर्मल करने वाले एवं प्रकाशमान और अणिमा महिमा आदि आठें ऐश्वर्यों से विभूषित तथा विशेष प्रभाव वाले और अनेक विद्याओं के उत्पत्ति के स्थान जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी सर्वोत्कर्ष रूप से विराजमान हें ॥१३॥

अपने प्रचाण्ड प्रताप से शत्रु को सन्तापित करने वाले एवं अपने सुयश से भूमण्डल को विभूषित करने वाले तथा सम्पूर्ण संसार का मंगल करने वालें एवं सत्पुरुषों से समाराध

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

समीहिताशेषजगत्सुमङ्गलःसदर्चनीयोऽखिलमङ्गलायनः १४
सत्सम्प्रदायाम्बुजभास्करोऽग्रणीविनीतनीताखिलवाञ्छितार्थकः
निगूढवेदार्थविदीपनस्तैरुदारवृत्तैर्महितो महात्मभिः १५
गुणेन शीलेन श्रुतेन कर्मणा प्रकाशमानः किरणैर्यथारविः।
हरंस्तमो नैशमुदारदीधितिर्विनिर्जिताशेशसपत्नसंहतिः १६
करोतुनोऽदभ्रदयोधिमङ्गलं सपार्षदो दर्शित भूर्यनुग्रहः।

नीय और सम्पूर्ण मंगल-कल्याण के आधारभूत जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी सर्वोत्कर्ष रूप से विराजमान हों ॥१४॥

सत्-अनादि वैदिक श्रीवैष्णव सम्प्रदाय रूप कमल को प्रकाशित करने वाले सूर्य स्वरूप एवं अति श्रेष्ठ और विनय सम्पन्न साधकों से प्राप्तव्य समस्त पदार्थों से समलंकृत एवं उन्हें प्रदान करने वाले तथा अति निगूढ–गहन वेदों के अर्थों को आनन्दभाष्यों तथा श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर प्रभृति महा प्रबन्धों के व्याख्यान–प्रवचन द्वारा प्रकाशित करने वाले और अति उदार आचरण वाले तथा उदार चरित महात्माओं से पूजित जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी सदा विजयी हों १५

जैसे सूर्य देव अपने असाधारण असंख्य किरणों से निशा के घोर अन्धकार को नाश कर प्रकाशमान् होते हैं उसीतरह दया दाक्षिण्यादि गुण शील एवं सर्वशास्त्र पारंगतता तथा तदनुरूप कर्मों के आचरण रूप किरणों से शास्त्र विरुद्धाचरण जनित अन्धकार रूप सभी शत्रुओं को जीतकर आचार्य श्री संसार में प्रकाशित होंगे ॥१६॥

श्रीवैष्णवधर्म मर्यादानुरूप श्रीवैष्णव सन्यास आश्रम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गृहीतधर्मा यतनाकृतिः कृतीकृतार्थयल्लोकमिमंचराचरम् १७
उपप्लुतंधर्मविरोधिभिर्जगत्सनाथमाद्योविदधत्कृपानिधिः।
विधत्सुरस्याघनिवर्हणंयशस्तनोतु नोऽजस्रमसौसुमंगलम् १८
जगत्प्रतीपानभितोनिरस्ययश्चकार धर्माभिरतं सतां प्रभुः।
अशेषसत्पूजितपादपङ्कजः सुमङ्गलं नो वितनोतु सर्वदा १९

इति श्री अगस्त्यसंहितायां भविष्य खण्डे श्रीरामानन्दाचार्य दिग्विजयवर्णनं नाम चतुस्त्रिंशदुत्तरशततमोऽध्याय:

(१३४)

श्रीमतेरामानन्दार्याय नमोनम:

धर्म को ग्रहण कर त्रिदण्ड से मण्डित श्रीविग्रह वाले परम दयालु हे आचार्यजी ! आप चराचर इस लोक को कृतार्थ करते हुये वारह पार्षदों के साथ हमारे भी इच्छित पदार्थ को प्रदान करें यानी हमे भी मङ्गल रूप सायुज्य मुक्ति प्रदान करें ।।१७।।

श्रीब्रह्मा जी एवं श्री शङ्कर जी प्रभृति देवों के भी आदि कारण रूप एवं कृपा के समुद्र सनातन धर्म विरोधियों से पीडित इस संसार को सनाथ–पीडा से मुक्त करने वाले एवं इस संसार में फैले पापाचार को नाश करने वाले संसार में प्रसिद्ध जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी स्तुति करने वाले हम सवों के सुमङ्गल कारी यश को सर्ददा विस्तारित करें।१८।

जिन सर्व समर्थ जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी ने जगत् में सनातन धर्म विरुध आचरण करनेवालों को सभीतरहसे निरस्त–दूरकर- हटाकर सज्जनों से समाचरित श्रीवैष्णव धर्म में अभिरत–श्रीवैष्णव धर्माचरण शील किये वे समस्त सत्पुरुषों से सदा पूजित चरण कमल वाले आनन्दभाष्यकारजी स्तुती करने वाले हमसब की अभीष्ट सायुज्यमुक्तिरूपसिद्धि कोप्रदान करें १९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सर्वेश्वर श्रीसीतारामाभ्यां नमः

श्रीहनुमते नमः

रामानन्दमहं वन्दे योगिध्येयाङ्घ्रिपङ्कजम् ।
उदारयशसं देवं शान्तमूर्तिं शुभप्रदम् ॥१॥
अष्टोत्तरशतं वक्ष्ये नाम्नां यस्य महात्मनः ।
यैरिज्यमानो भगवान् कामानाशु प्रदास्यति ॥२॥
पठतां पठितैर्ध्यातैर्ध्यायतां शृण्वतां श्रुतैः ।
शुभप्रदैः सतां ग्राह्यैर्महापापप्रणाशनैः ॥३॥
रामानन्दोरामरूपो राममन्त्रार्थवित्कविः ।

योगियों के ध्यान करने योग्य श्रीचरण कमल वाले एवं उदार-विस्तृतयश वाले तथा कल्याण प्रदानकरने वाले शान्त स्व रूपऔर देदिव्यमान शरीर वाले प्रस्थानत्रयानन्दभाष्यकार जगद् गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजीकोवन्दना-सादर दण्डवत् प्रणामकरता हूं १

महर्षि अगस्त्य श्रीसुतीक्ष्णजीसे कहते हैं हे सुतीक्ष्णजी ! अव मैं महान् आत्मा उन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी के अष्टोत्तर शत एक सौ आठ नामों को कहताहूं उसे सावधान तया सुनें जिन नामों से पूजा करने पर भगवान् श्रीरामानन्दा चार्यजी पूजक के कामनाओं को शीघ्र पूर्ण करेंगे ॥२॥

वे आचार्यश्री के एक सौ आठ नाम सत् पुरुषो के ग्रहण करनेयोग्यहैं एवं महापापोंके समूहका नाशकरने वालेऔर कल्याण प्रदहैं। तथैव उन दिव्य नामो का ध्यान करनेसे ध्यान करने वालो तथा श्रद्धासे सुननेसे सुनने वाले और पठन करनेसे पठन करने वालो की सभी कामनाओं को जगद्गुरु श्रीरामान न्दाचार्यजी पूर्णकरदेंगे ॥३॥

रामानन्दः=श्रीरामतत्त्वों के अनुसधान्न से आनन्दका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रामसन्त्रप्रदोरम्यो राममन्त्ररतः प्रभुः ॥४॥
योगिवर्यो योगगम्यो योगज्ञो योगसाधनः ।
योगिसेव्यो योगनिष्ठो योगात्मा योगरूपधृक् ॥५॥
सुशान्तः शास्त्रकृत् शास्ता शत्रुजिच्छान्तिरूपधृक् ।

अनुभव करने एवं कराने वाले–यह आचार्यश्री का अवतार सूचक आगम शास्त्रादि से सूचित प्रधान नाम है इस के विशेष रहस्यमय अर्थ का निर्देश अध्याय १३२ के श्लोक १२में हो चुकाहै अतः वहीदेखें । रामरूपः="रामानन्दः स्वयंरामः" इस आगम वचनानुसार प्रत्यक्ष श्रीरामस्वरूप वाले । राममन्त्रार्थ वित्=श्रीरामजी के सभी मन्त्रों के वास्तविक अर्थोंको जानने वाले । कविः=सर्वदा वेदादि शास्त्रों का विचार करने वाले । राममन्त्रप्रदः=तारक षडक्षर श्रीरामजी के मन्त्रों को लोकोपकारार्थ शरणागतोंको देने वाले।रम्यःअतिरमणीयस्वरूप वाले। राममन्त्र रतः-सर्वेश्वरश्रीरामजी के मन्त्रो केचिन्तनमें ही सदातल्लीन रहने वाले।प्रभुः-निग्रहएवं अनुग्रह मेंसमर्थ-सभीकोनियन्त्रणकरने वाले४

योगिवर्यः=योगियो में श्रेष्ठ । योगगम्यः=योगके द्वारा जानेजाने वाले योगज्ञः-योगको जानने वाले:-योगसाधन सदायोग साधना करने वाले योगिसेव्यः=योगिजनों से सेवित-सेवा करने योग्य । योगनिष्ठः=योग में सदास्थिर रहने वाले । योगात्मा= योग के आत्मा–तत्त्व स्वरूप । योगरूपधृक्= योग के लक्ष्यभूत तत्त्व स्वरूपको धारणकरने वाले ॥५॥

सुशान्तः=अतिशान्त रूप वाले । शास्त्रकृत्=उपनिषदों गीता एवं ब्रह्म सूत्र में आनन्द भाष्य एवं श्रीवैष्णवमताब्ज भास्कर प्रभृति सर्वोत्कृष्ट शास्त्रों का निर्णय करनेवाले । शास्ता= अधर्माचरण वालों को शासितकर सन्मार्गमें लगाने वाले शत्रुजित्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

समयज्ञः शमी शुद्धः शुद्धधीः शुद्धवेषधृक् ॥६॥
महान् महामतिर्मान्यो वदान्यो भीमदर्शनः ।
भयहृद्भयकृद्भर्ता भव्योभवभयापहः ॥७॥
भगवान् भूतिदो भोक्ता भूतेज्योभूतभृद्विभुः ।

–काम क्रोध लोभ मोह मद एवं मात्सर्य रूप शत्रु या वेद मार्ग विरुद्धाचरण वाले नास्तिरूप शत्रुओं को जीतने वाले । शान्तिरूपधृक्=शान्ति स्वरूपको धारणकरने वाले । समयज्ञः= पूजा आराधना मान अपमान में समान स्वरूप से रहने वाले। शमी=इन्द्रिय संयमनशील सभी इन्द्रियों को वशमें रखने वाले । शुद्धः=पवित्र अन्तः करण वाले । शुद्धधीः=विशुद्ध बुद्धि वाले। शुद्धवेषधृक्=आगमादि धर्मशास्त्र सम्मत विशुद्ध काषाय परिधान को धारण करने वाले ॥६॥

महान्=सर्वोत्कृष्ट स्वरूप वाले । महामतिः=महाबुद्धिशाली । मान्यः सर्वमाननीय व्यक्तित्व वाले । वदान्यः=उदार दयालु सर्वदा तत्त्वज्ञान दानकार्योंमें संलग्नरहने वाले। भीमदर्शनः असत् आचरण वालोंके वास्ते भयानकदर्शन वाले भयहृत् शरण में आये साधकों के भयको सदा के लिये हरण कर निर्भय करने वाले । भयकृत्=श्रीवैष्णव धर्म विरुद्ध सनातन धर्मविरुद्ध आचरण वालों को भय प्रदान करने वाले । भर्त्ता शरणापन्न साधकों का भरण पोषण करने वाले । भव्यः=अति दिव्यमान स्वरूप वाले । भवभयापहः=जन्म मृत्युरूप संसार के भय को अपहरण करने वाले ॥७॥

भगवान् उत्पत्ति प्रलय अगति गति विद्या एवं अविद्यारूप छ प्रकार के ऐश्वर्यों से सम्पन्न । भूतिदः= ऐश्वर्यों को देने वाले । भोक्ता= शरणापन्न जनों के कष्टों को अनुग्रह रूपसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्ञातज्ञेयोऽतिगंभीरो गुरुर्ज्ञानप्रदो वशी ॥८॥
अमोघोऽमोघदृगूदान्तोऽमोघभक्तिरमोघवाक् ।
सत्यः सत्यव्रतः सभ्यः सत्प्रियः सत्परायणः॥९॥
सुसिद्धः सिद्धिदः साधुः सिद्धिभृत सिद्धिसाधनः ।

हरणरूपतया भोगकरने वाले। भूतेज्य:=सभीप्राणियों से पूजनीय। भूतभृत् भूतों प्राणिवर्गों का भरण पोषण करने वाले । विभु:=सर्वव्यापक । ज्ञातज्ञेय: । जानने योग्य श्रीरामतत्त्व के पूर्णज्ञाता वाले। अतिगम्भीर:=अतिगम्भीर—धीर । गुरु:—लोगों के अज्ञाना रूप अंधकार को दुर कर उन्हे ज्ञानरूप प्रकाश को प्रदान करने वाले । ज्ञानप्रद:=श्रीरामतत्त्वरूप मोक्ष साधन भूत परम ज्ञान को देने वाले । वशी=अपने इन्द्रिय संकुल को नियन्त्रित कर शास्त्रों की आज्ञा के वश में रहने वाले ॥८॥

अमोघ:=अचूक- निष्फल न होने वाले । अमोघ दृक् सफल दृष्टि वाले । दान्त:=सर्व इन्द्रियों को वशमें रखने वाले अमोघभक्ति:=सफल भक्ति वाले। अमोघवाक्=सभी प्रकारों से सफल वाणी वाले।सत्य:-सत्यव्रतसत्यस्वरूप।सत्यव्रत:=सत्य आचरण वाले । सभ्य: सभीप्रकार के सत्य निर्णायक सभा के योग्य सम्मानित कुल में उत्पन्न ईमानदार व्यक्तित्व वाले। सत्यप्रिय: सत्य पदार्थों तत्त्वों को प्रियमानने वाले । सत्परायण:=सर्वदा सत्य मार्ग काही आश्रय=ग्रहण करने वाले ॥९॥

सुसिद्ध: सिद्धि प्राप्तजनोमें अतिप्रसिद्धि प्राप्ति किये हुये। सिद्धिद:=सिद्धि देने वाले साधु:=दूसरो के कार्यों का उपकार स्वरूपतया साधन करने वाले । सिद्धिभृत्=सिद्धि को धारण करने वाले । सिद्धिसाधन:=सिद्धिओं का साधन करने वाले सिद्धसेव्य:=सिद्धव्यक्तिओंसे सेवा करने योग्य। शुभकर:=कल्-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सिद्धसेव्यः शुभकरः सामवित्सामगोमुनिः ॥१०॥
पूतात्मा पुण्यकृत्पुण्यः पूर्णः पूर्तिकरोऽघहा ।
अर्च्योऽर्चकःकृतीसौम्यः कृतज्ञःक्रतुकृत्क्रतुः ११
अजय्यः शीलवान् जेता विनेता नीतिमान् स्वभूः ।

याण को करने वाले । सामवित्=सामवेद को जानने वाले । सामगः=समका गान करने वाले । मुनिः=वेदधर्म शास्त्रादि के तत्त्वों का मनन करने वाले ॥१०॥

पूतात्मा=पवित्र अन्तः करण वाले । पुण्यकृत् पुण्य कर्मों को करने वाले । पुण्यः=पवित्र स्वरूप वाले । पूर्णः=आचार विचार बल बुद्धि विद्या आदि सभी प्रकार के वैभव से परिपूर्ण स्वरूप वाले । पूर्तिकरः=साधकों के अधुरे कर्मों को पूर्णकरदेने वाले । अघहा=पापोंको नाश करने वाले । अर्च्यः=सभी जनों से पूजनीय। अर्चकः=स्वेष्ट देव सर्वेश्वर श्रीरामजी की पूजा करने वाले । कृती=कृतकार्य आचरण करने योग्य सभी कार्यों को सम्पादन किये हुये महान् भाग्यशाली । सौम्यः अति आकर्षक सुन्दर शरीर वाले । कृतज्ञः-दूसरे को किये थोडे से कार्य काभी महान् उपकार मानने वाले।क्रतुकृत् श्रीरामयागादि अनेक प्रकार के यज्ञों को सम्पादन करने वाले । क्रतुःयज्ञ स्वरूप वाले ।११

अजय्यः किसी से भी नहींजीते जाने वाले-अविजीता। शीलवान् सत् आचरण के स्वभाव वाले । जेता =कामक्रोधादि सभी शत्रुओ को जीतने वाले । विनेता=सभी जीव वर्गों को सत् पथ की और लेजाने वाले । नीतिमान्=अच्छीनीति से शोभित होने वाले । स्वभूः= स्वयं व्यक्त होने वाले अन्य कारण रहित स्वयं प्रकट अकारण पर पुरुष । वाग्मी शास्त्र सम्पत सुन्दर एवं मधुर बोलने वाले । श्रुतिधरः=समस्त श्रुति वेदो को धारण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाग्मीश्रुतिधरःश्रीमान् श्रीदःश्रीनिधिरात्मदः।१२।
सर्वज्ञः सर्वगः साक्षीसमः समदर्शि: सदृक् ।
सुभज्ञः सुभदः शोभी शुभाचरः सुदर्शनः ॥१३॥
जगदीशो जगत्पूज्यो यशस्वी द्युतिमान् ध्रुवः ।
इतीदं कीर्तितं यस्य नाम्नामष्टोत्तरं शतम् ॥१४॥

करने वाले । श्रीमान् श्रीलक्ष्मी प्रभृति ऐश्वर्य से युक्त रहने वाले । श्रीदः श्री ऐश्वर्यादि को देने वाले। श्रीनिधिः=श्रीस्व रूपनिधि खाजाने वाले। आत्मदः=आत्मा को देने वाले साधको को अपनी आत्मा को प्रकटित करदेने वाले ॥१२॥

सर्वज्ञः=पदार्थोंको या अन्यसभी तत्वों को जैसाहै वैसा यथार्थ रूपसे जाननेवाले । सर्वगः=स्वर्ग मर्त्य पातालादि सभी जगह जाने वाले । साक्षी=सभी शुभाशुभ कर्मों के सत्यापन करने वाले प्रत्यक्ष द्रष्टा । सभः=सभी जीववर्गमें समान रूपसे व्यवहार करने वाले । समदर्शिः=भेदभाव रहित होकर सभी में समान दृष्टि रखने वाले । सदृक्पक्षपात रहित होकर सभी की समान रूपसे पूजा करने वाले । शुभज्ञः=सभी शुभतत्वों को जानने वाले । शुभदः=सभी को कल्याणकारी पदार्थ को देने वाले । शोभी=अपने पुण्यकृति के प्रभाव से स्वतः शोभित होने वाले। शुभाचार:=कल्याणकारी आचरण वाली । सुदर्शनः=मनो हारी–आकर्षक दर्शन वाले ॥१३॥

जगदीशः=जगत्–संसार को नियन्त्रित करने वाले मालिक । जगत्पूज्यः=संसार के पूजनीय । यशस्वी विशाल कीर्ति यश वाले । द्युतिमान्=प्रकाश वाले एवं ध्रुवः=निश्चल किसी भी प्रकार के उपद्रवों से विचलित नहीं होने वाले इस पूर्वोक्त प्रकार से जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी के एक सौ आठ नाम हैं ॥१४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अधीयीताथ शृणुयाद्यश्चापि परिकीर्तयेत् ।
अव प्नुयाच्छ्रियं लोके विपुलां श्रद्धयायुतः ॥१५॥
अर्चेत् स्तवेन यो नित्यमुपचारैः सुसम्भृतैः ।
अनेन विधिवत्तस्य प्रसीदेत् स गुणाकरः ॥१६॥
तस्मिन् देवे प्रसन्ने तु न किञ्चित्तस्य दुर्लभम् ।
इहलोके परत्रापि जगदीशे जगद्गुरौ ॥१७॥
श्रद्धया माघमासे ऽर्चेत् सप्तम्यां तु विशेषतः ।
सम्वत्सरार्चनाज्जातमाप्नुयात्फलमुत्तमम् ॥१८॥

मुनिवर सुतीक्ष्णजी ? जो साधक श्रद्धायुत होकर पूर्व वर्णित आचार्यजी के एक सौ आठ नामों का अध्ययन करेगा श्रवण करेगा या श्रद्धा से कीर्तन नरेगा वह लोकमें विपुल ऐश्वर्य को प्राप्त करेगा ॥१५॥

श्रद्धा से सम्पादित सुन्दर पूजा सामग्री से जो साधक इन एक सौ आठ दिव्य नाम रूपस्तव से विधिवत् नित्य पूजा करेगा उसके ऊपर वात्सल्य कारुण्य आदि गुणों के स मुद्र वे जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजीं प्रसन्न होंगे ॥१६॥

देव-श्रीराम स्वरूप जगत् के ईश्वर एवं जगत् के गुरु जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी के प्रसन्न होने पर उस साधक पूजक पुरुष के लिये इस लोक एवं परलोक में भी कोई पदा र्थ दुर्लभ नहीं यानी वाञ्छित सभी पदार्थ सुलभ होंगे ॥१७॥

जो साधक वर्ग आचार्यजी की अवतार तिथि माघकृष्ण स प्तमी के दिन विशेष आयोजन के साथ श्रद्धा के साथ पूर्व वर्णित विधान से आचार्यजी की पूजा करेंगे उन्हे वर्ष भर में पूजा करने से जो फल प्राप्त होता है वही उत्तम फल प्राप्त होगा ॥१८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रद्धालवे सुशीलाय गुरुभक्तियुताय च।
प्रदिशेद्ब्रह्मनिष्ठाय वेदव्रतंरताय च ॥१९॥
गोगनीयमिदं सद्भिः सदासर्वप्रयत्नतः।
न देयं नास्तिकायाथनिन्दकाय गुरुद्रुहे ॥२०॥
सुपूजितेष्टप्रदपादपङ्कजःसमर्चकानां विदधातु मङ्गलम्।
सतामजस्त्रंजगदीश्वरोहरिर्यथाश्रितोऽसौकलिकल्पपादपः२१

श्रीसुतीक्ष्ण जी ज.गु,श्रीरामानन्दाचार्यजीकेदिव्य कथा काउपदेश श्रद्धावालेसुशीलएवं गुरुभक्तऔरब्रह्मनिष्ठ-श्रीरामचन्द्रजीमेंभदृढश्रद्धा वाले एवं वेद प्रतिपादित व्रतों के आचरण में तत्पर साधकों को ही उपदेश करें अश्रद्धावानों को नहीं ॥१९॥

सज्जनो को चाहिये कि इस आचार्यश्री के अवतार कथा का प्रयत्न पूर्वक रक्षण करे—सुरक्षित रखे एवं नास्तिक निन्दक तथा गुरु जनो के द्रोही जनों को इसका उपदेश न करे२०

जैसे कल्प वृक्ष आराधक की आकांक्षाओं को पूर्ण करता है वैसे ही कलियुग रूस अल्पवृक्ष-जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजीकी आराधना करने वाले साधकको वाञ्छित फल प्रदान करने वाले श्रीचरण कमल के सविधि आराधित होने से पाप हारक जगदीश्वर श्रीराम स्वरूप आचार्यजी आराधक की सभी मंगल कामनाओं को निरन्तर पूर्णक्रिया करें॥२१॥

ये संसार में प्रसिद्ध आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी जो कि तपश्चर्या-सर्वेश्वर श्रीरामजी को आराधना जयन्ती उत्सव आदि के प्रसूति प्रवर्धक प्रचारक प्रसारक हैं तथा दया दाक्षिण्य सौलभ्य सौशिल्य आदि अगणित गुणों के आकर हैं एवं सत् चरित वाले हैं तथा कान्यकुब्ज ब्राह्मण श्रेष्ठ तीन प्रवर वाले शुक्ल यजुर्वेद माध्यदिन शाखा के अ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विराजतेऽयं तपसां प्रसूतिर्गुणाकरः सच्चरितोद्विजार्यभूः।
ससज्जनाऽग्र्याभिश्रुतोवसञ्वदोबृहद्व्रतश्चारुनृपावलीडितः२२

इति श्रीअगस्त्यसंहितायां भविष्यखण्डे अगस्त्य सुतीक्ष्ण सम्बादे श्रीरामानन्दाचार्याष्टोत्तरशतनामार्चन महात्म्य वर्णनं नाम पञ्चत्रिंशोत्तर शततमोऽध्यायः

卐 १३५ 卐

卐 श्रीरामार्पणमस्तु 卐

ध्येता श्रीपुण्यसदन शर्माजी के पुत्ररत्नके रूपमें सम्वत्१३५६ माघकृष्ण सप्तमी को प्रकट हुये हैं और सन्त एवं सज्जन शिरोमणियों में अति विश्रुत-संवर्णित कीर्ति वाले हैं तथा मनोहारी आकर्षक वाणी वोलने वाले हैं और श्रेष्ठ राजाओं के समूह से सदा सेवित हैं एवं नैष्ठिक ब्रह्मचारि के रूप से हि श्रीवैष्णव सन्यास ग्रहण कर श्रीवैष्णव धर्म चक्र को संसार में प्रवर्तित किया है संसार में सर्वोत्कर्ष रूपसे विराजमान हैं ॥२२॥

विक्रमे माघकृष्णस्य सप्तम्यां समजायत ।
रसेषुरामब्रह्माब्दे रामानन्दः स्वयं प्रभुः ॥
नेत्राग्निबाणेन्दुयुते रामानन्दो हि विक्रमे ।
चैत्रशुक्लनवम्यायां साकेतमगमत्प्रभुः ॥

इत्यानन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठसिंहासनासीन

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रामेश्वरानन्दाचार्य

卐 प्रणीत 卐 प्रकाशः 卐

卐 श्रीरामः शरणं मम 卐

卐 श्रीमते रामानन्दाचार्याय नमोनमः 卐

श्रीरस्तु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीराम जी ?

श्रीरामानन्द सम्प्रदाय के कर्णधारों से (२)

ले० म. म. स्वामी रामावतारदासजी (रत्न)
वेदान्तपीठ–अहमदाबाद–२

अभी कुछसमय पहले मैने एक चोपानिया (चारपेज) प्रकाशित कर उन सभी सम्प्रदायनिष्ठ महानुभावो की सेवा में भेजा था जिन्हे मैं जानताथा या जिनका पता मेरे पासथा।

जिसका मुख्य उद्देश्य यह जानकारी देनाथा कि श्रीरामानन्द सम्प्रदाय अनादि, वैदिक एवं विशाल है इस परम्परा में कहीं कोई दोष नहीं है। श्रीरामानन्दसम्प्रदाय की वैदिकता अखण्डताएवं परम्परा पर कहीं कोई दोष नहीं लगा सकता और जिन्होने लगानेका प्रयत्न किया उनका प्रमाणीक एवं तत्थ पूर्ण उत्तरों के द्वारा तुरन्त उनकी बोलती बन्दकर दी गई। इसके उपरान्त उस प्रकाशन में यह भी निर्देश दिया गया था कि भविष्य में भी कोई आपके प्रिय सम्प्रदाय में दोष लगाने का दुःसाहस करे, तो उसके लिए श्रीमठ स्मारिका समीक्षा,, जगदगुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ पत्रिका में प्रकाशित तात्विक लेखों एवं श्रीरामानन्द सम्प्रदाय के उत्तरार्ध –पूर्वाध इतिहास एवं आचार्य पीठ अहमदाबाद ७ से प्रकाशित अन्य श्रीसीताराम तत्त्व प्रकाशन परक ग्रन्थों का अध्ययन कर उन सभी का मुह तोड उत्तर दीजिए।

यद्यपि वह मेरा सामान्य मार्ग दर्शन रूप प्रकाशन सम्प्रदाय प्रेमियों को अत्यन्त्य प्रिय लगा एवं देश के विभिन्न प्रान्तो से कई महानुभावों के पत्र आए' एवं कितने ही स्वसम्प्रदाय निष्ठ महानुभावो ने कुछ जानने समझने के लिए जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ अहमदाबाद७ से सम्पर्क स्थापित किया। जिसकी सूचना इस पत्रिका के पाठकों को यत्र–तत्र मिलती भी रही।

परन्तु यह कुम्भकर्णीय निद्राग्रस्त सम्प्रदाय शायद अभी भी पूर्ण रूपेण जागा नहीं है अन्यथा सम्प्रदाय के अनादि वैदिक सिद्धान्त एवं भाष्यो को निरर्थक सिद्ध करने का दुःसाहस पूर्ण प्रयत्न करने वाले के प्रति क्या अभी तक सारा सम्प्रदाय सुषुप्त अवस्था में ही रहता ? दिन में ही तारे नहीं गिना देता ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और इस तत्थ को भी उजागर कर समाज के सामने लेआने का एक मात्र श्रेय जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ पालडी को हीं जाता है ।

हिमालय से कन्याकुमारी तक फैले इस विशाल सम्प्रदाय में स्थानों के अधिपति द्वाराचार्य गाद्याचार्य श्री महन्त मण्डलेश्वर यहाँ तक की श्रीरामानन्दाचार्य पद के लिए तो झगडे हरिफाइयां तों अपने-अपने गुट या रोले के अस्तित्व रखने से सम्वन्धित होती हैं । पर जबकोई पूरे सम्प्रदाय परही आक्षेप लगाने का कुप्रयास करता है तो उनका वह गुट या रोला या वह स्वयं (जिसका वह अधिपति है) कोई कुछ नहीं कहता आचार्य पीठ पालडी तथान्य कतिपयव्यक्ति को छोड सभी चुप-शायद संसार के इतिहास में इतने बडे विशाल सम्प्रदाय की इतनी बडी हास्यास्पद स्थिति कहीं नहीं है-किमाश्चर्यमतः परम् ।

याद रखिये "मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना" के अनुसार हमारी आवान्तर परम्परा अलग हो सकती है विचार धारा अलग हो सकती है परन्तु हमारी आनादि वैदिक प्रामाणिक सिद्धान्त एवं भाष्यों में सभी सम्प्रदायाभिमानियों का मतैक्य है । जिनकी इनमें आस्था नहीं वह चाहे सम्प्रदाय के कितने ही ऊचें सिंहासन में विराजमान क्यों न हो उसकी कोई कीमत नहीं ।

सम्प्रदायाभियानियों के दृष्टीकोण में राष्ट्र समाज एवं सम्प्रदाय का प्रथम स्थान होता है । तत् पश्चात् व्यक्ती का ।

जैसाकी ऊपर लिखा जा चुकाहै कि सम्प्रदाय रक्षा की अत्यधिक जागरुक संस्था जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य पीठ पालडी गुजरात ने ही सर्व प्रथम श्रीरामानंद सिद्धान्त चन्द्रिका में लिखित अनर्गल सिद्धान्त प्रलाप के विरोध का बीडा उठाया ।

परन्तु कुछ प्रसन्नता का विषय अवस्य है कि अब शायद सम्प्रदाय में व्यापक चेतना का संचार हो रहा है क्योंकि पत्रिका में कुचक्र चक्र स्फोट प्रकाशन के साथ ही कई पत्र एवं व्यक्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गत सम्पर्क के द्वारा श्री सम्प्रदाय निष्ठ महापुरुष अपनी अपनी चिन्ता व्यक्त करते हुऐ दीख रहे हैं ।

सर्व प्रथम स्वामी श्री भगवदाचार्य आश्रम के संस्थापक स्वसम्प्रदाय निष्ठ कर्मवीर स्वामी श्रीरामकुमार दासजी महाराज ने जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ पत्रिका में इस समाचार के प्रकाशित होते ही अयोध्या ज० गु० श्री हर्याचार्य जी एवं श्रीलक्ष्मणकिलाधीशजी आदि महापुरुषों के पास पत्र लिखकर इस विषय में कुछ करने की प्रार्थना की।

लेखक से बातचीत के दौरान अपने जगद्गुरु पीठ पत्रिका की जागरुकता की प्रशंसा की तथा१००१ एक हजार एक इस सन्दर्भ में सम्भवित व्यय में अग्रिम सहायता के रूप में प्रदान किए तदर्थ आपको धन्यबाद । स्मरण रहे श्रीमठ स्मारिका समीक्षा प्रसंग में आचार्य पीठ ने समीक्षा प्रकाशन में पचासों हजार रुपये खर्चकिए एवं श्रीरामानन्द सम्प्रदाय के सु व्यवस्थित इतिहास की प्रामाणिक जानकारी के साथ सम्पन होने वाली स्मारिका ग्रन्थ का प्रकाशन एवं हिन्दी संस्कृत दो टीकाओं के साथ मुद्रित होरहे आनन्द भाष्य को बीच में ही रोक देना पडा अभी वह कार्य पुनः प्रारंभ हो कर आगे बढा ही था की फिर यह दूसरा व्यवधान आ गया इस कुचक्र चक्र को चकनाचूर किये बिना आचार्य पीठ कैसे आगे बढेगा ?

जबतक विशाल समाज में भिन्न भिन्न व्यक्तियों के मत मतान्तरो व्यक्ति निष्ठा के अस्तित्व का प्रश्न है सभी का मतैक्य होना स्वाभाविक नहीं परन्तु अपनी मूल आस्था पर ही कदाक्षेप होतो स्वाभिमानी व्यक्ती आक्षेप स्वीकार नहीं कर सकता ।

इस दृष्टीकोण से कर्मवीर जी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्हे हमारि कई साम्प्रदायिक उत्कर्ष के निर्णयों से मतैक्य न होने पर भी श्री सम्प्रदाय के सजग प्रहरियो के प्रति अपनी सम्प्रदाय निष्ठा बताई यह प्रसंग हम सभी सम्प्रदाय प्रेमियों के लिए अनुकरणीय हो अस्तु ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीराम ?

भव्यतम श्रीरामानन्दाचार्य जयन्ती समारोह

लेo मं. श्रीनारायणदासजी ओढव

कर्णावती (अहमदाबाद) में श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्डल के सत्प्रयत्न से ता- २६-१-९२ रविवार को स्थानीय सन्त महन्त एवं भाविक भक्तों द्वारा भारी हर्षोल्लास के साथ आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी की ६९२वीं जयन्ती मनाई गई ।

यहाँ के प्रख्यात स्थान श्रीरामानन्द कोट में दिन दो बजे वेदोक्तमन्त्राच्चार के साथ आदि श्रीरामानन्दाचार्य जी महाराज का पूजन आनंदभाष्य सिंहासनासीन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य स्वामी श्रीरामेश्वरानन्दाचार्य जी महाराज के द्वारा सैकडों सन्त महन्तो एवं भक्तों के वीच प्रारंभ हुआ, तत् पश्चात् आपके द्वारा श्रीसीतारामजी, श्रीहनुमतलालजी, एवं चरण पादुका पूजन सम्पन्न हुआ । इसके पश्चात् आगन्तुक सन्त महन्त, भक्तों द्वारा आचार्या श्री का पूजन वन्दन, एवं आरती के वाद यहाँ से हाथी वेन्ड 'ट्रेक्टर, मोटर कार भजन मंडली के साथ भव्य जुलूश करीब ४ किलो मीटर की यात्रा तय करता हुआ श्रीजगदीशमन्दिर पहूंचा । स्थानीय जग विख्यात गौ सन्त सेवी इस स्थान में आचार्य श्री की अध्यक्षता में महामण्लेश्वर दिगम्बर तडाधीय मं· श्रीजयरामदासजी महाराज, श्रीरामानन्द विरक्त मण्डल के प्रधान अध्यक्ष मं. श्री स्वामी शिवरामदासजी महाराज महामंत्री श्रीरामावतारदासजी (रत्न) महामण्लेश्वर शियारामदासजी महाराज श्री महन्त नन्दरामदास जी महाराज निर्मोही अनी अखाडा जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठ व्यवस्थापक स्वामीसीतारामाचार्यजी विद्वानवर्य श्रीरामसकलदासजी शास्त्री मं. श्रीरामलखनदासजी सोला आदि के सार गर्भित प्रवचन हुये ।

आचार्य श्री के स्व रचित "जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्या" (श्रीरामानन्दाचार्यादिग्विजय) एवं 'श्रीरामानन्दाचार्या जन्मोत्सवकथा' का सार संकलन रूप महत्वपूर्ण मननीय प्रवचन के पश्चात् कुशल कार्य कर श्रीमहेन्द्र झा ने आभार प्रवचन में सभीका आभार मानते हुये श्रीरामानन्द सम्प्रदाय के महानुभावों की सम्प्रदा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

य के कार्यों के प्रति उदासीनता की चर्चा के साथ चिन्ता व्यक्त की करीब सभी वक्ताओं ने इस समारोह को वर्षोवर्ष विशाल बनाने, एवं श्रीरामानन्दाचार्यजी महाराज का सिद्धान्त जन जन तक पहूंचाने के कार्य क्रम को गतिशील बनाने पर जोर दिया। तथा करीब सभी वक्ताओं ने श्रीरामानन्द विरक्त वैष्णव मण्ल के प्रधान अध्यक्ष स्वामी श्रीशिवरामदासजी महाराज एवं महामंत्री मं. श्रीरामावतारदासजी (रत्न) के द्वारा आयोजित इस कार्य क्रम के लिये उनकी प्रसंसा की। तथा दिगम्बर तड एवं श्रीपंचखाखी तड नें तो जयन्ती के लिए खर्च होने वाली राशी पर मण्डल को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। स्वामी श्री शिवराम दासजी महाराज ने आए हुऐ सन्तों का श्रीरामानन्द कोट में भगवत प्रसाद एवं भेट पूजा से भी सम्मान किया।

ज्ञातव्य है, कर्णावती नगर भारत का वह स्थान है जहाँ अयोध्या वृन्दावन चित्रकूट आदि तीर्थो को छोड कर श्रीरामानन्द सम्प्रदाय के सब से अधिक स्थान है।

श्रीरामानन्द वेदान्त, श्रीरामानन्द साहित्य का सर्वाधिक प्रचार प्रसार का गौरव भी इसी नगर को प्राप्त है। यहाँ के निर्णयो का पूरे सम्प्रदाय पर प्रभाव पडता है तो भी सभी मिल कर विशाल पैमाने पर जगदाचार्य जयन्ती का न मनाना वास्तव में सोचनीय विषय था। परंतु स्व सम्प्रदाय निष्ठ श्री मं. स्वामी श्री शिवरामदासजी महाराज ने अपनी महन्ताई के प्रथम वर्ष ही इसे पूरा कर सम्प्रदाय के इतिहास में एक नया अध्याय जोडा जो वास्तव में प्रसंसनीय एवं अनुकरणीय है।

यहाँ यहा ज्ञातव्य है कि प्रति वर्ष की भांति ज.गु.श्रीरामानन्दाचार्य पीठ पोलडी में जगद्‌गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रामेश्वरानन्दाचार्यजी की अध्यक्षता में जयन्ती समारोह, पूजन, अर्चन, प्रवचन एवं 'श्रौतार्थसंग्रहः' 'आनन्दभाष्यम् विषय में आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया एवं आचार्य श्री से पुरस्कृत हुये एवं सूरयु मन्दिर प्रेम दरवाजा आदि में भी आरती पूजा के साथ सानन्द सम्पन्न हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

卐 श्री रामकृष्णाभ्यां नमः 卐

महाकुम्भपर्व शाहीस्नान उज्जैन [अंकपात]

मुख्य स्नान

प्रथम स्नान चैत्र पूर्णिमा दिनांक १७–४–९२ शुक्रवार
द्वितीय स्नान अक्षय तृतीया दि.५–५–९२ मंगलवार
तृतीय स्नान वैशाख पूर्णिमा दि. १६.५.९२ शनिवार

निवेदक श्रीमहन्त श्रीनन्दरामदासजी
अ०भा० पंच निर्मोही अनी अखाड़ा अहमदाबाद

"नैतं युक्तियुतं मतं खलुविशिष्टाद्वैनकं यस्य सः"
卐 श्रीमद्भगवतेरामानन्दाचार्याय नमः 卐
"श्रीरामानन्द सिद्धान्त चन्द्रिका" के सन्दर्भ में

श्रीमठकाशीपीठाधीश्वर ज.गु.श्रीरा.स्वामीश्रीहर्याचार्यजी

श्रीहरिधाम गोपाल मन्दिर रामघाट अयोध्या का सन्देश——

जब कि सत्य तो यह है कि श्रीसम्प्रदाय (श्रीरामानन्द सम्प्रदाय) श्रीरामानुज से प्राचीन है और श्री विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त हमारे ही पूर्वाचार्य भगवान् श्री बोधायनाचार्य द्वारा अनुमोदित है यही हमारी पावन परम्परामें सर्वमान्य है। इसे किसी सम्प्रदाय विशेष का अन्धानुकरण कहना अपने पूर्वाचार्यों के प्रति असीम अपराध तथा श्रीवैष्णव जगतमें एक दाह उत्पन्न करना है। ऐसे कल्पित मतों लेखों द्वारा इतिहास कारों को भ्रम पैदा हो जायगा और नये नाम धारी आचार्य रोज एक नया सिद्धान्त देकर इस अनादि वैदिक श्री सम्प्रदाय की महिमा को छिन्नभिन्न करदेंगे जिसके फल स्वरूप हमारा सिद्धान्त एक गुड्डा गुड्डी का खेल मात्र रह जायगा तथा श्रीरामानन्द सम्प्रदाय सिद्धान्त विहीन होकर दिग्भ्रमित हो जायेगा।

अतः हम समस्त श्री अयोध्यावासी रामानन्दीय श्रीवैष्णव जन भगवान् श्रीरामानन्दाचार्य प्रणीत "प्रस्थान त्रयानन्द भाष्य" आदि ग्रन्थ तथा विशिष्टाद्वैत सिद्धान्तको ही मान्यता देते हुए उपर्युक्त आधुनिक कल्पित एवं निराधार "श्रीराघव कृपा भाष्य" का सामूहिक बहिष्कार करते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आनन्दभाष्यसिंहासनासीन

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रामेश्वरानन्दाचार्यजी

आगामी सिंहस्थ महाकुम्भ पर्व उज्जैन में पधार रहे हैं। 'जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठ' शिविर की विशेष रूप से साज सज्जा की जा रही है। विशेष विवरण पुनः।

सम्पर्कसूत्र

व्यवस्थापक

वेदान्तापीठ--श्रीरामजी मन्दिर
फोन ३४०६६५
शारंगपुर-अहमदाबाद ३८०००२

म. म. स्वामीरामावतारदासजी (रत्न)
जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठशिविर
खाकचौक—अंकपात
उज्जैन

वार्षिक--निबन्ध—सूची

१–१–श्रीरघुवररामानन्दपञ्चाङ्ग ले० श्रीशरच्चन्द्रशास्त्री
२–ज. गु. श्रीरामानन्दाचार्यरामेश्वरानन्दाचार्यमंगलम्–स्वामीसीतारामाचार्य
३–गीता का आनन्दभाष्य–दर्शनकेसरी श्रीवैदेहीकान्तशरणजी
२–४–दर्शन शास्त्र और भाषा ,, ,,
५–ब्रह्मसूत्र की अधिकरण परीक्षा ,, ,,
६–फलाधिकरण व्याख्या ,, ,,
७–क्रमागत गीता का आनन्दभाष्य ,, ,,
८–गीता आनन्दभाष्यतत्त्वदीप डा. श्रीमुरलीधर पाण्डेय
९–आनन्दभाष्यम जगद्गुरु श्रीरामेश्वरानन्दाचार्य ,,
३–१०–श्रीसीतोपनिषद्–प्रकाश टीका ,, ,,
११–श्रीवशिष्ठसंहिता–संग्रह प्रकाश टीका ,, ,,
४–१२–श्रीरामानन्दभाष्य एवं श्रीरामानुजभाष्यों की तुलना दर्शनकेसरी श्रीवैदेहीकान्तशरणजी
१३–श्रीवशिष्ठसंहिता–प्रकाश टीक जगदाचार्यजी
५–१४–श्रीरामस्तवराजः भाष्यार्थ–प्रकाश— जगदाचार्यजी
६–१५–श्रीरामतारक मन्त्रार्थ द. के. श्रीवैदेहीकान्तशरणजी
१६–श्रीगुरु पूजा ,, ,,
१७–गीताभाष्यों का तुलनात्मक अध्ययन ,, ,,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

१८–श्रीरामानन्दसम्प्रदाय का स्थान म.मं. श्रीरामावतारदासरत्न
१९· गीताभाष्यों की तुलना द. के. श्रीगौंदेहीकान्तशरणजी
७--२०–भक्तवत्सल श्रीकृष्ण जगदाचार्य जी
२१–गीताभाष्य तुलना दर्शनकेसरीजी
८–२२–तुलनात्मक अध्ययन ,, ,,
२३–श्रीरामानन्द एवं श्रीरामानुजसम्प्रदाय में सैद्धान्तिक भेद ,, ,,
२४–वस्त्र और शस्त्र ,, ,,
२५–वेद में श्रीरामानन्दस.प्र. के नवविधसंबन्ध ,,
२६–श्रीरा.नं. का पञ्चसंस्कार और वेद ,, ,,
२७–अद्वैत परीक्षा ,, ,,
२८–वेद में श्रीरा.नं. सं. की चर्चा ,, ,,
२९–वेदमन्त्रों में ऊर्ध्वपुण्ड्र ,, ,,
३०–गीता व्याख्या ,, ,,
९–३१–ज.गु. श्रीरामप्रपन्नाचार्यजी जगदाचार्य जी
३२–ज.गु. श्रीरा.रामेश्वरानन्दाचार्य ,, ,,
१०–३३–ज.गु. श्रीरामानन्दाचार्य पीठ की ,, ,,
आचार्य परम्परा तथा नियम ,, ,,
३४–इच्छापत्र ज.गु. श्रीयोगिराजजी
३५–आनन्दभाष्य दर्शन केसरीजी
३६–अद्वैतमीमांसा ,, ,,
३७–आनन्दभाष्य नाम में हेतु ,, ,,
३८--भाष्यों में शैली भेद ,, ,,
३९--अधिकरण भेद ,, ,,
४०--सूत्र भेद ,, ,,
११–४१–ज.गु.श्रीरामानन्दाचार्य जी का ,, ,,
संक्षिप्त परिचय जगदाचार्य जी
४२–भाष्यकृतभेद दर्शन केशरीजी
४३–प्रथमविष्णु सूक्तव्याख्या ,, ,,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पञ्जीकरण सांख्या जी. एम् सी. ४५१

४४—अर्थचन्द्रिका रहस्य	,, ,,
४५—श्रीरा. स. के कर्णधारों से	म.मं. श्रीरामावतारदासजी
४६—चक्र	स्वामीसीताराचार्य जी
४७—श्रीरामानन्दाचार्य मंगलम्	जगदाचार्य जी
४८—श्रीरामकीर्तनाष्टकम्	,, ,,
१२–४९—श्रीरामानन्दाचार्य जन्मोत्सवकथा	,, ,,

११२ वाँ पाटोत्सव

श्रीविश्रामद्वारकाधीशजी के नवीन मन्दिर के ११२ वें पाटोत्सव प्रसंग में जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठ श्रीशेषमठ में विगत वर्षो की भांती इस वर्ष में भी अनन्त श्री विभूषित आनन्दभाष्यसिंहासनासीन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रामेश्वरानन्दाचार्यजी की छत्र छायामें विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन दि० ९।२।९२ से १५।२।९२ तक कियागयाहै जिस में श्रीमद्भागवत पारायण–प्रवचन श्रीरामसहायाग जगद्गुरु श्रीअनुभवानन्दाचार्योजी की ५४५ वीं जयन्ती महोत्सव तथा महामहोपाध्याय जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रघुवराचार्य जी वेदान्त केसरी का ४१ वां श्रीसाकेतगमनोत्सव आदि का समावेश है ।

श्रीरामानन्दाचार्यपीठश्रीशेषमठके धर्मप्रचारविभागसेधर्मप्रचारार्थप्रकाशित

मुद्रक—श्रीआनन्दभाष्यमुद्रणालय
आचार्यपीठ
श्रीकोसलेन्द्रमठ पो. पालड़ी, अहमदाबाद ३८०००
पा. सं. प्रति श्री..........

३९७ पुस्तकालय वाल्मीकि अध्ययन संस्थान काठमाण्डू नेपाल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu